सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 5:47

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.4 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81006.61 |
| निफ्टी | 24749.85 |
| सोना 77,890 | चांदी 95,249 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मौनी रॉय ने खूबसूरती से बढ़ाई फैंस की धड़कनें

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 18 अक्तूबर 2024 | 2 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 302, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


# ‘अनंत ज्ञान’ को शांता कुमार ने दी अनंत शुभकामनाएं

## अखबार के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ ने हौसलाअफजाई के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**हिमाचल** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने प्रदेश के तेजी से उभरते हिंदी दैनिक समाचार पत्र ‘अनंत ज्ञान’ का उत्साह बढ़ाया है।

उन्होंने बकायदा एक संदेश जारी कर कहा कि छोटे से प्रदेश में वैसे तो कई हिंदी दैनिक समाचार पत्र हैं, लेकिन बड़ी बात यह है कि ‘अनंत ज्ञान’ ने बहुत कम समय में पत्रकारिता के मूल्यों को स्थापित करते हुए




पाठकों में खासी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि वह बड़े ध्यान से ‘अनंत ज्ञान’ को पढ़ते

### पूर्व सीएम बोले- निष्पक्ष पत्रकारिता के आयाम स्थापित कर रहा ‘अनंत ज्ञान’ अखबार

हैं। उन्होंने खबरों के संपादन पर संतुष्टि जताई। साथ ही कहा, उन्हें इस बात की खुशी है कि यह अखबार पत्रकारिता की गुणवत्ता को कायम रखने में कामयाब हुआ है। उन्होंने हिमाचल से ‘अनंत ज्ञान’ समाचार पत्र प्रारंभ करने के लिए अखबार के मालिक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि ‘अनंत ज्ञान’ पत्रकारिता के आयाम स्थापित करते हुए हिमाचल के समाचार जगत में भविष्य में अपना बढ़िया स्थान बनाएगा।

वहीं, ‘अनंत ज्ञान’ के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ और प्रबंधन ने भी इस हौसलाअफजाई के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार का तहेदिल से आभार जताया है।



शान्ता कुमार
पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री

यामिनी परिसर
पालमपुर - 176061
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
दूरभाष/फैक्स : 01894-230630

17 अक्तूबर 2024

सन्देश

हिमाचल प्रदेश के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में एक नये दैनिक समाचार पत्र के प्रारम्भ होने से समाचार पत्र जगत में एक प्रशंसनीय वृद्धि हुई है। छोटे से हिमाचल प्रदेश में हिन्दी दैनिक समाचार पत्र पर्याप्त संख्या में प्रकाशित होते हैं। पाठकों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

कुछ समय से "अनन्त ज्ञान" नाम से एक नया हिन्दी दैनिक समाचार पत्र प्रारम्भ हुआ है। मैं बड़े ध्यान से उस नये दैनिक समाचार पत्र को पढ़ता रहा हूं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि प्रारम्भ से ही अच्छे और पूरे क्षेत्र के समाचार इस दैनिक में बड़े अच्छे तरीके से सम्पादित होते हैं। प्रारम्भ के कुछ दिनों में ही पत्रिकारिता की इस प्रकार की गुणवत्ता सराहनीय है। आज के युग में समाचार पत्र केवल समाचार देने का काम ही नहीं करते अपितु महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक जनमत बनाने का काम भी करते है।

हिमाचल के समाचार पत्र जगत में इस नये "अनन्त ज्ञान" समाचार पत्र के प्रारम्भ होने के लिए मैं समाचार पत्र के मालिक, सम्पादक और सभी को बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि "अनन्त ज्ञान" हिमाचल के समाचार जगत में भविष्य में अपना बढ़िया स्थान बनायेगा।

(शान्ता कुमार)

पूर्व सीएम शांता कुमार का साक्षात्कार पढ़ें कल

# युद्ध नहीं, बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है दुनिया : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में भाग लिया।



उन्होंने कहा कि दुनिया युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है। दुनिया को शांति के रास्ते पर चलने के लिए बुद्ध की शिक्षाओं से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। मोदी ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। मोदी ने इस अवसर पर बाबा साहेब अंबेडकर को भी श्रद्धांजलि दी, जो दलित समुदाय से ताल्लुक रखते थे लेकिन बाद में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### फिल्म इमरजेंसी को मिला सेंसर सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने सर्टिफिकेट जारी कर दिया है। कंगना को कुछ हफ्ते पहले ही अपनी इस फिल्म की रिलीज स्थगित करनी पड़ी थी। रनौत ने ‘एक्स’ पर लिखा कि हमें अपनी फिल्म ‘इमरजेंसी’ के लिए प्रमाण पत्र मिल गया है।



### शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बांग्लादेश की एक अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने 18 नवंबर तक शेख हसीना को पेश करने का आदेश दिया है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक मोहम्मद तजुल इस्लाम ने यह जानकारी दी।



### पाक जिंदाबाद नारा लगाने वाले आरोपी को जमानत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मई महीने में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें फैसल खान उर्फ फैजान नामक एक युवक को ‘पाकिस्तान जिंदाबाद’ और ‘भारत मुर्दाबाद’ के नारे लगाते हुए देखा गया था। इस मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिसे वीरवार को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फैजान को केस समाप्त होने तक हर महीने के पहले और चौथे मंगलवार को मिसरोद थाना भोपाल में हाजिरी लगानी होगी।

### रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग अब 2 माह पहले

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। पहले टिकट बुकिंग यात्रा से 120 दिन पहले शुरू होती थी, अब इसे घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। नया फैसला 1 नवंबर 2024 से लागू होगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक, एडवांस ट्रेन टिकट बुकिंग के नए नियमों का पहले से बुक किए गए टिकटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की डेडलाइन में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का आया भूकंप




**नई दिल्ली।** गुजरात में कच्छ जिले के कई क्षेत्रों में वीरवार तड़के भूकंप के झटके लगे। भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के खवडा से 47 किलोमीटर दूर था। सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 दर्ज की गई है। भूकंप के झटके लगने से कई क्षेत्रों में दहशत फैल गई। हालांकि, किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में 23 से कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार -पेज 2
- यात्रियों को 30 किलो लगेज पर नहीं देना होगा अतिरिक्त किराया -पेज 3
- महिला और पुरुष 109.52 ग्राम हेरोइन के साथ काबू -पेज 4
- कार्तिक स्वामी ने दी आगामी समय में आपदा की चेतावनी -पेज 11

# अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून असम में वैध

## सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- यह राजनीतिक समाधान था, जो कानून बना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है।

**फैसले पर चार जजों की सहमति एक की असहमति**

वहीं, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई। दरअसल, सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं, वे भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं। हालांकि, 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं। इस कानून पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमने धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को



बरकरार रखा है। हम किसी को अपने पड़ोसी चुनने की अनुमति नहीं दे सकते और यह उनके भाईचारे के सिद्धांत के खिलाफ है। हमारा सिद्धांत है जियो और जीने दो। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए के संबंध में कहा कि किसी राज्य में विभिन्न जातीय समूहों की उपस्थिति का मतलब अनुच्छेद 29(1) का उल्लंघन कदापि नहीं है।

### क्या है सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए

- 1 जनवरी 1966 से पहले असम में प्रवेश करने वाले अप्रवासियों को भारतीय नागरिक माना जाता है।
- 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च, 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले अप्रवासी कुछ शर्तों के साथ नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं।
- 25 मार्च, 1971 के बाद असम में प्रवेश करने वाले अप्रवासी धारा 6ए के तहत संरक्षण के हकदार नहीं हैं। उन्हें अवैध अप्रवासी घोषित किया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा

- असम समझौता बढ़ते प्रवास के मुद्दे का राजनीतिक समाधान था। इसमें जोड़ी गई धारा 6ए कानूनी समाधान था।
- केंद्र सरकार इस कानून को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, क्योंकि वहां असम जैसी परिस्थितियां नहीं थीं। असम में जो लोग आए उनकी संस्कृति पर असम का प्रभाव था।
- धारा 6ए के खिलाफ याचिकाकर्ता ने जो दलील दी कि एक जातीय समूह दूसरे जातीय समूह की उपस्थिति के कारण अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम नहीं है। उन्हें इसे साबित करना होगा। धारा 6ए को केवल इसलिए असंवैधानिक नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसमें रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस निर्धारित नहीं किया गया है। यह गलत है। इसलिए मैं भी इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं, धारा 6ए वैध है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का मामला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर को दो महीने में पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। एडवोकेट गोपाल शंकर नारायण ने जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से यह याचिका लगाई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह इस पर सुनवाई करेंगे। याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद-370 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जम्मू-कश्मीर को जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, मामले में फैसला आने के 10 महीने बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। अनुच्छेद-370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 11 अगस्त, 2023 को आया था।

# नायब सैनी ने 13 मंत्रियों के साथ ली सीएम पद की शपथ

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दिलाई शपथ, पीएम मोदी, शाह व नड्डा भी पहुंचे



**एजेंसी, चंडीगढ़**

**अन्य** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रह समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सैनी ने हिंदी में शपथ ग्रहण की।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सैनी के साथ 13 मंत्रियों अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज, इसराना से विधायक कृष्ण लाल पंवार, बादशाहपुर से विधायक राव नरबीर सिंह, तोशाम से विधायक श्रुति चौधरी, अटेली से विधायक आरती सिंह राव और रादौर से विधायक श्याम सिंह राणा सहित अन्य मंत्रियों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। कैबिनेट में सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और एससी वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम मोदी शामिल हुए।

शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा की नई सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को तीव्र गति से आगे ले जाने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि हरियाणा की जनता ने मोदी सरकार की नीतियों में विश्वास दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को पूरी तरह लागू किया जाएगा।

### हरियाणा सरकार का मंत्रिमंडल

| | | | |
|---|---|---|---|
| नायब सैनी | मुख्यमंत्री | डॉ. अरविंद शर्मा | कैबिनेट मंत्री |
| अनिल विज | कैबिनेट मंत्री | रणबीन सिंह राणा | कैबिनेट मंत्री |
| कृष्ण लाल पंवार | कैबिनेट मंत्री | कृष्ण बेदी | राज्य मंत्री |
| राव नरबीर सिंह | कैबिनेट मंत्री | राजेश नागर | राज्य मंत्री |
| श्याम सिंह राणा | कैबिनेट मंत्री | गौरव गौतम | राज्य मंत्री |
| महिलापाल ढांडा | कैबिनेट मंत्री | श्रुति चौधरी | राज्य मंत्री |
| विपुल गोयल | कैबिनेट मंत्री | आरती सिंह राव | राज्य मंत्री |

# हरियाणा और मथुरा से बिश्नोई गैंग के दो शॉर्प शूटर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पुलिस** ने हरियाणा और मथुरा से बिश्नोई गैंग के दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक शार्प शूटर को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

सुक्खा उर्फ सुखबीर बलबीर सिंह को पनवेल टाउन पुलिस (नवी मुंबई) की टीम ने बुधवार को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा है। सुखबीर ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को खान को कथित तौर पर मारने की सुपारी दी थी। वहीं, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल और मथुरा पुलिस के संयुक्त अभियान में पुलिस की लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा गैंग के एक शूटर के साथ मथुरा हाईवे पर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में शार्प शूटर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शार्प शूटर योगेश 12 सितंबर को दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में जिम संचालक नादिर शाह की हत्या में मुख्य शूटर था। फिलहाल, पुलिस शार्प शूटर से पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस और शार्प शूटर के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान पांच राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने मौके से एक .32 बोर की पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

# जयराम न रुकवाएं, तो प्रदेश को भूभू जोत टनल मिलना तय: सुक्खू

## बोले- सब्सिडी का युक्तिकरण किया, आम आदमी पर नहीं डाला बोझ

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भूभू जोत टनल का मामला प्रधानमंत्री के समक्ष उठाया है। जयराम ठाकुर इस परियोजना को रुकवाने के लिए दिल्ली न जाएं, तो इस टनल का हिमाचल प्रदेश को मिलना तय है।

सीएम सुक्खू ने जोगिंद्रनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंडी-पठानकोट राजमार्ग बीच-बीच में टू लेन था, लेकिन हम पूरी सड़क फोरलेन करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिससे पर्यटन



जोगिंद्रनगर में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

बढ़ेगा। डबल इंजन की सरकार ने वर्ष 2017-2022 तक हिमाचल प्रदेश की संपदा को लुटाया है। भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए विधानसभा चुनाव से पहले 5000 करोड़ रुपए की रेवड़ियां बांट दी और बिजली-पानी फ्री कर दिया। बड़े-बड़े होटलों को भी सब्सिडी का लाभ दिया। वर्तमान सरकार ने सब्सिडी का युक्तिकरण किया, लेकिन आम आदमी पर कोई बोझ नहीं डाला गया है। (अनंत ज्ञान)

# नेरवा में स्कॉर्पियो खाई में गिरी, दो की मौत, दो जख्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** जिले के नेरवा में बुधवार देर रात को एक स्कॉर्पियो गाड़ी खाई में गिर गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को नेरवा में प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी रेफर किया गया है।



यह हादसा नेरवा से लगभग 15 किलोमीटर दूर शामठा टिक्करी मार्ग पर पीपलाह नामक स्थान पर हुआ। मृतकों की पहचान प्रताप हंसटा (38) पुत्र रती राम, तहसील नेरवा और तुना राम (41) बिहाल के रूप में हुई है। दोनों घायल बिहार के हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। चौपाल के डीएसपी सुशांत शर्मा ने कहा कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप है। घायलों का उपचार जारी है।

**रिपोर्ट** रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने किया दावा, भारत चमकता सितारा

# 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## भारत 7.3 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ ‘स्टार’ होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**


**भारत** 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वीरवार को रिपोर्ट में यह दावा किया है। भारत उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं में चमकता सितारा (स्टार) होगा।

हालांकि, एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अगले दशक और उससे आगे के लिए उच्च महत्वाकांक्षाएं हैं। वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। निवेश



एसएंडपी ने कहा कि हमने चीन को छोड़कर 16 उभरती अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया है। इनकी वृद्धि दर इस साल 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 7.3 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ इस मामले में ‘स्टार’ होगा। साल 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देंगे। इस वृद्धि में मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा। इनमें चीन, भारत, वियतनाम और फिलिपीन शामिल हैं।

बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के ‘सरकारी उभरते बाजार बांड सूचकांक’ में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है। एसएंडपी ने कहा कि इंडोनेशिया और ब्राजील क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर होंगे। भारत ने अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर अपने कमजोर राजकोषीय क्षमता को सुधारने के लिए भी कदम उठाए हैं, जिससे दीर्घकालिक वृद्धि को और अधिक समर्थन मिलेगा।



# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### घरयाना गांव के स्कूल में आरंभ की अध्यापन सेवाएं

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने औपचारिक तौर पर सुन्नी के साथ लगते घरयाना गांव को 28 सितंबर गोद लिया। इस दौरान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने घरयाना गांव में चल रहे स्वच्छता अभियान-2024 के अंतर्गत एक स्वच्छता शिविर का आयोजन किया तथा साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय पल्याड़ परिसर में हरा-भरा व सुंदर परिसर अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा विद्यालय परिसर के इर्द गिर्द फुलवारी बनाई गई और नाली की सफाई भी की गई। इस दौरान पल्याड़ स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक पूरा स्टाफ न होने पर भी चर्चा की गई। विद्यालय एक ही अध्यापक के सहारे चल रहा है इस विषय पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मन मोहन एवं प्रोफेसर सुष्मिता ठाकुर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय पल्याड़ के अध्यापक के मध्य चर्चा हुई।

### केंद्रीय छात्र संघ की नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ



**कोटखाई, भरत ठाकुर।** डीएवी कॉलेज कोटखाई में केंद्रीय छात्र संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के में तहसीलदार कोटखाई ललित कुमार उपस्थित रहे। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोशनलाल वशिष्ठ द्वारा मुख्यातिथि को शॉल टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। संघ में कुदरत ने अध्यक्ष, मालविका सूद ने उपाध्यक्ष, ध्रुव चौहान ने सचिव और शर्मा ने सहसचिव की शपथ ग्रहण की। बार सोसायटी की ओर से मनोनीत सदस्य प्रियांशु डोगरा, स्वाति (एनएसएस) परीक्षित, पायल राजटा (सांस्कृतिक) सिमरन, अनुष्का (खेल) तन्मय मेहता, अर्नम को भी शपथ दिलवाई।

### हिमाचल टेनिस क्रिकेट टीम में चयन से चहके लोग



**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** 16 से 19 अक्तूबर तक लखनऊ में चल रही राष्ट्रिय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम में नेरवा तहसील के मानु भाविया गांव के क्षितिज शर्मा का चयन होने से मानु भाविया ही नहीं पूरे नेरवा क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षितिज नेरवा में आयोजित होने वाले फ्रेंड्स क्लब टूर्नामेंट के अलावा प्रदेश की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में खेल कर अपनी टीम जेएमडी मानु भविया को जीत दिलवा चुके है। गत वर्ष नेरवा में आयोजित फ्रेंड्स क्लब टूर्नामेंट में क्षितिज के करिश्माई खेल की बदौलत ही जेएमडी सुपर आठ में पहुंची थी। हिमाचल क्रिकेट एसो. के अध्यक्ष यदुराज चौहान ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें मजबूत आधार प्रदान करना एसो. का लक्ष्य है।

### स्वयंसेवक संघ हाटकोटी खंड ने किया शस्त्र पूजन



**दशमी रावत, जुब्बल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हाटकोटी खंड द्वारा पथ संचालन व शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की यह निरंतर प्रक्रिया पूरे देश भर चलती रहती है।

### कलाकारों ने आपदा प्रबंधन का दिया संदेश

**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संदर्भ में समर्थ 2024 का आयोजन किया जा रहा है! जिसके अंतर्गत प्रदेश में लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समर्थ-2024 के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोंगों को जागरूक किया जा रहा है। वीरवार को भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा के कलाकारो द्वारा आईटीआई चौपाल व झिकनीपुल, स्वर साधना कला मंच के कलाकारों द्वारा रोहड़ू के चिढ़गांव व जांगला और पूजा कला मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से स्थानीय लोगों को भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, आगजनी जैसे विषयों के बारे में जागरुक किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना मेडल से सम्मानित किए कैडेट्स



**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में पिछले 11 अक्तूबर से राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर चला हुआ था। इसका समापन वीरवार को पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान रामस्वरूप भारद्वाज के द्वारा हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया तथा सभी बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना मेडल के साथ सम्मानित किया गया। यूनिट लीडर अभय, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक अथर्व गुलरिया, रितिका एवं अक्षय, सक्षम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा शिविर की विस्तृत रिपोर्ट पटल पर रखी गई। शिविर के दौरान प्रतिदिन बौद्धिक सत्र में पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग के स्रोत व्यक्तियों द्वारा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया गया तथा जिन-जिन लोगों का शिविर में विशेष योगदान रहा उनका हार्दिक धन्यवाद किया गया। पाठशाला प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश भारद्वाज ने इस शिविर के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी और किए गए सभी कार्यों की सराहना की।

### वाल्मीकि जयंती पर स्वयंसेवियों ने निकाली प्रभात फेरी




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चलैहली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सोहन लाल शर्मा सेवानिवृत्त डीएसपी व पूर्व पंचायत प्रधान ने शिरकत की। समापन अवसर की विशेषता यह रही कि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की झांकी निकाल कर प्रभात फेरी आयोजित की गई। प्रभात फेरी में राम भजन तथा महर्षि वाल्मीकि के भजनों का समावेश रहा तथा पूरा परिसर इन भजनों से गुंजायमान हो गया। 7 दिवसीय इस कैंप में स्वास्थ्य विभाग डाक विभाग बैंक तथा आपदा प्रबंधन के बारे में स्वयंसेविओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पधारे इस विद्यालय के अखंड मोती सोहन लाल ने स्वयंसेवियों को सामाजिक विषयों के बारे में जन चेतना फैलाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने विद्यालय को अपनी तरह से 5000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। वहीं, विद्यालय द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

### डंगार में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय निवासी एवं समाज सेविका पूजा महंत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी यशपाल रणौत, नीलम शर्मा, कृषि वोकेशनल अध्यापक लोकेश कुमार को सफल शिविर के संचालन तथा बेहतरीन कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में यशपाल रणौत तथा स्वयं सेवियों ने कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपनी ओर से 5100 रुपए भेंट किए। स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान मनोहर लाल, सदस्य अशोक शर्मा, प्रवक्ता आशा कुमारी, रविंद्र कुमार, बीना कुमारी, रीना वर्मा, नीलम शर्मा, बोहरा राम, निर्मला शर्मा, स्नातक अध्यापक तिलक राज, सुनैना, कर्मचारी, विजय एवं सुमन तथा सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

---

### त्योहारी सीजन व करवाचौथ को लेकर राजधानी में उमड़ा जनसैलाब

# लोअर बाजार, रिज व माल रोड पर बढ़ी रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी में त्योहारी सीजन पर लोगों का जनसैलाब उमड़ा है। यहां पर सैकड़ों पर्यटक घूमने आए है और स्थानीय लोग भी बाजार में भारी मात्रा में सामान की खरीदारी कर रहे हैं। जहां पर्यटक घूमने व सामान खरीदने का आनंद उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोग भी बाजार में काफी ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। सामान खरीदने का खासकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

महिलाएं करवाचौथ को लेकर बाजार में सामान की खरीदारी कर रही है। पर्यटक महिलाएं भी करवाचौथ को लेकर खरीदारी काफी मात्रा में कर रही है। लोअर बाजार शिमला में काफी चहल पहल बढ़ गई है। पति की दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना के साथ सुहागिन महिलाएं करवाचौथ का व्रत रखेंगी। बड़ी संख्या में महिलाएं ज्वेलरी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों में खरीदारी के लिए पहुंच रही हैं। इसके अलावा महिलाएं मनपसंद कपड़ों की भी खरीदारी कर रही हैं। जहां ब्यूटी पार्लर की बुकिंग चल रही है तो वहीं मेहंदी लगवाने के लिए अच्छे डिजाइनर की तलाश की जा रही है। सभी जगह एडवांस बुकिंग महिलाएं कर रही है। वहीं ज्यादा से ज्यादा दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए दुकानदार भी महिलाओं को लुभाने में कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे उन्हें अच्छे-खासे डिस्काउंट ऑफर कर रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि बाजार में काफी अच्छा रूझान है। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में रेडिमेड कपड़ों का भी ट्रेंड बढ़ा है, क्योंकि अगर कोई बिना सिला सूट लेता है तो उस पर ज्यादा खर्चा आता है, क्योंकि एक सूट पर इनर, उसके बाद सिलाई हो जाती है। एक सूट अगर कोई 1500 का लेता है तो वो बनवाने के बाद 600 से 700 रूपए महंगा हो जाता है। इसके अलावा राजधानी में पर्यटक इतने बढ़ गए है कि 4 हजार से अधिक गाड़िया शहर में आ रही है।




**दुकानदार कूट रहे चांदी**

**बाजारों** में इन दिनों दुकानदारों की भी काफी बिक्री हो रही है। दुकानदार महिलाओं से अधिक दाम भी वसूल रहे हैं। करवाचौथ से संबंधित जो भी चिज लगती है उसमें दुकानदार अधिक दाम ही वसूल रहे हैं। दुकानदारों ने भी यही सोचा है कि कमाई करने का मौका भी अभी है, क्योंकि महिलाओं को जो चिज लगती उसे खरीदनी ही पड़ती है।

#### कुफरी में पर्यटक उठा रहे घूमने का लुत्फ

**कुफरी** में भी पर्यटक घूमने का काफी लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटक कुफरी की ओर भी काफी ज्यादा जा रहे हैं। वहीं कालीबाड़ी मंदिर व जाखू में भी पर्यटकों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। पर्यटक मंदिरों के दर्शन करने भी जा रहे हैं।

#### शहर के कारोबारी खुश

**इन** दिनों पर्यटकों की आमद बढ़ने से कारोबारी भी काफी खूश हो रहे हैं। बरसात के दिनों में कारोबार कुछ धीमा पड़ गया था, लेकिन अब होटलों सहित बाजारों में काफी पर्यटक आए है। होटल भी अब लगभग फूल हो रहे हैं। वहीं बाजारों में पर्यटक सामान भी खरीद रहे है, जिससे कारोबार काफी अच्छा चल रहा है।

## गुरुग्राम में सिरमौरी नाटी और सिंहटू नृत्य की धूम



कार्यक्रम में नृत्य करते हुए कलाकार।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

संगीत नाटक अकादेमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित युवा कलाकार गोपाल हाब्बी ने बताया कि 13 से 29 अक्तूबर तक हरियाणा के गुरुग्राम के लेजर वेली पार्क में सरस अजीविका मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में ग्रामीण विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सौजन्य से 15 अक्तूबर को सिरमौर के पझौता क्षेत्र के कलाकारों द्वारा सिरमौरी हाटी की नाटी और सिंहटू आदि नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई।

सरस मेले में सभी राज्यों के लगभग 100 स्टॉल में सोलह स्टॉल हिमाचल प्रदेश के लगे हैं। उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याणी गुप्ता के निर्देशानुसार सिरमौर जिला के कलाकारों ने इस मेले में हाटी की नाटी व आदिकालीन सिंहटू नृत्य की प्रस्तुति देकर गुरुग्राम की जनता की खूब वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मेले के मुख्य मंच पर दीपक, ठोडा, रिहाल्टी गी, मुंजरा, परात, रासा तथा सिंहटू आदि नृत्यों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी।

प्रदेश के मशहूर लोक गायक धर्मपाल ठाकुर व बिमला चौहान के गीतों ने दर्शकों को नृत्य करने के लिए मजबूर किया और दर्शकों ने भी मुख्य मंच पर कलाकारों के साथ खूब ठुमके लगाए।

पच्चीस सदस्यीय कलाकारों के दल में गोपाल हाब्बी के नेतृत्व में लोक गायक धर्मपाल ठाकुर व बिमला चौहान, अनु, आरती, पायल आदि शामिल रहे।

## कलशयात्रा के साथ चीखर में आरंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सतलाई के चीखर के खेल मैदान में वीरवार को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं पंचकुडीय विष्णु महायज्ञ कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। इस आठ दिवसीय महायज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक एवं प्रकांड विद्वान विजय भारद्वाज द्वारा व्यास की भूमिका निभाई जा रही है जिनके द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रोतागणों को श्रवण करवाएंगे।

आयोजक समिति के पदाधिकारी राजेंद्र शर्मा, रवि ठाकुर और रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि इस महायज्ञ में 21 पंडितों द्वारा विभिन्न संस्कारों को करवाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इस महायज्ञ में विभिन्न के संस्कार भी करवाए जाएंगे जिनमें बच्चे का नामकरण, अन्नप्राशन, चूड़ाकरण, कर्णभेद, यज्ञोपवीत, प्रौढ़ विवाह संस्कार, विशेष व्रत उद्यापन जिसमें पूर्णमासी, करवाचौथ, सप्तवारों के व्रत के उद्यापन भी निशुल्क किए जाएंगे।



कलशयात्रा के दौरान मौजूद गणमान्य।

## प्रदेश में 23 से कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में 23 अक्तूबर से कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार है। हालांकि 22 अक्तूबर तक मौसम साफ रहेगा।

विभाग की ओर से विस्तारित रेंज मौसम पूर्वानुमान भी जारी किया गया है। इसके अनुसार 18 से 24 अक्तूबर तक राज्य में सामान्य से लेकर लगभग सामान्य तक वर्षा होने की संभावना है। सप्ताह चंबा और लाहौल-स्पीति के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। 25 से 31 अक्तूबर तक के दौरान राज्य में बारिश सामान्य रहने की संभावना है।

इस दौरान चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू के अधिकांश भागों और शिमला, कांगड़ा के कुछ भागों में हल्की वर्षा की संभावना है। सप्ताह के दौरान राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन



पथ संचलन के दौरान मौजूद स्वयंसेवक।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव नगर द्वारा होटल लैंडमार्क से शेर ए पंजाब तक पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में विशेष रूम से राजीव विभाग बौद्धिक प्रमुख और जिला संघचालक अजय सूद उपस्थित रहे। राजीव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस अपने स्थापना के 100वें साल में प्रवेश करने जा रहा है यह एक ऐतिहासिक पल है। 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज सेवा के कार्यों को तेज करके और अपने शैक्षिक प्रयासों के माध्यम से देश के कल्याण के लिए समर्पित देशभक्तों को तैयार करके हर वर्ग को सशक्त बना रहा है।

संघ के साल में 6 पर्व होते है और विजय दशमी उनमें से एक पर्व होता है। राजीव ने कहा कि समाज में अगर कोई विरोध प्रदर्शन होता है वो चाहे किसी भी चीज को लेकर हो वह पूर्णतः शांतिपूर्वक रूप से होना चाहिए, यह विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीका से ही होना चाहिए।

## विकास करना हमारा दायित्व : विक्रमादित्य

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश का विकास करना हमारा दायित्व है। केंद्र से बड़ा तौफा मिल सकता है।

उन्होंने कहा किवह हमेशा प्रदेश के विकास में समर्पित है। हर इलाके का समान विकास हो, प्रदेश का हर कोना आगे बढ़े, यह हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। जो जिम्मेदारी मुझे मंत्री के रूप में मिली है, उसका निर्वहन पूरी मजबूती से करने का प्रयास कर रहे हैं। विक्रमादित्य ने कहा कि आज संयोग से जन्मदिन के दिन ही केंद्र से एक बड़ा तोहफा आने वाला है। अभी 300 करोड़ मिले हैं, अब 25 करोड़ और मिलेंगे। कहा कि केंद्र से प्रदेश के लिए सहयोग लेने में हमने हमेशा हिमाचल के हित को सर्वोपरि रखा है।

# बिलासपुर में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

### कार्यक्रम में सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर में स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में भगवान वाल्मीकि प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिला वाल्मीकि सभा के प्रधान अशोक कुमार की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में वीरवार को सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम और नप उपाध्यक्षा सोनिया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक ने महर्षि वाल्मीकि के चरणों शीश नवाया तथा आयोजित हवन यज्ञ में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि केवल किसी जाति या समुदाय के भगवान न होकर समस्त सृष्टि के आदर्श और भगवान है। उन्होंने कहा कि आदिकाल में जिन्होंने रामायण जैसे ग्रंथ को लिखा वे कोई साधारण शक्ति नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लिखी गई रामायण की एक-एक बात आज प्रासंगिक है। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी हिंदुओं के सृजन के स्रोत हैं तथा उनका हिंदुत्व के प्रति, सामाजिक समरसता के प्रति एक बहुत बड़ा योगदान है। उनके जीवन चरित्र को पढ़ाते हुए अपने अंदर सामाजिक समरसता की भावना को पैदा करना की आवश्यकता है। हिंदू समाज को भगवान वाल्मीकि के जीवन चरित्र को पढ़ाते हुए जो गुण उन्होंने लव-कुश के अंदर पैदा किया, जो वाल्मीकि ने रामायण के बारे में लिखा, उसे अपने जीवन में उतरने की कोशिश करनी चाहिए।

विधायक त्रिलोक ने मंदिर परिसर निर्माण में बन रही सराए के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की तथा भव्य आयोजन में अपनी निधि से 11 हजार रुपए दिए। इस अवसर पर जिला वाल्मीकि सभा की ओर से विधायक और उनके साथ अन्य व्यक्तियों को सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि के अलावा अनिल किशोर, विजय कग्घा, विनय किशोर, राजेंद्र किशोर, अजय दादरी, राजेंद्र किशोर, संदीप कुमार, इंद्र डोगरा, तुषार डोगरा, आदि भी मौजूद थे। दोपहर तीन बजे के बाद अटूट भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें, सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### हमें महर्षि वाल्मीकि के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में भाजपा कार्यालय में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजिंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान वाल्मीकि के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। गर्ग ने कहा कि हमें वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए महान कार्य किए। वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि अगर हम प्रयास करें, तो अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत और लगन से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि ध्यान और साधना के माध्यम से अपने जीवन को उच्चतम स्तर पर पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई भी बांटी।



## बिलासपुर पहुंचे स्वर्ण विजेता अखिल, हुआ जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के अखिल ठाकुर ने हाल ही में 6 से 14 अक्तूबर तक कंबोडिया में आयोजित एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। अखिल की यह यात्रा उनके कोच मनोज पटियाल और परशुराम पुरस्कार विजेता डॉक्टर संजय यादव के विशेष मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं होती, जिन्होंने अखिल को इस चैंपियनशिप के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन अखिल के कौशल और रणनीतियों को निखारने में महत्वपूर्ण साबित हुई, जिसने अखिल को एक उत्कृष्ट उपलब्धि तक पहुंचाया है। एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद बिलासपुर पहुंचे अखिल ठाकुर का उनके परिजनों व एसोसिएशन के पदाधिकारियों व कोचेज द्वारा फूलमालाओं से शानदार स्वागत किया गया, जिसके बाद अखिल ठाकुर ने परिवार सहित बाबा नाहर सिंह मंदिर में माथा टेककर वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी इसी तरह शानदार परफॉर्मेंस देकर स्वर्ण पदक जीतने की कामना की है। अखिल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिजनों सहित कोचेज मनोज पटियाल व डॉक्टर संजय यादव को दिया। वहीं, परशुराम अवार्डी व वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर संजय कुमार यादव ने कहा कि किक बॉक्सिंग को विश्व पटल पर करीब 200 देशों में खेला जाता है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में किक बॉक्सिंग के खिलाड़ियों को अन्य खेलों की भांति ही अहमियत व सुविधाएं दी जा रही हैं, मगर हिमाचलएक ऐसा राज्य है, जहां किक बॉक्सिंग को मान्यता नहीं दी गई है। यादव ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से किक बॉक्सिंग को मान्यता देने व खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाने की अपील की है।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई : रेखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हेल्पिंग हैंड जिला बिलासपुर एवं सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हेल्पिंग हैंड जिला बिलासपुर अध्यक्ष नीलम सूद ने की, जबकि विशेष रूप से सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता रेखा बिष्ट ने शिरकत की। रेखा बिष्ट एवं नीलम सूद ने कहा कि शांतिप्रिय प्रदेश में कुछ असामाजिक तथा तुच्छ मानसिकता के लोगों द्वारा जाति धर्म क्षेत्र के नाम से वातावरण खराब करने का सुनियोजित षड्यंत्र चलाया जा रहा है, जिससे समाज में सद्भावना व भाईचारे का अभाव देखा जा रहा है। इसलिए बिलासपुर में राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा 18 अक्तूबर को सद्भावना पथ प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सद्भावना रैली 2 बजे गुरुद्वारा चौक से चंपा पार्क होते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचेगी और वहां पर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। इसमें मांग की जाएगी कि हिमाचल का सौंदर्यपूर्ण वातावरण बिगड़ने वाले सामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।



**स्पोर्ट्स**

### कलर बेल्ट ग्रेडिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कराटे के प्रति रुचि पैदा करना : बृजलाल

## बृज मार्शल आर्ट अकादमी के 6 बच्चों ने हासिल की कलर बेल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आत्मरक्षा के गुर सिखाने तथा बच्चों को नशे आदि से दूर रखने के उद्देश्य से काम कर रही नगर बिलासपुर की बृज मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत बृज मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा अकादमी के 6 बच्चों की कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई, जिसमें सभी बच्चों ने परीक्षा पास कर ली। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक शिहान बृजलाल चैहान ने बताया कि यह अकादमी कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश तथा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के दिशा निर्देशों द्वारा यह अकादमी कार्य कर रही है तथा यह अकादमी कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश तथा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त है।



परीक्षा में भाग लेने वाले कराते काज कमशः रिया गुप्ता येलो बेल्ट प्राप्त की। असलान शर्मा, ध्रुव शिवा परमार, शानवी कौशल, सारिका एवं रजनी खन्ना ने ऑरेंज बेल्ट प्राप्त की। बृजलाल चैहान ने बताया कि कलर बेल्ट ग्रेडिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कराटे के प्रति रुचि पैदा करना तथा खेल भावना को बढ़ावा देना है। कलर बेल्ट वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी तनुज कुमार सोनी ने शिरकत की, जबकि पवन कुमार विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

अपने संबोधन में मुख्यातिथि तनुज कुमार सोनी ने बृज कराटे अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में बाल और युवा पीढ़ी बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, ऐसे में नशे से बच्चों को बचाना एक चुनौती बन चुकी है तथा बृज कराटे अकादमी न सिर्फ इस खेल के माध्यम से बच्चों के भविष्य को संवार रही है बल्कि उन्हें नशे से भी बचा रही है।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि सभा द्वारा हमीरपुर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रीराम परिवार और वाल्मीकि की झांकियां भी निकाली गईं। शोभायात्रा में नन्हे-मुन्ने बच्चे भी श्री राम और हनुमान की वेशभूषा में नजर आए।

# जयराम ने जनता को शब्दों के जाल में उलझाया : सुक्खू

## सीएम बोले- शानन परियोजना वापस पाने को मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही सरकार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हैं, लेकिन उन्होंने मंडी जिला के लिए कुछ नहीं किया। मंडी की जनता को केवल शब्दों में उलझाए रखा। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर लगातार क्षेत्र की सेवा के लिए काम कर रहे हैं और क्षेत्र के लोगों के दर्द को वह अपना दर्द मानते हैं।

उन्होंने कहा कि सच्चे मन से सेवा करने वालों का भगवान भी साथ देते हैं। जोगिंद्रनगर के बच्चों ने गुल्लक बचत से मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष में धनराशि का अंशदान किया। विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का जोगिंद्रनगर पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि उनकी सोच सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिना भेदभाव के काम करते हैं और वह दिल से जनता की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुक्खू ने छात्र जीवन से बहुत संघर्ष किया है और कड़ी मेहनत के बाद वह देवी-देवताओं के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र बहुत खूबसूरत है और इसमें विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर ने सभी परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनका जोगिंद्रनगर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य के हितों की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 110 मेगावाट क्षमता के शानन परियोजना को वापस पाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार मजबूत कदम उठा रही है और व्यास वैली प्रोजेक्ट जल्द पूरा होने वाला है, जिसका आने वाले समय में प्रदेश को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 270 मेगावाट क्षमता का थाना-पलौन में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए भी सीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू एक आम परिवार से निकलकर आज मुख्यमंत्री के पद पर पहुंचे हैं। जीवन ठाकुर ने कहा कि सुक्खू ने ही उन्हें समाज सेवा का मौका दिया, जिसके लिए वह जीवन भर आभारी रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रभाव को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के लिए भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इससे पूर्व जोगिंद्रनगर में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



मंच पर विराजमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधायक तथा उपस्थित जनसमूह।

इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक चंद्रशेखर, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, विजय पाल सिंह, जगदीश रेड्डी, उपायुक्त अपूर्व देवगन एवं पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तत्तापानी के नीरज बने हरियाणा के न्यायाधीश



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** तत्तापानी के रंडौल गांव के डॉ. जगत राम चौहान के पुत्र नीरज चौहान ने हरियाणा प्रशासनिक सेवाएं (न्यायिक शाखा) परीक्षा उत्तीर्ण की है और अब वह हरियाणा में सिविल जज के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। नीरज चौहान ने प्रारंभिक स्कूली शिक्षा सेंट एडवर्ड्स, शिमला से पूरी की, इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी और हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला से एलएलएम की डिग्री हासिल की। बता दें कि उनके पिता, डॉ. जगत राम क्षेत्र के पहले आईपीएस अधिकारी रहे हैं और अब उनके नीरज क्षेत्र के पहले न्यायिक अधिकारी बन गए हैं। उनकी सफलता समूचा तत्तापानी और सुन्नी क्षेत्र उत्साहित है। नीरज की सफलता से क्षेत्र वासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस संदर्भ में स्वयं नीरज चौहान ने बताया कि क्षेत्रवासियों से मिल रही शुभकामनाओं से सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मैं हमेशा क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। बता दें कि चौहान एक प्रतीभाशाली युवक हैं, और वे सदा समाजसेवा के कार्यों में दिलचस्पी लेते रहे हैं। ऐसे में रंडोल के इस युवक ने क्षेत्र सहित अपने माता पिता नाम रोशन किया है ।

### भोरंज बूहला की बबिता को किडनी की दरकार



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के भोरंज बूहला गांव की बबीता कुमारी 34 वर्षीय पत्नी शमशेर सिंह गांव जो कि बीपीएल गरीब परिवार से संबंध रखती है। बीमारी के कारण उसकी दोनों किडनियां खराब हो गई हैं। बबीता के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, पति बेरोजगार है। बबीता का ब्लड ग्रुप ओ-पॉजिटिव है। कोई इच्छुक व्यक्ति अपनी किडनी देकर बबीता की जान बचा सकता है। बबीता को चंडीगढ़ पीजीआई के डॉक्टरो ने 4 माह का समय दिया है। इच्छुक व्यक्ति उनके 7807852153 नंबर पर संपर्क कर सकता है।

### लापता कार्तिक की गसोती खड्ड में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत धरोग के दड़योटा गांव के 14 वर्षीय नौंवी में पढ़ने वाले कार्तिक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना हमीरपुर में दर्ज करवाई थी। बुधवार को कार्तिक राणा रोजाना की तरह घर से धरोग स्कूल के लिए गया, लेकिन पेपर देने के बाद 2 बजे तक वापस घर नहीं पहुंचा। युवक के परिजनों ने हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने के बाद तलाशी अभियान के दौरान उक्त लापता लड़के के सहपाठियों से पता चला कि शिकायतकर्ता का बेटा स्कूल से आती बार अपने अन्य तीन सहपाठियों के साथ गसोती खड्ड में नहाने गया था तथा वह नहाती बार खड्ड में डूब गया था, जिसे इसके तीनों दोस्त वहीं पर छोड़कर डर के मारे अपने-अपने घर चले गए थे। इस सूचना के आधार पर उक्त लड़के के शव को गसोती खड्ड से देर रात को बरामद कर लिया गया था। थाना प्रभारी ललित महंत ने बताया कि वीरवार को शव का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में करवा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### तरुण श्रीधर बने एचपीटीडीसी के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तरुण श्रीधर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी गठित की है। यह कमेटी एचपीटीडीसी की वर्तमान वित्तीय स्थिति की जांच/समीक्षा करेगी व सीडब्ल्यूपी संख्या 9681/2023-जय कृष्ण मेहता बनाम राज्य एवं अन्य में उठाए गए मुद्दों के आलोक में निगम को लाभ में लाने के लिए कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुझाएगी। साथ ही हिमाचल सरकार के प्रधान सचिव (पर्यटन) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# हिमाचल में विकास कार्यों पर सुक्खू सरकार का अंधकार : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुक्खू सरकार पर प्रदेश के विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने और बाधित करने के आरोप जड़े। नाहन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि रेलवे परियोजनाओं के निर्माण में प्रदेश सरकार अपना हिस्सा खर्च नहीं कर रही है, जबकि आर्थिक मदद को लेकर केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। वहीं, विकास कार्यों पर इस सरकार का कोई ध्यान नहीं है। बिंदल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में रेलवे लाइनों के कार्यों को गति मिली, लेकिन यह भी सुक्खू सरकार को रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार रेलवे परियाजनों को पूरा करने के लिए अपना हिस्सा नहीं दे रही है। लिहाजा कार्य रुके हुए हैं।

बिंदल ने प्रदेश की दो प्रमुख रेलवे परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें धन की कमी के कारण रुकावट आ रही है। ये रेलवे परियोजनाएं केंद्र और राज्य सरकार के बीच लागत साझेदारी के



आधार पर संचालित की जा रही हैं, लेकिन इन दोनों ही रेलवे परियोजनाओं के लिए प्रदेश सरकार पर अब कुल 1626.38 करोड़ रुपए की राशि लंबित है।

उन्होंने कहा कि पहली परियोजना भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी 63.5 किमी नई रेलवे लाइन है, जिसमें केंद्र का 75 प्रतिशत और प्रदेश सरकार का 25 प्रतिशत हिस्सा है। इस परियोजना पर अब तक कुल 5760.35 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसमें प्रदेश सरकार का हिस्सा 2288.82 करोड़ रुपए बनता है, लेकिन सुक्खू सरकार ने अब तक केवल 847.53 करोड़ रुपए ही जारी किए हैं. शेष 1441.29 करोड़ रुपए अब तक नहीं दिए। बिंदल ने कहा कि दूसरी परियोजना दूसरी परियोजना चंडीगढ़-बद्दी 30 किमी नई रेलवे लाइन है। इसमें प्रदेश सरकार का 50 प्रतिशत हिस्सा है और इस परियोजना पर अब तक 816.72 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं, जबकि प्रदेश सरकार का हिस्सा 408.36 करोड़ रुपए बनता है। सुक्खू सरकार ने अब तक 223.27 करोड़ रुपए ही जारी किए हैं, जबकि 185.09 करोड़ रुपए की राशि अब भी लंबित है।

बिंदल ने कहा कि इस मामले को पहले भी कई बार उठाया जा चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार की तरफ से धनराशि जारी न होने के कारण रेलवे इन दोनों परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में असमर्थ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सरकार प्रदेश के विकास कार्यों को किस तरह से बाधित करने का काम कर रही है। उल्टा केंद्र सरकार को हर तरह से दोषी ठहराया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग भी मौजूद रहे।

# यात्रियों को 30 किलो लगेज पर नहीं देना होगा अतिरिक्त किराया

**अनंत ज्ञान, शिमला**



एचआरटीसी की लगेज पॉलिसी के तहत यात्रियों को अपने साथ 30 किलो तक घरेलू सामान लाने-ले जाने पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं देना होगा। यह नियम 6 नवंबर 2023 की अधिसूचित पॉलिसी के अनुसार लागू रहेगा।

एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि यह संशोधन यात्रियों के हित में किया गया है ताकि उन्हें सामान भेजने पर अनावश्यक रूप से अधिक किराया न देना पड़े। अन्य सभी क्लोज पहले की तरह लागू रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए अब एचआरटीसी की बसों में बिना यात्री सामान भेजना सस्ता हो गया है।

परिवहन निगम ने 6 नवंबर 2023 को अधिसूचित लगेज पॉलिसी के क्लोज नंबर 26 में संशोधन करते हुए किराए में कटौती की है। निगम द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत अब बिना यात्री 5 किलो तक सामान भेजने पर एक चौथाई किराया चुकाना होगा, जबकि 6 किलो से 20 किलो तक के सामान के लिए आधा किराया देना होगा। यदि किसी को 21 किलो से 40 किलो तक सामान भेजना है, तो उसे एक यात्री का पूरा किराया देना होगा।

वहीं, 41 से 80 किलो तक सामान भेजने के लिए दो यात्रियों का किराया देना होगा। इससे पहले, 40 किलो तक सामान भेजने पर पूरा यात्री किराया देना होता था, चाहे सामान का वजन आधा किलो ही क्यों न हो।

# जेनेवा में अनुराग ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर 12 अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक तक इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) की विभिन्न बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्विट्जरलैंड के जेनेवा की यात्रा पर हैं। आज जेनेवा में अनुराग ठाकुर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे से मुलाकात कर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिनेवा के एरियाना पार्क में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और आईपीयू के अन्य सम्मानित सहयोगियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



बोर्ज ब्रेंडे से मुलाकात के बाद अनुराग ने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो कि यह संबंधित हितधारकों बीच आपसी विश्वास को स्थापित करने व सहयोग और प्रगति के लिए पहल करने का एक वैश्विक, निष्पक्ष और गैर-लाभकारी मंच है। वीरवार को जेनेवा में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के कार्यालय में विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे से मुलाकात हुई, जहां हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की। पिछले एक दशक में भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक दृष्टिकोण से अपनी एक सशक्त छाप छोड़ते हुए आज तेजी से विकासशील देश से विकसित देश की ओर आगे बढ़ रहा है। ब्रेंडे से मुलाकात के दौरान हमने वैश्विक अर्थव्यवस्था और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के महत्वपूर्ण योगदान पर भी विस्तृत चर्चा की।

**भारत की उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि पर हुई चर्चा**

अनुराग ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थ-व्यवस्थाओं में एक है और यह वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वर्ष 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी तब आर्थिक विकास सुस्त पड़ा हुआ था मगर पीएम मोदी की कुशल नीतियों से आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# हिमाचल में सुक्खू सरकार और राज्यपाल आमने-सामने

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आमने सामने हो गए हैं। इंडी तिब्बत बॉर्डर मसले के बाद अब यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर की नियुक्ति को लेकर गवर्नर ने सुक्खू सरकार के बयानों पर की प्रतिक्रिया दी। इस दौरान राज्यपाल काफी गुस्से में नजर आए। दरअसल, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सरकार के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सरकार की तरफ से कहा गया था कि प्रदेश के विश्व विद्यालयों के संचालन के लिए सरकार पैसा देती है और ऐसे में वीसी की नियुक्ति संबंधी प्रशासनिक अधिकार उसी के पास होने चाहिए।

राज्यपाल बिल में राज्यपाल की शक्तियों को कम करने से संबंधित सवाल पर शुक्ल ने कहा कि अभी बिल उनके पास नहीं आया है। जब बिल आ जाएगा तो देखा जाएगा, उसमें क्या पास किया है, लेकिन उनका एक बयान ठीक नहीं है, जिसमें कहा गया है कि सरकार पैसा देती है। राज्यपाल ने आगे कहा कि सरकार पैसा देती है तो वह




प्राइवेट संस्था नहीं है, वह हिमाचल की सार्वजनिक संस्था है. सार्वजनिक हित के लिए सरकारों को अपनी कुर्बानी देनी चाहिए, न कि सार्वजनिक हित को हड़पना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के कई विश्व विद्यालय में लंबे समय से नियमित वीसी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। शिक्षाविद् राजभवन और प्रदेश सरकार बीच तालमेल नहीं बैठ पाना इसे बड़ा कारण मान रहे हैं। गुरुवार को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपति की नियुक्ति के बिल पर सवाल के जवाब में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल सरकार को खरी-खरी सुनाई है। राज्यपाल शुक्ल ने कहा कि अभी बिल उनके पास नहीं आया है। संशोधित विधेयक में प्रबंधन बोर्ड का भी गठन करने का प्रावधान किया गया, हालांकि उस वक्त कृषि मंत्री चंद्र कुमार की ओर से रखे इस संशोधित विधेयक का विपक्ष ने जमकर विरोध भी किया था। संशोधित विधेयक को राज्यपाल की शक्तियों का हनन बताया गया। विपक्ष के विरोध के बीच सत्ता पक्ष ने ध्वनि मत से इस विधेयक को पारित किया, जिसके बाद यह विधेयक भी राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन भेजा जाना है, लेकिन अभी तक यह विधेयक राजभवन नहीं पहुंच पाया है। हालांकि, अभी यह देखना बाकी है कि बिल अभी कहां अटका है। हिमाचल प्रदेश के साथ लगती तिब्बत-चीन सीमा को लेकर कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बयान दिया था और कहा था कि चीन के हैलीकॉप्टर किन्नौर में बॉर्डर पर स्पॉट किए गए है। इस पर राज्यपाल ने पलटवार किया था और कहा था कि मंत्री को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए।

# ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसो. की नई कार्यकारिणी गठित

**एसके ठाकुर, बड़सर**

**पीएनबी बिझड़ी के शाखा प्रबंधक प्रदीप कौंडल बने राज्य महासचिव**

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की हिमाचल प्रदेश राज्य इकाई का एकदिवसीय महाधिवेशन 17 अक्तूबर को सुंदरनगर के शीश महल होटल में संपन्न हुआ। इस दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड संजय कुमार खान ने महाधिवेशन का शुभारंभ किया।




एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव कामरेड मनीष कुमार सिंह चौहान ने बतौर मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड सुशील कुमार कटारिया, सैंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के चेयरमैन कामरेड संजीव भल्ला, एडवोकेट कामरेड देशराज शर्मा, समाजसेवी एवं भूतपूर्व सदस्य राष्ट्रीय बार काउंसिल ने बतौर वशिष्ठ अतिथि शिरकत दी। हिमाचल प्रदेश के इस अधिवेशन में पंजाब नेशनल बैंक से कामरेड प्रदीप कौंडल को ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की राज्य समिति के महासचिव के रूप में सर्वसम्मत्ति से निर्विरोध चुना गया।

पीएनबी के कामरेड प्रमोद को राज्य का चेयरमैन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से कामरेड कृपा नाथ को राज्य समिति के अध्यक्ष, पीएनबी से कामरेड संदीप कश्यप को राज्य का उपमहासचिव, सेंट्रल बैंक से कामरेड मनीष कुमार गुप्ता को उपमहासचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा से कामरेड केतन विशिष्ट एवं प्रांजल मेहता और सेंट्रल बैंक से कामरेड विजय राणा, पीएनबी से कामरेड अजीत भट्ट, कामरेड प्रदीप धीमान, कामरेड राजेंद्र चौधरी, कामरेड गजेंद्र वर्धन को संयुक्त सचिव, पीएनबी से कामरेड राजेश कुमार, कामरेड भूपेंद्र सहगल, कामरेड अनुपम शर्मा को उपाध्यक्ष एवं पीएनबी से कामरेड हुसन चंद को राज्य के खजांची के रूप मे चुना गया। प्रदीप कौंडल वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक बिझड़ी जिला हमीरपुर में बतौर शाखा प्रमुख सेवाएं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# रोहतांग दर्रे में गिरे बर्फ के फाहे, झूमे पर्यटक

**कमलेश वर्मा, मनाली**



विश्वभर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे में वीरवार को हल्की बर्फबारी हुई है। वीरवार सुबह से लेकर दोपहर तक जहां धूप खिली रही वहीं, शाम के समय मौसम के करवट बदलते ही पहाड़ियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया।

मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में सैलानी चहक उठे। पर्यटन स्थल रोहतांग में बर्फ के फाहे गिरते देख सैलानी झूम उठे। सैलानियों ने आसमान से गिरते बर्फ के फाहों को कैमरे में कैद किया। सुबह के समय मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। दोपहर बाद रोहतांग दर्रे में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए। मनाली से बर्फ देखने रोहतांग गए पर्यटकों की आज बर्फ देखने की इच्छा पूरी हो गई। हालांकि, कुछ देर के लिए ही बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन पर्यटकों ने खूब मजा लेते हुए इन लम्हों को यादगार बना दिया। पंजाब से आए पर्यटकों के ग्रुप को लेकर रोहतांग गए ट्रेवल एजेंट संजू ने बताया कि आज पर्यटकों ने बर्फ के फाहों में खूब मस्ती की। (अनंत ज्ञान)

**संस्मरण** | 1661 से चल रही रथयात्रा की परंपरा, गोली कांड से खंडित हुई थी कुल्लू दशहरा उत्सव की रथ यात्रा

# 1972-73 में नहीं निकली थी भगवान रघुनाथ जी की रथ यात्रा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अतंरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे कुल्लू दशहरा उत्सव की रथ यात्रा की अखंड परंपरा वर्ष 1661 में राजा जगत सिंह के समय में हुई थी। वर्ष 1661 से चल रही रघुनाथ की रथ यात्रा की यह अखंड परंपरा वर्ष 1971 में गोली कांड से खंडित हुई थी। उसके बाद यह रथ यात्रा दो साल नहीं निकली। सनद रहे कि 1971 में उस समय के प्रशासक ने उस रास्ते को किन्हीं कारणों से बंद कर दिया था, जहां से भगवान रघुनाथ जी की पालकी निकलती थी। पाबंदी के बावजूद भी जब पालकी उसी रास्ते से निकली तो पुलिस ने श्रद्धालुओं पर गोली चला दी, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई।

उसके बाद वर्ष 1972 व 73 में रथयात्रा नहीं निकली, लेकिन रघुनाथपुर सुलतानपुर में रघुनाथ मंदिर में सारी रस्में पूरी होती रही। 1920 तक दशहरे का आयोजन राजा द्वारा किया जाता रहा लेकिन उसके बाद से 1966 तक जिला बोर्ड कांगड़ा द्वारा दशहरे का आयोजन व प्रबंध किया जाता रहा। उसके बाद स्थानीय नगर परिषद व जिला प्रशासन द्वारा सयुंक्त रूप से दशहरा मनाया जाता है। कुल्लू के राजा जगत सिंह के समय से ही कुल्लू का दशहरा विजय दशमी से मनाया जाता है। स्थानीय बोली में 'विजय दशमी' को 'विदा दशमी' भी कहा जाता है।

जानकारों के अनुसार राजा के समय दशहरा उत्सव में चार सौ के लगभग देवी-देवता आते थे। पहले कुल्लू में राजा शांगरी,आनी, व कुल्लू के राजा का दरबार लगता था। राजा शांगरी का दरबार कला केंद्र के स्थान पर तथा राजा रूपी का दरबार



दशहरा उत्सव की फाइल फोटो।

वर्तमान जगह पर दशहरा मैदान में ही लगता था। उस समय राजा के दरबार को राजे री चानण कहा जाता था। दोनों राजाओं के दरबार में रात भर कुल्लवी नाटी तो चलती ही थी, साथ में राम लीला, देवी तथा धर्मिक प्रवचन आदि अनेक कार्यक्रम होते थे। एक तरह से उस समय कुल्लू दशहरा विशुद्ध पारंपरिक ढंग से मनाया जाता था, जिसमें लोग रातभर नाचते गाते थे।

चांदनी रात में ढालपुर मैदान में जब गांव से आए लोग मस्त होकर नाचते थे तो ऐसा लगता था, मानों उन्हें सारे जहां की खुशियां हासिल हो गई हो। खासकर उस समय दशहरे में होरा बे जाचा बोला दिहाड़ी दोपहरे विदा दशमी राती स्थानीय गीत पर लोग खूब झूमते थे। अब बदलते समय का आलम दशहरा मनाने का ढंग तो बदला लेकिन रघुनाथ व उनकी रथयात्रा से जुड़ी परंपराएं आज भी वैसी ही है। रघुनाथ जी की पूजा व श्रृंगार तथा रथयात्रा उसी ढंग से होती है जैसे पूर्व में होती थी, लेकिन अब देवी-देवताओं का आना कम हो गया है।

हालांकि, जब राजा शांगरी का दरबार लगता था तब बाहरी सिराज के देवता दशहरा में आते थे, उसके बाद उनका आना कम हुआ था लेकिन अब फिर से बाह्य सराज के देवी-देवताओं की दशहरा उत्सव में संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसी कड़ी में इस बार जहां शमशरी महादेव 10 सालों के बाद, जबकि आनी के दलाश क्षेत्र के देवता जोगेश्वर महादेव ने 25 सालों के बाद उत्सव में भाग लिया है। भले ही समय के साथ दशहरा उत्सव में बहुत कुछ बदलाव आया है, लेकिन इस उत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा व अन्य धर्मिक परंपराओं का निर्वहन आज भी सदियों से चली आ रही पुरातन संस्कृति के अनुसार ही होता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सिल्ह स्कूल में बताए वनाग्नि रोकने के उपाय



**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिल्ह में द हंस फाउंडेशन की तरफ से वनाग्नि से बचाव व रोकथाम पर प्रधानाचार्य सुशील कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द हंस फाउंडेशन के खंड समन्वयक संदीप चौहान, पंकज शर्मा, साहिल ठाकुर, कुसुम लता व सुरिंद्र कुमार ने प्रतिभाग किया व वन विभाग की तरफ से वन रक्षक अंजू वाला ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों को जंगल में लगने वाली आग के कारणों पर जानकारी दी गई और रोकथाम रखने हेतु प्रेरित किया गया। वन रक्षक अंजू बाला के द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण पर प्रेरित किया, वनों में फायर लाइन बनाने के तरीके व फायर लाईन से वनाग्नि से बचाव पर बिशेष जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा वनाग्नि बचाव रोकथाम पर भाषण व पोस्टर चित्रण कार्यक्रम किये गए। बच्चों द्वारा सिल्ह बाजार व गांव में जागरूकता रैली निकाल कर क्षेत्रीय समुदाय को पेड़ लगाने, बचाने, वन्य-जीवन संरक्षण व वनों को आग से बचाने पर जागरूक किया गया जिसमे सभी अध्यापकों ने भी भाग लिया ओर स्थानीय लोगों को जागरूक व प्रेरित किया।

### कबीर आश्रम मरूंह नागनी में सभा ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव के साथ लगते सद्‌गुरु कबीर आश्रम मरूंह नागनी में वीरवार को कबीर सभा एवं आश्रम कमेटी की बैठक कमेटी प्रधान सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन हरनाम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सबसे पहले सत्संग श्रवण किया गया। इस बीच राकेश (पट्टी), मनमोहन (जालग) ने कबीर वाणी पर प्रकाश डाला। उसके बाद आश्रम व आश्रम परिसर की साफ-सफाई की गई। कबीर आश्रम के लैंटल में आईं दरारों को सीमेंट आदि से भरा गया। इस मौके पर दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। बैठक में आश्रम प्रधान कैप्टन हरनाम सिंह, तहसील पालमपुर सभा प्रधान विजय सिंह, जिला कांगड़ा उपप्रधान अनीता कौशल, डॉ. जोगेंद्र पाल, धनश्याम, कुलदीप व प्रदेश सभा के प्रेस सचिव डॉ. एन के कौशल आदि उपस्थित रहे।।

### हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बची बस

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा से होशियारपुर रूट पर जाने वाली हिमाचल पथ



परिवहन निगम देहरा डीपू की बस वीरवार सुबह 7 बजे अचानक बड़ा हादसा होने से बच गई। उपरोक्त बस अपने रूट पर निकलती इससे पहले ही डाडासीबा स्कूल के गेट पर मोड़ काटते वक्त अचानक इसके टायर को घुमाने वाली राड़ टूट गई। अगर यह हादसा स्कूल टाइम के दौरान पेश आता तो जानमाल का नुकसान हो सकता था। दोपहर बाद 2 बजे बस को सड़क से हटाया गया। इससे कुछ समय पहले भी एचआरटीसी की एक बस गांव रैल में टायर राड़ टूटने से हादसे का शिकार हुई थी। उन्होंने परिवहन मंत्री से मांग की है कि बसों की सही समय पर रिपेयर करवाई जाए, ताकि हादसों से बचा जा सके।

# रंगेहड़-सद्दूं-नेरा सड़क के लिए धनराशि मंजूर होने पर बांटे लड्डू

## क्षेत्रवासियों ने प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष व विधायक बाली का जताया आभार

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां विधानसभा हलके के तहत रंगेहड़-सद्दूं-मामलू-नेरा सड़क को नाबार्ड से 8 करोड़ 60 लाख रुपए मंजूर हुए हैं। इस रोड की लंबाई 5 किलोमीटर और दो सौ मीटर है। इससे नगरोटा बगवां के हजारों ग्रामीणों को फायदा होगा। सद्दूं पंचायत के टीका रंगेहड़ में अमर शहीद ईश्वर दास के घर के लिए भी इस रोड का लाभ मिलेगा। ईश्वर दास ने पुलवामा में एक आतंकी मुठभेड़ में साल 2006 में शहादत पाई थी। रोड के न बनने से हाल ही में सैकड़ों ग्रामीण खुद अपने खर्च पर सडक़ बनाने में जुट गए थे। इसी बीच पीडब्ल्यूडी ने भी रोड को सुधारने का प्रयास किया था, लेकिन अब नाबार्ड से बड़ा बजट मिलने से इस रोड के अच्छे दिन आ गए हैं। गुरुवार को इसी कड़ी में सद्दूं पंचायत में ग्रामीणों ने बजट मिलने पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

साथ ही केंद्र सरकार व हिमाचल सरकार में कैबिनेट रैंक एवं नगरोटा बगवां से विधायक आरएस बाली का आभार जताया। ग्रामीण कश्मीर सिंह, बीरबल, शेर सिंह, अंकू ठाकुर,प्रिंस ठाकुर, शहीद के बेटे अनिल चौधरी ने कहा कि इस रोड को बजट मिलने से हजारों ग्रामीणों की जिंदगी बदलेगी।

चंगर क्षेत्र में नई मजबूत लाइफलाइन बनेगी। सद्दूं की प्रधान अर्चना कुमारी, ग्रामीण राजीव ठाकुर, कमलेश चौधरी, सुदर्शन कुमार ने कहा कि इस रोड की हालत ठीक नहीं थी। ऐसे में नाबार्ड में इस रोड के आने से इसे नया लुक मिलेगा। वहीं एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि साल 2017-18 में इसके बारे में एक प्रोपोजल नाबार्ड को भेजी थी। अब इसे वहां से बजट मिला है। इसके लिए वह केंद्र सरकार और पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली का आभार जताते हैं।

बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि इस रोड के काम के दौरान विभाग या सरकार को जो भी सहयोग चाहिए होगा, वह ग्रामीणों द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह नगरोटा बगवां हलके के लिए बड़ी सौगात है। (अनंत ज्ञान)

# महिला और पुरुष 109.52 ग्राम हेरोइन के साथ काबू



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया के नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली थी के एक कार में सवार होकर एक महिला व पुरुष पंजाब की तरफ से नशीला पदार्थ लेकर हिमाचल में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते कंडवाल पुलिस चौकी के सामने पठानकोट जसूर मार्ग पर नाका लगाया हुआ था नाके के दौरान जब एचपी नंबर की गाड़ी को रोका गया तब तलाशी लेने के दौरान कार में से 109.52 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रवि कुमार पुत्र किशन चंद तथा शिल्पा पत्नी रवि कुमार निवासी झांझवां तह फतेहपुर के निवासी के तौर पर की गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नूरपुर में मादक पदार्थ अधिनियम 21,25, 29 के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि यह नशे की खेप काफी बड़ी थी तथा अभी पूछताछ के दौरान पता चलेगा कि यह लोग इसकी सप्लाई कहां करते थे और यह कहां से यह इतनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर आए थे। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में पटाखों की बिक्री को लेकर स्थान किए चयनित

**अनंत ज्ञान, देहरा**

एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि देहरा, नैहरनपुखर, गरली-परागपुर, बनखंडी, हरिपुर आदि इलाकों में जहां पटाखा बेचने के लिए स्थानों का चयन किया है, वहीं पटाखे बेचे जाएंगे। अगर कोई दुकानदार कहीं और पटाखे बेचना चाहता है तो उसके लिए अस्थायी तौर पर लाइसेंस लेना अनिवार्य है। निर्देशों की अवहेलना करने वाले दुकानदार पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।



**एसडीएम बेक्टा ने कहा निर्देश न मानने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

एसडीएम ने बताया कि देहरा प्रशासन ने उपमंडल में कुछ स्थान चयनित किए हैं, जहां पर दुकानदार पटाखों की बिक्री कर सकते हैं। एसडीएम देहरा ने बताया कि लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर ही यह फैसला लिया गया है।

वहीं, दुकानदार केवल ग्रीन पटाखे ही बेच पाएंगे। पटाखे जलाने के लिए भी प्रशासन ने समय तय किया है। लोग दीपावली एवं गुरुपर्व पर रात 8 बजे से 10 बजे, छट पर शाम 6 से 8 बजे तक, क्रिसमस एवं नव वर्ष पर रात 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे जला पाएंगे। एसडीएम ने कहा कि बाजार, सरकारी ऑफिस, हेरिटेज इमारतों के समीप पटाखे जलाने पर सख्त मनाई है। अगर प्रशासन के पास कोई भी शिकायत पहुंचती है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बहन से दुष्कर्म का आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**जयसिंहपुर।** पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किए गए पीड़िता के आरोपी भाई को बुधवार को जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को 18 अक्तूबर तक तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। गौरतलब है कि रविवार रात को आलमपुर क्षेत्र की एक महिला ने रविवार रात को अपने ही पति पर छह माह पहले अपनी ही सगी नंनद (जो कि आरोपी की सगी बहन है) के साथ शारीरिक संबंध बनाए जाने के संबध में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस द्वारा इस संबंध में पीड़िता के बयान पर मंगलवार को आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे बुधवार को जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया गया। यहां से आरोपी को शुक्रवार तक तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने की है।

# बैजनाथ-पपरोला में वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

वाल्मीकि सभा तारागढ़ द्वारा वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वीरवार को बैजनाथ-पपरोला में शोभायात्रा निकाली गई।

सभा के प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि बैजनाथ तथा आसपास के इलाके में वाल्मीकि समाज के तीन दर्जन परिवार व यहां पर लंबे अरसे से रह रहे हैं तथा सभी परिवार मिलजुलकर हर वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इसी संदर्भ में वीरवार को भी वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई है। उन्होंने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अपने सभी भाई बहनों को शुभकामनाएं दीं और आशा जताई है कि वे हमेशा रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का अनुसरण करते रहेंगे।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि वाल्मीकि समाज के लिए सरकारी भूमि आवंटित की जाए, ताकि वे रहने के लिए अपने लिए एक आशियाना बना सकें। (अनंत ज्ञान)




# करवा चौथ पर पाएं चांद की तरह दमकता चेहरा

महिलाओं का सबसे पसंदीदा त्योहार करवा चौथ नजदीक आ गया है और ऐसे में खूबसूरत दिखने का क्रेज पहले से कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। अगर यह आपका पहला करवा चौथ है तो आपका उत्साह और उमंग हिलोरे मार रही होगी और जाहिर है आप ने त्यौहार की तैयारियां भी शुरू कर दी होंगी। करवा चौथ के दिन सभी सुहागन महिलाएं 16 श्रृंगार करती हैं। उस दिन उनका चेहरा बिलकुल चांद की तरह खिला नजर आता है। महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिंदी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लंबी उम्र तथा सुखी दांपत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौंदर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संवरने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है, लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं, तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौंदर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मल्लिका बन सकती हैं। इस त्योहार में हम ज्यादातर अपने चेहरे पर ज्यादा फोकस करते हैं, लेकिन अगर आप वास्तव में दमकती त्वचा पानी चाहती हैं तो आपको अपने चेहरे तथा शरीर दोनों की सुंदरता पर फोकस करना पड़ेगा। चेहरे की बजाय पूरे शरीर की त्वचा की उचित देखभाल आप के सौंदर्य को प्राकृतिक निखार देगी।



### त्वचा को एलोवेरा, शहद से निखारें


**इस** दिन अपनी खूबसूरती को निखारने में ब्यूटी सैलून्स की बजाय अपने पर ज्यादा भरोसा रखें। अपनी त्वचा को नियमित रूप से एलोवेरा, ग्रीन टी, शहद का पोषण दें। आप नहाती बार दूध का इस्तेमाल करें तो बेहतर होगा। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोकस करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नींबू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। शहद और दूध का फेस मास्क आपकी त्वचा की नमी बरकरार रखते हुए भी आपकी त्वचा को मुलायम, आकर्षक बना देते हैं। आप दूध में शहद मिलाकर बने फेस मास्क को त्वचा पर दस मिनट तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

### सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर

**आप** अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाउडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाउडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लंबे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुंदरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है।



### ऐसे बढ़ाएं आंखों की सुंदरता

**आंखों** की सुंदरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाएं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईये। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराइए।



# बिना सर्जरी के त्वचा को ऐसे करें टाइट

**इन ट्रीटमेंट्स से काफी यंग नजर आएगी आपकी त्वचा**

*बढ़ती उम्र के कारण चेहरे पर झुर्रियां आना स्वाभाविक है। त्वचा ढीली पड़ने से चेहरे की सुंदरता कम होने लगती है। इसलिए स्किन को टाइट रखने के लिए महिलाएं और पुरुष कई तरह के उपाय करते हैं। कई बार सही जानकारी न होने की वजह से लोग ऐसे टिप्स फॉलो करने लगते हैं जिनके साइड इफेक्ट अधिक होते हैं। डॉक्टर्स के अनुसार स्किन को टाइट रखने के लिए सर्जरी ही एकमात्र विकल्प नहीं है। स्किन से फाइन लाइन्स को दूर करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए कई नॉन-सर्जिकल ऑप्शन भी हैं। इन ट्रीटमेंट्स से कम समय में त्वचा काफी यंग नजर आने लगती है।*

### ❄ अल्ट्रासाउंड थेरेपी

इस थेरेपी में स्किन की डीपर लेयर्स में अल्ट्रासाउंड एनर्जी का इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रक्रिया कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाती है जो स्किन को टाइट रखने के लिए बेहद जरूरी है। यह थेरेपी समय के साथ स्किन को ढीली नहीं पड़ने देती है। यह नॉन-इनवेसिव ट्रीटमेंट काफी लोकप्रिय है।

### ❄ रेडियो फ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट

त्वचा की गहरी परतों में एनर्जी पहुंचाकर रेडियो फ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट की जाती है। यह कोलेजन के प्रोडक्शन और इलास्टिन को बढ़ाता है। थर्मेज का उपयोग भी सैगिंग को कम करने और स्किन टेक्सचर को ठीक करने के लिए किया जाता है। यह ऑप्शन उन लोगों के लिए बेहतर है जो बिना सर्जरी के अपनी स्किन को टाइट करना चाहते हैं।

### ❄ लेजर ट्रीटमेंट

फ्रैक्शनल लेजर थेरेपी भी कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाकर स्किन को टाइट रखने के लिए किया जाता है। इनमें छ्ह2 और एर्बियम लेजर काफी पॉपुलर लेजर ऑप्शन हैं। ये दोनों न केवल स्किन को टाइट रखने में और अपियरेंस को ठीक करने में मदद करते हैं।





## बालों के लिए एलोवेरा बेहद लाभकारी

# इस्तेमाल से जड़ से मजबूत और सिल्की शाइनी बनेंगे आपके बाल

एलोवेरा स्किन केयर से लेकर बालों के लिए बेहद लाभकारी है। आयुर्वेद में भी एलोवेरा को सबसे बेहतरीन जड़ी बूटी माना गया है। अगर आप अपने बालों को जड़ से मजबूत और सिल्की शाइनी बनाना चाहते हैं तो एलोवेरा को अपने हेयर केयर रूटीन में जरूर शामिल करें। अगर आपके बालब हुत ज्यादा झड़ रहे हैं या डैमज हो गए हैं तो आप एलोवेरा का इस्तेमाल कर अपने बालों के बेहतरीन केयर कर सकते हैं। औषधीय तत्वों से भरपूर एलोवेरा जेल बालों से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार है। चलिए बताते हैं कि हेयर के लिए एलोवेरा का कैसे इस्तेमाल करें?

**बालों की ग्रोथ बढ़ाए:** अगर आपको लंबे और घने बालों की चाहत है तो आप एलोवेरा का इस्तेमाल करें। 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल मिलाकर मिश्रण बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाएं और 1 घंटे के लिए छोड़ दें। ये मास्क हफ्ते में दो बार लगाएं।

**सॉफ्ट बनते हैं बाल :** एलोवेरा आपके बाल को सॉफ्ट भी बनाता है। 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 पका हुआ केला। 1 चम्मच बादाम का तेल मिलाएं। अब इस पेस्ट को 30 मिनट तक बालाओं पर रखें। आपके बाल मलमल से मुलायम हो जाएंगे।

**बालों में आती है शाइन :** एलोवेरा बालों की चमक लौटाता है। 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 2 चम्मच नारियल तेल मिलाएं और इसे बालों और स्कैल्प पर लगाएँ। 1 घंटे के बाद बालों को गुनगुने पानी से धो लें। ये मास्क हफ्ते में दो बार लगाएं इससे बालों को चमक मिलेगी।

# रूखी होने लगी है त्वचा तो बॉडी पर लगाएं ये तेल



*जैसे ही सर्दी का मौसम दस्तक देता है, वैसे ही लोगों को त्वचा संबंधी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। खासतौर पर सर्दी के मौसम में त्वचा के रूखेपन से लगभग हर कोई परेशान रहता है। कई बार तो ये रूखापन लोगों को इतना परेशान कर देता है कि उनकी त्वचा फटने लगती है। ऐसे में आपको अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने की जरूरत है। वैसे तो त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए बाजार में तमाम तरह के बॉडी लोशन आते हैं। लेकिन अगर आप इन बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो हम आपको कुछ ऐसे प्रकार के तेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके हाथ-पैरों की नमी बरकरार रहेगी। आप बिना सोचे बॉडी लोशन की जगह इन तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं। ये तेल आपको बेहद कम दामों में बाजार में मिल जाएंगे।*

**नारियल तेल:** यह तेल हर घर में आसानी से मिल जाता है। नारियल का तेल एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में अपनी त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने के लिए इसका हर रोज इस्तेमाल करें।

**बादाम तेल :** यदि आपके पास बादाम का तेल नहीं है, तो इसे कम दामों में खरीद कर अपने पास जरूर रखें। विटामिन ई से भरपूर यह तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**ऑलिव ऑयल:** अक्सर आजकल लोग खाना बनाने के लिए इसी तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

**जोजोबा तेल :** यह तेल त्वचा में आसानी से समा जाता है और त्वचा की नमी को बनाए रखता है। ऐसे में आप सर्दियों की शुरुआत से ही इस तेल का इस्तेमाल करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बडकूट, राजनगर व आसपास आज पावर कट




**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के संसाई, सरि सेक्शन के 11केवी फीडर के अंतर्गत आते गांवों में 18 अक्तूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि विद्युत लाइनो के रख रखाब व जरूरी मरम्मत कार्य के चलते भिरडी, बडकूट, राजनगर, कुडंग, पटेलनगर, संसाइ कोठी, रिढी खोली, मझौटी, सरि,मोलग, रोपा, मैला, बजोट, दानपथर, राणा नगर, पलेटा आदि गांव मे आज 18 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### ईएमई कोर का 82वां स्थापना दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, डरोह।** जिला कांगड़ा के ईएमई कोर के वैटनर्स ने कोर का 82वां स्थापना दिवस देवभूमि हिम ईगल ग्रुप के माध्यम से डरोह नागनी में स्थित शिवाय रेस्टोरेंट में बड़े ही जोशपूर्ण ढंग से मनाया। कार्यक्रम में अति वरिष्ठ ईगल वैटनर्स कप्तान महेंद्र सिंह चंदेल, सूबेदार कुमार सिंह, सूबेदार वीरंद्र कटोच, नायब सूबेदार सरवन सिंह, हवालदार ज्ञान चंद पटियाल सहित 50 के करीब वैटनर्स शामिल हुए। कप्तान स्वरूप सिंह डढवाल, कप्तान दुर्गेश कुमार राणा एवं हवलदार और अध्यापक रहे सतीश कुमार राणा ने सभी पधारे हुए वैटर्नस का स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया और सबने बड़े ही जोशपूर्ण ढंग से इस प्रथम ईगल परिवार मिलन व कोरस्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं व खूब आनंद लिया।

### राष्ट्रीय स्वयं संघ ने बैजनाथ में किया पथ संचलन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में राष्ट्रीय स्वयं संघ के खंड महाकाल, खंड अवेरी व नगर बैजनाथ-पपरोला ने सरस्वती विद्या मंदिर में शस्त्र पूजा की। उसके बाद मुख्य वक्ता का बौद्धिक हुआ और उसके बाद बैजनाथ बाजार से लेकर गणेश बाजार तक पथ संचलन किया। इसमें खंड महाकाल, खंड अवेरी, व नगर बैजनाथ पपरोला से 150 स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए। पथ संचलन के बाद सरस्वती विद्या मंदिर में भोजन किया गया। पथ संचलन में मुख्य रूप से जिला पालमपुर के संघ संचालक जगतार गुलेरिया जी जिला कार्यवाह नरेंद्र संख्यांन जिला प्रचारक अजीत शर्मा डॉक्टर अनिल भारद्वाज जिला प्रचार प्रमुख राजेंद्र भंगालिया, व्यवस्था प्रमुख नरेंद्र शर्मा नगर बैजनाथ पपरोला के प्रचारक राकेश शर्मा, अश्वनी शर्मा,विक्रम, हरि राम ,संग्राम राणा , प्रणैन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# भारत के लेकमैन आनंद और डॉ. रितेश आर्य करेंगे डल का पुनरुद्धार

## उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बोले, मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी स्वीकृति

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**



धर्मशाला के नड्डी स्थित डल झील में हो रहे रिसाव को रोकने और झील के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प के लिए भारत के लेकमैन के नाम से विख्यात आनंद मल्लिगावड और प्रसिद्ध भू-वैज्ञानिक डॉ. रितेश आर्य के नाम को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वीकृति दे दी है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि वीरवार सुबह उन्होंने जोगिंद्र नगर में स्वयं मुख्यमंत्री से भेंट कर इस बाबत स्वीकृति ली है। उन्होंने बताया कि डल झील में हो रहे रिसाव को रोकने और झील के पुनरुद्धार को लेकर उन्होंने गत दिनों शिमला में जल शक्ति, पर्यटन और वन विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की थी। उन्होंने अधिकारियों से मौके की रिपोर्ट ली और उन्हें झील के संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश भी दिए।

पठानिया ने कहा कि लाखों लोगों की धार्मिक आस्था व पर्यटन का केंद्र और छोटा मणिमहेश के नाम से विख्यात डल झील के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर है और इसका जल्द पुनरुद्धार कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी और उसके बाद तुरंत पुनरुद्धार का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा 2004-05 से अब तक समुद्र तल से 1,775 मीटर की ऊंचाई पर स्थित डल झील के पुनरुद्धार पर करीब 31 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। अब विख्यात विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर इसे गंभीरतापूर्वक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आनंद मल्लिगावड बेहद कम लागत से प्रकृति के अनुकूल प्रभावी तकनीकों का स्वयं विकास करके कई झीलों का कायाकल्प कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त अन्य पर्यावरणविदों का सहयोग साथ भी इस कार्य के लिए लिया जाएगा।

पठानिया ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता को संदेश देते हुए कहा कि डल झील के वास्तविक सौंदर्य को जल्द निखारा जाएगा और लोगों की आस्था का यह केंद्र जल्द नए स्वरूप में दिखेगा। (अनंत ज्ञान)

# बैजनाथ-पपरोला से जोगिंद्र नगर के बीच आज चलेगी ट्रेन



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

वाणिज्यिक रेल प्रबंधक प्रदीप सिंह सैनी ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि रेलयात्रियों की सुविधा हेतु जोगिंद्र नगर और बैजनाथ-पपरोला रेल मार्ग पर 18 अक्तूबर से ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

रेलगाड़ी संख्या 04601 बैजनाथ पपरोला से सुबह 8 बजे चलकर सुबह 9:35 बजे जोगिंद्र नगर पहुंचेगी और वापसी में रेलगाड़ी संख्या 04602 जोगिंद्र नगर से सुबह 10:30 बजे चलकर दोपहर 12 बजे बैजनाथ-पपरोला पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 01609 बैजनाथ-पपरोला से दोपहर 1 बजे चलकर दोपहर 2:35 बजे जोगिंद्र नगर पहुंचेगी और वापसी में रेलगाड़ी संख्या 01610 जोगिंद्र नगर से दोपहर 3:30 बजे चलकर शाम 5 बजे बैजनाथ पपरोला पहुंचेगी। ये रेलगाड़ियां बीच के आहजू स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। विदित है कि इस वर्ष 26 सितंबर से बैजनाथ पपरोला-कांगड़ा के बीच रेल सेवा (दो जोड़ी रेलगाड़ी) को बहाल किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इस रेल मार्ग पर पिछले काफी समय से रेलगाड़ियों का संचालन नहीं किया जा रहा था। हाल ही में रेल मंडल फिरोजपुर के मंडलीय रेल प्रबंधक संजय साहू ने रेल मार्ग का तकनीकी की निरीक्षण करने के बाद रेल मार्ग पर रेल चलाई जाने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

# स्मार्ट सिटी में धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

महर्षि वाल्मीकि जयंती को वीरवार को धर्मशाला में वाल्मीकि समुदाय से संबंध रखने वाले लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया इस दौरान वाल्मीकि समुदाय के उत्थान के लिए बनाई गई समिति की ओर से पूर्व मेयर डिप्टी मेयर और हाल ही में हुए उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रहे नगर निगम के पार्षद देवेंद्र जग्गी को बतौर मुख्य तिथी आमंत्रित किया, इस दौरान देवेंद्र जग्गी ने कहा कि आज यहां आने से पहले उनकी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस समुदाय के लोगों की जरुरतों संबंधी समस्याओं पर फोन पर विस्तृत चर्चा हुई जिसमे खास तौर पर समुदाय के लिए सामुदायिक भवन बनाने समेत इनके सरकारी जमीनों के कब्जों का स्थाई हल निकालना शामिल था तो मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें पूरा आश्वासन दिया गया साथ ही इन्हें बधाई सन्देश के साथ 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। जग्गी ने कहा प्रदेश में जब जब कांग्रेस की सरकार आई तब तब इस समुदाय के हितों को लेकर काम किया गया, साल 2003-4 में 7 परिवारों को सरकारी जमीनों के पटे दिए गए आज एक एक परिवार के कई हिस्से हुए हैं और इन्होंने दशकों पहले सरकारी जमीनों पर कब्जे करके अपने रिहायशी मकान बनाए हैं जो वाल्मीकि बस्ती के तौर पर आज गुजर बसर कर रहे हैं, आज इन्हें उनकी स्थाई अलॉटमेंट की सख्त जरूरत है और वो काम हमारी सरकार नीति के तहत करने जा रही है, ताकि इन्हें कोई समस्या न हो।

# नगरोटा में मनाया गोस्वामी गुरु नाभा दास सम्मेलन

## गुरु नाभा दास सेवा समिति एवं महाशा सभा ब्लॉक नगरोटा बगवां-कांगड़ा ने किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



गुरु नाभा दास सेवा समिति एवं महाशा सभा ब्लॉक नगरोटा बगवां-कांगड़ा की तरफ से गोस्वामी गुरु नाभा दास का पहला सम्मेलन अक्षय मैरिज पैलेस नगरोटा बगवां में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें महंत नारायण नाथ (बारखंडी चारोली वाले) ने अपने प्रवचनों से संगत को निहाल किया तथा गुरु नाभा दास की जीवनी पर प्रकाश डाला।

उन्होंने संगत को उनके इतिहास के बारे में जानकारी दी। सम्मेलन की मुख्यातिथि रोशनी (मिशनरी प्रवक्ता) महिला अध्यक्ष ऑल इंडिया (जनसेवा का एक अवलोकन एनजीओ) जिन्होंने पंडाल में बैठी संगत को अपनी बाणी से निहाल किया और कहा कि आज देश के अंदर हमारी बहन, बेटियों तथा बच्चियों के साथ जो घटनाएं घट रही हैं, वो एक चिंता का विषय है, जिसकी उन्होंने जोरदार निंदा भी की और खास तौर पर उन्होंने इस लड़ाई को लड़ने के लिए बहनों को आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष मौके पर सुखदेव विश्व प्रेमी संयोजक सामाजिक, आर्थिक, समानता का अधिकार तथा एसीएसटी स्व प्लान ने कहा कि हमारे समाज तथा बच्चों के साथ जो अन्याय हो रहा है। इस बुराई को दूर कैसे किया जाए। इसके लिए हमें एकजुट होना बहुत जरूरी है। इस सम्मेलन में हरिश चंद्र चेयरमैन (जनसेवा का एक अवलोकन एनजीओ) का विशेष योगदान रहा। अंत में गुरु नाभा दास सेवा समिति एवं महाशा सभा के प्रधानउत्तम चंद, मुख्य सलाहकार किशोरी लाल, अमरनाथ, सलाहकाररमेश चंद, प्रेम चंद संरक्षक प्यार चंद, हंसराज, लूटी राम, संयोजक राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष बृजलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप चंद, उपाध्यक्ष जीत सिंह, सुभाष चंद, सचिव राजेश कुमार, महासचिव रोहित कुमार, प्रेस सचिव विजय कुमार, एकटीव मेंबर सतपाल कुमार, शेर सिंह, रिंकू, विशाल कुमार, रवि कुमार, देश राज, कर्म चंद, राजीव कुमार, रषभ कुमार, संजीव कुमार काका आदि सभी सदस्यों ने महंत श्री नारायण नाथ जी को सिरोपा तथा चोला भेंट किया तथा आई हुई संगत का धन्यवाद किया, तथा भंडारे का आयोजन किया।

# किसानों ने लदपालवां में बने टोल प्लाजा को रखा फ्री, किया प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



पंजाब भर में दूसरे किसानों की भांति पठानकोट में भी पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाईवे पर लदपालवां क्षेत्र में बने टोल प्लाजा को किसानों ने फ्री रखा। यह ऐलान किसान यूनियन एकता उगराहां के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने धान की खरीद सही तरीके से न होने के विरोध में किया था। इस दौरान किसानों ने कहा कि मंडियों में अभी तक धान की लिफ्टिंग नहीं हो रही। इसके विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक लदपालवां टोल प्लाजा पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और किसानों के साथ बातचीत की। पुलिस ने कहा कि वे किसानों की मांगों को प्रशासन के सामने रखेंगे और किसानों ने इस पर सहमति जताई है। किसानों का कहना है कि अगर 48 घंटे में उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो वे फिर से प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता ने कहा कि मंडियों में खरीद भी बंद हो गई है क्योंकि आढ़तियों के पास रखने की जगह नहीं है। वहीं, बारिश हो गई तो धान खराब भी हो सकती है। इस वजह से किसानों और आढ़तियों का भी नुकसान हो रहा है।

दूसरी तरफ, पठानकोट की मंडियों में आढ़तियों ने वीरवार को कामकाज ठप रखा। किसी भी तरह की धान की लिफ्टिंग नहीं हुई। आढ़तियों के जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से जो उनके स्टेट यूनियन प्रधान के साथ धक्काशाही की है उसी के रोष स्वरूप हड़ताल की गई है। (अनंत ज्ञान)

# सड़क से पलटी कार, गंभीर घायल महिला टांडा रेफर

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**



अपर लंबागांव के पलाहनिया मोड़ के पास बुधवार दोपहर बाद एक कार सड़क से पलटकर 20 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान निशा देवी उम्र 41 साल पत्नी सतीश कुमार गांव गंगूही, धुपक्यारा के रूप में हुई है।

कार में चालक सहित दो महिलाएं बैठी थीं। इनमें एक कार चालक की पत्नी और चालक के छोटे भाई की पत्नी है। घायल महिला को जयसिंहपुर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार अपनी कार से जयसिंहपुर की तरफ से अपने घर गंगूही को जा रहा था कि अपर लंबागांव के पलाहनिया मोड़ की उतराई पर कार अनियंत्रित हो गई और 20 फीट नीचे गिर गई।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और इस संबंध में मामला दर्ज करके अपनी आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। मामले की पुष्टि लंबागांव पुलिस के एसएचओ अशोक कुमार ने की है।

# स्वयंसेवियों ने किया शांति केंद्र थुरल का भ्रमण

**राकेश डोगरा, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी महाविद्यालय शांति केंद्र थुरल का भ्रमण किया। महाविद्यालय की मुखिया बी के अनु दीदी के द्वारा स्वयंसेवियों को ईश्वरीय शक्ति का ब्रह्म ज्ञान प्रदान किया गया। दीदी द्वारा स्वयं सेवियों को अपने अंदर नकारात्मक ऊर्जा का त्याग कर सकारात्मक ऊर्जा का सृजन कर बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

इस शांति केन्द्र की प्रवक्ता दीदी ममता राही के द्वारा भी बच्चों को ईश्वरीय शक्ति की अनुभूति का एहसास प्रदान किया गया। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सिकंदर मिन्हास द्वारा बीके अनु दीदी व उनके समस्त सहयोगियों का स्वयंसेवियों को इस बहुमूल्य ज्ञान को प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

इस भ्रमण पर थुरल स्कूल के स्वयंसेवियों के साथ स्कूल के एनएसएस की महिला कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा, प्रवक्ता जीव विज्ञान प्रवीण कुमार, लेख राज, अजीत कुमार, जय धीमान, राजीव कुमार, राम सिंह और रीता देवी भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

# मंत्री के दबाव से नाखुश अधिकारी नहीं संभाल रहे जिम्मा : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग घुमारवीं में मुखियों के पद पिछले कई महीनों से खाली रहना घुमारवीं के विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठता है।

यह बात पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही। गर्ग ने तंज कसते हुए कहा कि मंत्री का अनावश्यक दबाव व तानाशाही से नाखुश उनके गृह क्षेत्र में कोई भी अधिकारी आने से कतरा रहा है। इसका खामियाजा घुमारवीं की जनता को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि लोगों से सीधे जुड़े हुए इन दो महत्वपूर्ण विभागों में एक्सईएन के पद रिक्त रहने से लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गर्ग ने कहा कि विधानसभा घुमारवीं में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता का पद तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता का पद पिछले करीब तीन महीनों से खाली चल रहे है। दोनों ही विभाग सीधे लोगों से जुड़े हुए हैं। दोनों ही विभागों के रिक्त चल रहे पदों का कार्यभार दूसरे डिविजनों में तैनात संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया है। जिस कारण लोगों को संबंधित अधिकारियों के कामों को करवाने के लिए वहां के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे लोगों का धन और समय बर्बाद हो रहा है।

# ग्रामीणों और परियोजना प्रबंधक के बीच समझौता करवाने में प्रशासन नाकाम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

दुर्गम घाटी छोटा भंगाल के लोग और परियोजना प्रबंधन आमने-सामने आ गए हैं। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मध्यस्थता के लिए गठित कमेटी को भी बिना समझौते ही उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले मुलथान गांव में निर्माण अधीन विद्युत परियोजना का पेन स्टॉक फटने की वजह से भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। जिला और उप मंडल प्रशासन की ओर से गठित कमेटी ने ग्रामीण और कंपनी प्रबंधन में मध्यस्थता के प्रयास किए थे, जोकि असफल साबित हुए। हालांकि हाइड्रो प्रोजेक्ट कंपनी प्रबंधन की ओर से राज्य राजस्व मैन्युअल के अनुसार राहत देने के लिए कंपनी तैयार है, लेकिन ग्रामीण इससे अधिक मुआवजा की मांग कर रहे हैं। कुछ महीने पहले 25 मेगावाट विद्युत परियोजना प्रबंधन का पेन स्टॉक फट गया था, जिस वजह से ग्रामीणों की जमीन है बाढ़ में बह गई थी और उनकी संपत्तियों को नुकसान हुआ था। उच्च न्यायालय ने प्रशासन से मध्यस्थता करने को कहा था। एसडीएम कांगड़ा हरीश गज्जू, एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल, एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर और डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा के नेतृत्व में कमेटी ने ग्रामीण और प्रियोजना प्रबंधन के बीच समझौता कराने का प्रयास किया। कंपनी तो राजस्व नियमों के तहत राहत देने को तैयार है, मगर ग्रामीण इससे ज्यादा मुआवजा की मांग कर रहे हैं जो कि सिरे नहीं चढ़ पाई।

# बंदला स्कूल की छात्राओं ने फिर मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

## राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में हासिल किया तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



आज हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं नियमों और कायदों से दूर होते जा रहे हैं। परिवार एकल होते जा रहे हैं और बच्चे मां-बाप से दूर होते जा रहे हैं। संस्कारों की कमी आती जा रही है। ऐसा समाज जब हम बनाएंगे तो बच्चे भी इन्हें गुणों को अपनाएंगे। अब हमें सोचना होगा आने वाली पीढ़ी के बारे में। वह तब बदलेगी जब हम स्वयं में बदलाव लाएंगे।

कुछ इसी तरह का थीम था बिलासपुर जिला मुख्यालय का मुकुट कहे जाने वाली बंदलाधार में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला की छात्राओं का जिन्होंने एक बार फिर अपने हुनर का लोहा मनवाया है। इस स्कूल की नन्ही छात्राओं ने सोलन में आयोजित राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर में तीसरा स्थान झटक कर अपनी पाठशाला का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन द्वारा आयोजित की गई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में बिलासपुर जिला को तृतीय स्थान हासिल हुआ। इन छात्र-छात्राओं को तैयार करने के लिए स्कूल के ही एक अध्यापक अभिषेक डोगरा का विशेष योगदान रहा।

## स्पोर्ट्स

### अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी के मुकाबलों में दूसरे दिन खेले गए दो मैच

# धर्मशाला की टीम ने देहरी कॉलेज को दी करारी शिकस्त

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी के मैचों में दूसरे दिन का पहला मैच राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय महाविद्यालय देहरी के बीच खेला गया। इस मैच में राकेश महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत किया।

धर्मशाला की टीम ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आयुष ने 24 गेंद में 33 और सक्षम ने 31 गेंद में ताबडतोड़ 73 रन की पारी खेली। अंत के ओवर में श्लोक ने 14 गेंद में 22 और अनुष ने 30 गेंद में 44 रन की तेजतर्रार पारी खेल कर टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 240 पहुंचा दिया। देहरी की तरफ से पंकज और अनुज ने 2-2 विकेट अंश ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय महाविद्यालय देहरी की टीम निर्धारित ओवरों में 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

अनमोल ने 25 , आकर्षित ने 26 रनों का योगदान दिया। धर्मशाला की तरफ से आदित्य और हर्षित ने 3-3 विकेट, उज्ज्वल ने 2 , वंश और अनुज ने 1-1 विकेट हासिल किया। दिन का दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय शाहपुर और जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुरा (पालमपुर) के बीच खेला गया। इस मैच में विनोद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

शाहपुर की तरफ से कमल ने 46 गेंद में ताबड़तोड़ 87 की पारी खेली। स्पर्श ने 18 गेंद में 41 और रजनीश ने 10 गेंद में 18 रनों का योगदान दिया और टीम का कुल स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 225 रन रहा। पालमपुर की तरफ से सक्षम और विश्व ने 2-2 विकेट, प्रियांशु ,अतुल और राहुल ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजपुरा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 121 रन ही बना सकी। आदित्य ने 20 सक्षम ने 24 रनों का योगदान दिया। शाहपुर की तरफ से अमन और शुभम ने 1-1 विकेट , प्रदीप, जतिन और कमल ने 1-1 विकेट हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### दिन के दूसरे मैच में शाहपुर कॉलेज ने राजपुरा कॉलेज की टीम को दी मात

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक ने प्रो. धूमल का जाना कुशलक्षेम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य जांच को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल दिल्ली गए हुए थे। बुधवार शाम दिल्ली से वापस समीरपुर अपने निवास स्थान पहुंचे। वीरवार को सुबह से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिलने और कुशलक्षेम पूछने के लिए भाजपा कार्यकर्ता व उनके समर्थक पहुंच रहे हैं। इस दौरान वीरवार को पूर्व विधायक बड़सर विधानसभा के बलदेव शर्मा भी समीरपुर पहुंचे और धूमल का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, किसान मोर्चा जिला के महामंत्री दिनेश ठाकुर, अभिषेक जोशी, अनीश ठाकुर, प्रगुण गौतम, सौरव शर्मा, विशाल, अनिश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छात्रों ने किया अटल सुरंग का शैक्षणिक भ्रमण




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने अटल सुरंग का शैक्षणिक भ्रमण किया। दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अटल सुरंग से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया। हिमाचल में स्थित अटल टनल अब इंजीनियरिंग व विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्थल बन गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को कहा है कि वह छात्रों को इस अनूठी सुरंग के बारे में बताएं और उन्हें इसे देखने के लिए प्रोत्साहित करें, साथ ही विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट तकनीक से लैस इस सुरंग को उपलब्धियां जानी, जिससे कि इन सुरंग को देखने के बाद छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यार्थियों व प्राध्यापकों द्वारा तकनीक के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जाना। भौतिकी विभाग के समन्वयक डॉ. जेपी शर्मा ने विद्यार्थियों को एक प्रश्नावली व अटल सुरंग की विस्तृत जानकारी के लिए एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है, जिससे कि दूसरे विद्यार्थियों को भी उन्हें सुरंग देखने जाने के लिए प्रेरित किया जा सके। विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव का विशेष रूप से आभार जताया।

### महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक सूत्र में पिरोया : डॉ. पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वाल्मीकि सभा हमीरपुर द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती को धूमधाम से मनाई। इस वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर झंडा ध्वजारोहण और भजन माला का भी रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पहुंचकर झंडा ध्वजारोहण किया और उसके बाद भजन माला में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी के कारण ही आज हर सनातन धर्म के अनुयायी के घर में रामायण का पवित्र ग्रंथ मौजूद है। महर्षि वाल्मीकि जी ने बड़े ही सरल और साधारण तरीके से इस ग्रंथ का लेखन कर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में बहुत बड़ा योगदान दिया है और साथ ही सारे समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य इस अपने पवित्र ग्रंथ के द्वारा किया है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि सही मायने में सनातन धर्म के महत्वपूर्ण संरक्षक हैं। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास व पार्षद राजकुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### रितेश और आंचल भोरंज स्कूल के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। स्कूल में पहली बार आने पर स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने एसडीएम शशिपाल शर्मा को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम शशिपाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर स्कूली बच्चों में संस्कार पैदा करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के अनुसार बच्चों में संस्कार की कमी देखने का मिल रही है, इसलिए अच्छे नागरिक बनने के लिए छात्रों को संस्कायुक्त ज्ञान का होना अति आवश्यक है। सात दिवसीय शिविर में 50 स्वयंसेवियों ने समाज प्रेरक कार्य करने अलग पहचान बनाई। सात दिनों में उत्तम क्वालिटी का खाना बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी लड़कों में देवांशू जमा दो आट्र्स संकाय व पूजा जमा दो नॉन मेडिकल की छात्रा को चुना गया। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी के रूप में लड़कों में रितेश जमा दो आट्र्स संकाय व लड़कियों में आंचल जमा दो मेडिकल संकाय को चुना गया। सात दिनों में स्वयंसेवी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ऑलराउंडर स्वयंसेवी मयंक जमा नॉन मेडिकल की छात्रा को चुना गया। अंत में मुख्यातिथि द्वारा सभी स्वयंसवियों को सम्मानित करके उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के राष्ट्रीय सेवी योजना के प्रभारी देशबंधू शर्मा, महिला प्रभारी कल्पना राणा, वरिष्ठ प्रवक्ता उच्चतम वर्मा व स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया महा सदस्यता अभियान



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने बताया कि जिला भाजपा महिला मोर्चा ने आज जिला हमीरपुर के पांचो मंडलों में महा जन संपर्क अभियान के तहत हर मंडल में 500 -500 कार्यकर्ता को जोड़कर सदस्यता अभियान को मजबूती दी है। आज जिला के पांचों मंडलों में महिला मोर्चा की विभिन्न-2 टुकड़ियों ने मुख्य बजारो बस स्टॉप में छोटे-छोटे स्टॉल लगाकर महिलाओं और पुरुषों को सदस्यता अभियान से जोड़कर इस अभियान को मजबूती दी है। इस अभियान को एक से लेकर 15 अक्तूबर तक पहले चरण में इस आंकड़े को पूरा कर लिया गया है।

### भरठवान गांव में तेंदुए का आतंक, लोग घरों में दुबके



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम भरठवान में इन दिनों तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शाम ढलते ही तेंदुआ दहाड़ना शुरू कर देता है, जिसके चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका सुबह शाम घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को अब यह भी डर सताने लगा है की छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल में अकेले कैसे भेजें। आजकल फसल और घास चारों तरफ फैला हुआ है, लोग अब खेत खलिहान में भी जाने से भी कतरा रहे हैं कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। शाम ढलते ही तेंदुआ गांव के पास गरजना शुरू कर देता है। ग्रामीणों ने बताया की 3 से 4 तेंदुए क्षेत्र में दिन में ही घूम रहे हैं। वीरवार को एक भरठवान गांव के रजीव कुमार के पालतू कुत्ते को दिनदहाड़े मार डाला है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। क्षेत्र वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि भरठवान गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि गांव में किसी प्रकार की अनहोनी होने से बचा जा सके। उधर, इस बारे वन रक्षक शुभम ने बताया कि कि इस बारे में उन्हें शिकायत मिली है। विभाग भरठवान गांव के आसपास पिंजरा लगाकर तेंदुए को जल्द ही पकड़ने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा कि लोग खेत खलियानों में जाते समय संभाल कर जाएं।

### करवाचौथ के लिए सजा हमीरपुर शहर, छुट्टी के चलते महिलाओं ने खूब की खरीददारी

# खुले में रखी खाद्य वस्तुएं डाल सकती हैं लोगों की सेहत पर प्रभाव

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है और पतियों की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाले करवाचौथ के व्रत को भी दो ही दिन शेष हैं। इसके चलते शहरों में विशेषकर महिलाओं की भीड़ अधिक देखने को मिल रही है। वीरवार को छुट्टी होने के चलते बाजारों में महिलाओं की अधिक भीड़ रही। ज्यादातर कपड़े और मनियारी की दुकानों में महिलाओं की भीड़ अधिक देखने को मिली।

वीरवार को सुबह से ही महिलाओं का आना शुरू हो गया था और शाम तक बाजार में भीड़ बढ़ती रही। शहर के मुख्य बाजार गांधी चौक से भोटा चौक तक सारा दिन खरीददारी के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा और महिलाएं सामान खरीदने के साथ मेहंदी भी लगाती नजर आईं। बता दें कि करवाचौथ का व्रत महिलाओं के लिए एक विशेष दिन होता है, ऐसे में महिलाएं अपनी मनपसंद के कपड़े और सजने संवरने का सामान भी खरीदती हैं।

इस दिन महिलाओं को पतियों से उपहार की भी अपेक्षा रहती है।



छुट्टी के चलते आज करवाचौथ को लेकर जिले के बाजारों में खूब चहल-पहल रही।

करवाचौथ को लेकर हमीरपुर शहर भी खूब सजा हुआ था। दुकानदार महिलाओं को रिझाने के लिए तरह तरह के उत्पाद प्रस्तुत कर रहे हैं, वहीं ब्यूटी पारलरों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। हालांकि, महंगाई के कारण पतियों की जेब काफी ढीली नजर होती नजर आई। गत वर्ष व्रत में उपयोग होने वाली फेणियां इस बार 200 से 300 रुपए किलो में बिक रही हैं। हालांकि कई दुकानदार स्वास्थ्य सुरक्षा नियम को दरकिनार कर खुले में ही खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे दुकानदारों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके अलावा शहर में कई दुकानदार बिना लाइसेंस व विभाग की अनुमति के रेहड़ियां लगाकर लोगों को खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। खुले में रखी यह खाद्य वस्तुए लोगों की सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं।

इस बारे में खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि खुले में खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## कोल्हू सिद्ध मंदिर मामले और पेयजल समस्या को लेकर राणा ने सरकार-प्रशासन को लिखे पत्र

### एक्शन के बाद जुड़ने लगी पेयजल पाइपें और उठने लगा मलबा

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

हमीरपुर से कोट आवाहदेवी सरकाघाट धर्मपुर के बीच बन रहे नेशनल हाईवे नंबर तीन के निर्माण से स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपा नेता और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सरकार और प्रशासन को पत्र लिखे हैं।

राजेंद्र राणा ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह व जिला प्रशासन को पत्र लिखकर आवाज उठाई और जल्द समस्याओं का हल करने का आग्रह किया है।



उधर, कोल्हू सिद्ध मंदिर के प्रांगण से चौथे दिन निर्माण कंपनी ने वीरवार को मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा बुधवार को स्वयं कोल्हू सिद्ध मंदिर में पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया था। उन्होंने उपायुक्त हमीरपुर और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को लोगों के आक्रोश

**लोग थे परेशान: राजेंद्र**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बताया कि लोगों की समस्याओं और प्राचीन कोल्हू सिद्ध मंदिर को पहुंचाए गए नुकसान को लेकर सरकार और जिला प्रशासन को पत्र लिखे कड़ा एक्शन लेने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल पाइपें टूटने से पानी नहीं मिल रहा और लोग परेशान हैं।

को दूर करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने बारे आग्रह किया था। इसके बाद एक्शन में टूटी पेयजल पाइपें भी जुड़ना शुरू हो गई। करीब दो साल से नेशनल हाईवे निर्माण के कारण सड़क, व्यापार, मंदिर, पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। लोग लगातार परेशान हैं। निर्माण कार्य अत्यंत धीमी चाल से होने के कारण लोग अब आक्रोशित हो गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान नियमों की पालना न होने से परेशानी और बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

## तलाई से बचे खाद्य तेल की कलेक्शन की तिथि जल्द होगी निर्धारित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि जिला के होटलों, ढाबों और मिठाई की दुकानों इत्यादि में तलाई के बाद बचे खाद्य तेल की कलेक्शन के लिए पहले 20 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार अभी जिले के होटलों, ढाबों और दुकानों इत्यादि में लगभग 410 लीटर तेल उपलब्ध है, जबकि तेल एकत्रित करने के लिए प्राधिकृत बद्दी की एक फर्म सूर्या एनवायरो बायो डीजल मेन्युफेक्चरर को कम से कम 800 लीटर तक तेल की आवश्यकता रहेगी, ताकि वह इसे 30 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदने के बाद इसके परिवहन और अन्य खर्चों की भरपाई कर सके।

एडीएम ने बताया कि इसको देखते हुए अब तेल की कलेक्शन के

**व्यवसायियों को स्टोर किए तेल का 30 रुपए प्रति लीटर दाम मिलेगा**

लिए नई तिथि जल्द ही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयां आदि की अत्यधिक मांग होने के कारण जिले में इस तरह के तेल की मात्रा काफी ज्यादा हो सकती है, इसलिए, सभी व्यवसायी इस बचे हुए तेल को स्टोर करके रखें।

राहुल चौहान ने कहा कि दीपावली के तुरंत बाद बद्दी की प्राधिकृत फर्म सूर्या एनवायरो बायो डीजल मेन्युफेक्चरर को हमीरपुर जिले से तेल एकत्रित करने के निर्देश दिए जाएंगे तथा इसके लिए तिथि निर्धारित की जाएगी। व्यवसायियों को नई निर्धारित तिथि की सूचना दे दी जाएगी।

## युवाओं का कृषि क्षेत्र से जुड़ना रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा : राजेश

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के तीसरे दिन राजेश ठाकुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में कृषि के प्रति रुचि जगाना आज के समय की जरूरत है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण युवा खेती से दूर होते जा रहे हैं, लेकिन कृषि न केवल आर्थिक मजबूती का जरिया है, बल्कि स्वस्थ और आत्मनिर्भर जीवन का आधार भी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ कृषि के बुनियादी ज्ञान को भी अपनाएं। उन्होंने समझाया कि यदि युवा खेती में रुचि दिखाएंगे, तो यह



टौणी देवी पाठशाला में एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विद्यालयों में छोटे कृषि प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाने चाहिएं, ताकि छात्र व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें क्योंकि खेती और बागवानी से जुड़े कार्य न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई का हिस्सा बन सकते हैं, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर भी बना सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एवं रीता बाली ने बताया कि स्वयंसेवकों को स्कूल कैंपस में पौधरोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर भी काम करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे कि जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। तीसरे दिन के अंत में स्वयंसेवकों ने स्कूल के प्लांटेशन एरिया में पौधे लगाए और खेत की निराई-गुड़ाई में हिस्सा लिया।

## हमीरपुर में बचत भवन की दुकान की नीलामी 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बचत भवन हमीरपुर में खाली हुई दुकान नंबर-3 की नीलामी 22 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे बचत भवन के हॉल में की जाएगी। सहायक आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 21 अक्तूबर सायं 5 बजे तक अपने आवेदन आधार कार्ड, राशन कार्ड और पूर्ण पते के विवरण के साथ सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

बोलीदाता को नीलामी से पहले 10 हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया 20 हजार रुपए रखा गया है। बचत भवन परिसर के दुकानदार और उनके परिवार के सदस्य नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे। सफल बोलीदाता से दुकान का तीन महीने का किराया अग्रिम राशि के रूप में लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# विभिन्न धड़ों में बंटी भाजपा कर रही झूठी बयानबाजी : कांग्रेस

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व को लेकर भाजपा के नेता बौखलाहट में : विधायक सुरेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के ऑपरेशन लोटस को फेल किया है, तब से भाजपा के नेता बौखलाए हुए हैं, क्योंकि भाजपा ने अन्य राज्यों में ऑपरेशन लोटस चलाया जो हिमाचल में नहीं चला। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने हमीरपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और सूझबूझ से भाजपा का यह मिशन फेल हुआ है।

यही कारण है कि भाजपा के नेता बौखलाहट में झूठी बयानबाजी कर रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग तरह तरह के आरोप हमारी सरकार पर लगाते आ रहे हैं। पहले इन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आर्थिक संकट के बोझ तले आ गई है और इस सरकार का दिवालिया निकल गया है। उन्होंने भाजपा नेताओं से पूछा कि ऐसी कौन सी संस्था ने प्रदेश सरकार को आर्थिक संकट होने का प्रमाणपत्र दिया है। जब आर्थिक संकट आता है तो यह संकेत होते हैं कि सरकार ने



प्रेस वार्ता करते भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, कुलदीप पठानिया व अन्य।

ओवरड्राफ्टिंग की हो, तो भाजपा नेता बताएं कि सरकार ने ओवरड्राफ्टिंग की है। उन्होंने कहा कि हमें आरबीआई से ऐसा कोई नोटिस नहीं आया है कि प्रदेश सरकार का आर्थिक ढांचा ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि पहली बार ग्रामीण क्षेत्र से मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हुआ है, जिसे अमीर घरानों के लोग पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक योद्धा की तरह केंद्र और प्रदेश के हालातों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो अनदेखी केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है, उन तमाम बातों से लड़ते हुए प्रदेश को आगे ले जा रहे हैं। यह बात भाजपा को हजम नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कह रहे हैं कि केंद्र सरकार से बहुत सा पैसा प्रदेश सरकार को दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एक बार स्पष्ट करें कि केंद्र सरकार से हिमाचल को कौन सा आर्थिक पैकेज मिला। उन्होंने कहा कि बिहार, आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड की तर्ज पर हिमाचल को केंद्र सरकार से बजट मिला, यह जवाब भाजपा के नेता दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता आए दिन झूठ बोल रहे हैं और भाजपा एक झूठ की मशीन बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता हिमाचल को दी गई सहायता का हिसाब मांग रहे हैं तो भाजपा नेताओं से कहना चाहता हूं कि वे कॉपी-पेंसिल लेकर आएं और जो हिसाब उनको चाहिए, उन्हें दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कई धड़ों में बंट चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने हमीरपुर जिला के कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका शिलान्यास व उद्घाटन करने के लिए दो दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यवस्था परिवर्तन का अभियान आरंभ किया, उसे प्रदेश की जनता सराहना कर रही है। हमने जो भी निर्णय लिए, वे लोक हित में लिए जिससे सुखविंद्र सिंह की लोकप्रियता बढ़ी है। यही कारण है कि भाजपा के नेता तरह तरह के आरोप लगाकर मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस मौके पर केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, हिमाचल ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन भारती सहित अन्य नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## भोरंज मंडल ने पूर्व सीएम धूमल से की भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में प्राथमिक सदस्यता बनाने के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत वीरवार से शुरू हो गई है। भोरंज मंडल ने इस अभियान की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल को समीरपुर में सक्रिय सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान भोरंज मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, पूर्व में विधायक रहे अनिल धीमान, पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली एवं किसान मोर्चा के महामंत्री दिनेश ठाकुर, अनीश ठाकुर, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## करियर प्वाइंट विवि की चार छात्राओं ने लिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की 4 छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। जानकारी देते हुए विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका ने बताया कि स्वास्थ्य और पर्यावरण की ओर रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और सामग्री विज्ञान के इंटरफेस पर हालिया विकास पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हुआ। इसमें करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में शोधकर्ताओं, विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपने शोध निष्कर्षों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारी दृष्टिकोणों के साथ संवाद कर सकें। इसके साथ ही, यह स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर सहयोग के अवसर उत्पन्न करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस सम्मेलन में करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की बॉटनी विभाग की पीएचडी शोधकर्ता मिस श्वेता, मिस आंचल, मिस अंकिता और मिस मोनिका की सक्रिय भागीदारी रही। इस सम्मेलन ने छात्राओं को विभिन्न विषयों पर अपने, विचारों का आदान-प्रदान करने और अपने कार्य को एक व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## टीसीपी, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी आज हमीरपुर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी), आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी शुक्रवार को हमीरपुर जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राजेश धर्माणी शुक्रवार सुबह 11 बजे हमीरपुर के निकटवर्ती गांव गजोह में स्थित राज पैलेस में पारुल विश्वविद्यालय बड़ोदरा द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रधानाचार्यों के राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके बाद वह दोपहर लगभग साढे 12 बजे हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के समारोह में भाग लेंगे तथा विश्वविद्यालय परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रयोगशालाओं का उद्घाटन करेंगे तथा शाम को वह घुमारवीं रवाना हो जाएंगे।

**आयोजन** एनआईटी हमीरपुर में आईसीएनएओ-2024 का भव्य शुभारंभ

# इमेज प्रोसेसिंग सुरक्षा निभा रही अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के गणित और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग विभाग द्वारा आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गैर-रेखीय अनुप्रयुक्त विश्लेषण और अनुकूलन आईसीएनएओ-2024 का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्यातिथि प्रो. एस पोनुसामी आईआईटी मद्रास रहे, जबकि संस्थान के निदेशक प्रो. अनुप कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और वक्ताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि प्रो. डीआर साहू, प्रो. एस सुंदरमूर्ति और प्रो. ई. मॉल्कोव्स्की' भी मंच पर उपस्थित एनआईटी हमीरपुर परिसर में हार्दिक स्वागत किया और उनके बहुमूल्य वक्तव्यों के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी, जो अकादमिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. एस पोनुसामी ने अपने उद्घाटन भाषण में जटिल विश्लेषण के



एनआईटी हमीरपुर में आईसीएनएओ-2024 के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य व अन्य।

महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जटिल विश्लेषण का गणितीय सिद्धांत केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका अनुप्रयोग इंजीनियरिंग गणित, भौतिकी, और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके विशिष्ट अनुप्रयोगों में सिग्नल प्रोसेसिंग, फ्लूइड डायनामिक्स और क्वांटम मैकेनिक्स शामिल हैं।

प्रो. पोनुसामी ने जोर देकर कहा कि जटिल विश्लेषण का उपयोग 'नेटवर्क विश्लेषण, विद्युत सर्किट्स और संचार प्रणालियों में भी हो रहा है, जो तकनीकी उन्नति में सहायक साबित हो रहा है। यह जानकारी भविष्य के शोधार्थियों के लिए जटिल विश्लेषण के क्षेत्र को और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण हो सकती है। इसके बाद प्रो. डीआर. साहू और प्रो. एस. सुंदरमूर्ति ने इमेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि आज के युग में इमेज प्रोसेसिंग सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 'इमेज प्रोसेसिंग' की मदद से 'सीसीटीवी कैमरे, फेशियल रिकग्निशन सिस्टम और अन्य निगरानी उपकरणों के माध्यम से भीड़भाड़ वाले स्थानों में निगरानी रखी जाती है, जिससे अपराध की संभावनाओं को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित वक्ता भी उपस्थित थे। यह सम्मेलन 19 अक्तूबर तक चलेगा, प्रतिभागियों को ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा, जिससे गणित और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में नई दिशाएं स्थापित होंगी।

## केंद्रीय विद्यालय नादौन में पीजीटी के साक्षात्कार 21 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** केंद्रीय विद्यालय नादौन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अंशकालिक अनुबंध एवं अस्थायी आधार पर भूगोल और इतिहास के पीजीटी का पैनल तैयार करने हेतु 21 अक्तूबर को साक्षात्कार लिए जाएंगे।

विद्यालय के प्राचार्य एसडी लखनपाल ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता और अन्य जानकारियों के लिए विद्यालय की वेबसाइट नादौनएचपी. केवीएस. एसी.इन पर लॉग इन किया जा सकता है। आवेदन पत्रों को सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 20 अक्तूबर सायं 4 बजे तक डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से विद्यालय के कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। यदि कोई उम्मीदवार किन्हीं कारणों से आवेदन पत्र जमा नहीं कर सकेगा तो वह 21 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे तक भी अपना आवेदन जमा करवा सकता है। साढ़े दस बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 27,500 रुपए मानदेय दिया जाएगा।

**कर्म** वह आईना है जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है। अत: हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए। -**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# बच्चों की शिक्षा

शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और मूल्यों का अधिग्रहण करने का अवसर प्रदान करती है। यह व्यक्ति को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। प्रदेश हाईकोर्ट ने हिमाचल सरकार को बिना तैयारी के छह वर्ष की आयु से कम बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला देने से मना न करने की हिदायत देकर अहम फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले के दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाने से पहले प्रदेश सरकार को इस संदर्भ में केंद्र सरकार को 31 मार्च 2021 को जारी सूचना के तहत दिए सुझावों को चरणबद्ध तरीके से लागू करना अब अनिवार्य होगा। बच्चों को जितना जल्दी स्कूल में डाल दिया जाए उतना ही बेहतर होता है, क्योंकि छोटी उम्र में बच्चों में सीखने की ललक ज्यादा होता है। यह वह समय होता है जब बच्चा जिंदगीभर सीखने की यात्रा पर निकल पड़ता है। यह बच्चे के विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, लेकिन विडंबना यह है कि अक्सर इसके महत्व को कम करके आंका जाता है। प्री-स्कूल शिक्षा के अत्यधिक महत्व और बच्चे की वृद्धि और विकास पर इसके गहरे प्रभाव को समझना बेहद जरूरी है। छोटे बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्री-स्कूल शिक्षा को अनिवार्य बनाया गया है, जिसके तहत बच्चों को 3-4 साल की आयु में प्री-स्कूल में दाखिला दे दिया जाता है। प्री-स्कूल में खेल-खेल में सीखने का माहौल बनता है, जिससे बच्चे सीखने के लिए ज्यादा आतुर रहते हैं।

जहां तक स्कूली शिक्षा की बात है तो बच्चों को छह साल की आयु में पहली कक्षा में दाखिला हर सूरत में दे देना चाहिए, क्योंकि इसके बाद ली गई एडमिशन की वजह से भविष्य में बच्चे के करियर पर कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। आगे चलकर उन्हें नौकरी प्राप्त करने में भी दिक्कतें हो सकती हैं। स्कूल में खेलकूद, संगीत और कला को शामिल करना लाजिमी है। शिक्षकों को बच्चों के विकास के लिए प्रशिक्षित करना चाहिए। माता-पिता की भूमिका भी बच्चों की शिक्षा में कम नहीं होती। सही मायने में बच्चा जो शिक्षा स्कूल में लेता है उसका अभ्यास तो माता-पिता ही करवाते हैं। खेल-खेल में सीखने की पद्धति अपनाने से बच्चों को वास्तविक जीवन के अनुभव मिलते हैं। साथ ही बच्चों को स्वतंत्र रूप से सोचने का अवसर देना भी आवश्यक होता है, क्योंकि जब तक बच्चों को अवसर नहीं देंगे वह अपने आप निर्णय लेने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना तथा शिक्षा के लिए संसाधनों की व्यवस्था करना अहम कड़ी के रूप में देखा जाना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग करना भी जरूरी होता है। प्री-स्कूल शिक्षा प्रणाली बच्चों को अपने साथियों के साथ बातचीत करने के लिए एक उचित वातावरण प्रदान करती है। बच्चों को बढ़िया तरीके से भाषा और साक्षरता से परिचित करवाया जाना चाहिए, ताकि वह प्रभावी ढंग से संवाद करना सीख जाएं। इसके जरिए बच्चा अपनी शब्दावली का विस्तार करता है।

बच्चों को कपड़े पहनने से लेकर अपने होम वर्क को पूरा करने तक स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है और उनका आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास तेजी से बढ़ता है। बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाने की नीति विभिन्न राज्यों में अलग-अलग है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत एक व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किया है। इस नीति में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें प्री-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। केरल में बच्चों को चार साल की आयु में प्री-स्कूल में दाखिला दिया जाता है और छह साल की आयु में पहली कक्षा में दाखिला दिया जाता है। तमिलनाडु में बच्चों को तीन साल की आयु में प्री-स्कूल में दाखिला दिया जाता है और 5 साल की आयु में पहली कक्षा में दाखिला दिया जाता है। यह नीतियां राज्यों की आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुसार तैयार की जाती हैं, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि किस राज्य की नीति सबसे अच्छी है क्योंकि यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रदेश हाई कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए उस पर आज से ही काम शुरू कर देना चाहिए ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल रहे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता

**ओम** राजेश पुरी हिंदी फिल्मों के उन प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे, जो अपनी अभिनय क्षमता से किसी भी किरदार को पर्दे पर जीवंत करने में सक्षम थे। वे भारतीय सिनेमा के एक कालजयी अभिनेता थे। उनके अभिनय का हर अंदाजदर्शकों को प्रभावित करता है। रूपहले पर्दे पर जब ओम पुरी का हंसता-मुस्कुराता चेहरा दिखता है तो दर्शकों को भी अपनी खुशियों का अहसास होता है और उनके दर्द में दर्शक भी दुखी होते हैं। हिंदी फिल्मों में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार', 'फिल्म फेयर पुरस्कार' और 'पद्मश्री' आदि से भी सम्मानित किया गया था। ओम पुरी हिंदी सिनेमा के वह सितारे थे, जिन्हें लोग हर भूमिका में देखना पसंद करते थे। कलात्मक सिनेमा हो या कमर्शियल सिनेमा, वह सभी जगह अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। ओम पुरी का जन्म पंजाब के अंबाला शहर में हुआ था। उनके बचपन का अधिकांश समय अंबाला में ही व्यतीत हुआ। उनके पिता रेलवे में नौकरी करते थे, इसके बावजूद परिवार का गुजारा बामुश्किल चल रहा था। ओम पुरी का परिवार जिस मकान में रहता था। उसके पास एक रेलवे यार्ड था। ओम पुरी को ट्रेनों से काफी लगाव था। रात के वक्त वह अक्सर घर से निकलकर रेलवे यार्ड में जाकर किसी भी ट्रेन में सोने चले जाते थे। यही वह वक्त था, जब ओम पुरी सोचते थे कि में बड़ा होकर एक रेलवे ड्राइवर बनूंगा। बताया जाता है कि ओम के पिता शराब पीने के आदी थे, जिसकी वजह से उनकी मां उन्हें लेकर पटियाला स्थित अपने मायके सन्नौर चली गई थीं। ■



**ओम राजेश पुरी**
**जन्म :** 18 अक्तूबर, 1950
**मृत्यु :** 6 जनवरी, 2017

## अपनी बात

**मीराबाई** भगवान श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी भक्त मानी जाती है। मीराबाई ने जीवनभर भगवान कृष्ण की भक्ति की और कहा जाता है कि उनकी मृत्यु भी भगवान की मूर्ति में समा कर हुई थी। मीराबाई की जयंती पर कोई ऐतिहासिक रिकॉर्ड तो नहीं हैं, लेकिन हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन को मीराबाई की जयंती के रूप में मनाया जाता है। मीराबाई जोधपुर, राजस्थान के मेड़वा राजकुल की राजकुमारी थीं। मीरा जब केवल दो वर्ष की थीं, उनकी माता की मृत्यु हो गई। इसलिए इनके दादा राव दूदा उन्हें मेड़ता ले आए और अपनी देख-रेख में उनका पालन-पोषण किया। मीराबाई का जन्म 1498 के लगभग हुआ था। इतिहास में कुछ जगह यह मिलता है कि मीराबाई ने तुलसीदास को गुरु बनाकर रामभक्ति भी की, लेकिन कुछ इतिहासकार ये मानते हैं कि मीराबाई और तुलसीदास के बीच पत्रों के जरिए संवाद हुआ था। माना जाता है मीराबाई ने तुलसीदास जी को पत्र लिखा था कि उनके घर वाले उन्हें कृष्ण की भक्ति नहीं करने देते। श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीरा बाई ने अपने गुरु तुलसीदास से उपाय मांगा। तुलसी दास के कहने पर मीरा ने कृष्ण के साथ ही रामभक्ति के भजन लिखे। जिसमें सबसे प्रसिद्ध भजन है पायो जी मैंने राम रतन धन पायो। **निशा चौहान, कियोड़िया**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सोने की गुणवत्ता परखना अब बने जरूरी

वैश्विक बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अचानक आए उछाल चलते घरेलू बाजार में बड़ी खरीददारी के कारण सोने के भाव आसमान पर पहुंच चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट के दौरान सोने के दाम में अचानक 5 हजार रुपए की कटौती की गई थी। सोने की कीमतों में कमी होने से देश की जनता ने जमकर खरीददारी की थी। चालीस दिनों उपरांत सोने, चांदी के दामों में वृद्धि किए जाने से जनता में निराशा है। सोना 12 सौ रुपए दस ग्राम 75,500 रुपए, चांदी 2 हजार रुपए महंगी (89 हजार रुपए किलो) कर दी गई है। बहुमूल्य धातु कीमतों में आए भारी उछाल से देश की जनता में आक्रोश है। सोने के दाम पिछले डेढ़ दशक में कई गुणा बढ़ चुके हैं। सोने के दामों में निरंतर वृद्धि के चलते उसकी मांग भी कई गुणा बढ़ गई है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अपने बच्चों की शादियां करना आज बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है।

आज लोग आपसी देखा देखी में सोना ऋण लेकर भी खरीद रहे हैं। निवेशकों को उम्मीद की अमरीकी बैंक और फेडरल रिजर्व बैंक आने वाले दिनों में सोने के भाव में कमी कर सकता है। वैसे तो दहेज लेना और देना सामाजिक बुराई माना जाता है। बहुमूल्य धातुओं के दामों में जिस रफ्तार से वृद्धि हो रही ठीक जनता भी दहेज का आदान प्रदान उतना ही अधिक कर रही है। भारत में कभी सोने के अथाह भंडार हुआ करते थे। समुद्री लुटेरों ने उसे लूटकर अपने घर भर लिए थे। सोने के आभूषणों का इतिहास बहुत पुराना रहा है। सोने के आभूषणों का इस्तेमाल पूर्वी यूरोप में 4,000 ईसा पूर्व और इराक में 3,000 ईसा पूर्व से होता आ रहा है। सोने के आभूषणों के पहले संकेत 6,000 साल से भी पहले मैसो अमेरिका, मेसोपोटामिया, प्राचीन चीन, प्राचीन मिश्र, प्राचीन भारत और प्राचीन ग्रीस और रोम जैसी प्राचीन संस्कृतियों में उभरे थे। मेसोपोटामिया और मिश्र के लोग सजावट के लिए सोने का उपयोग करने वाली पहली सभ्यताओं में से थे। भारत में सोने का खनन बहुत प्राचीन समय से हो रहा है। सोने के आभूषण से भगवान की मूर्तियों को आकर्षित बनाया जाता है। अब तो कई बालीवुड अभिनेत्रियां भी अपनी शादी में रानी हार पहनना पसंद करती हैं।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
नूरपुर, कांगड़ा

हिंदू परंपराओं में 16 संस्कारों के तहत पैदा होने से लेकर मरने तक में सोने के इस्तेमाल की अहमियत रही है। बच्चा जब जन्म लेता है तो उसे कमर पर सोने की लटकन पहनाई जाती है। यज्ञोपवीत संस्कार के वक्त शादी में मायके से बेटी के लिए और घर में पहला कदम रखने पर सास अपनी बहू को सोने के नए पुराने जेवर देती है। 16 संस्कारों में अंतिम यानी मृत्यु के बाद महापात्र को दान भी स्वर्ण का ही किया जाता है। ठीक यही कारण कि हर शुभ मुहूर्त शादी, त्योहार और समारोह में अमेरिका और यूरोप में 9 कैरेट की गोल्डन की अंगूठी से ही काम चलाया जाता है। भारतीय 24 कैरेट सोने के दीवाने रहते हैं। भारतीय महिलाएं 22 हजार टन सोना पहनती, जो 5 देशों के कुल स्वर्ण भंडार से अधिक है। यह दुनिया का सबसे बड़ा सोने का खजाना माना जाता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार भारतीय महिलाएं दुनियां के कुल गोल्ड रिजर्व का 11 प्रतिशत हिस्सा आभूषणों के रूप में पहनती हैं। विश्व के 5 देशों के कुल सोने के भंडार से भी अधिक है। अमेरिका (8,000 टन) जर्मनी (3,300) इटली (2,450) फ्रांस (2,400) और रूस (1,900 टन जैसे बड़े देश आते हैं। दक्षिण भारतीयों का देश की कुल ज्वेलरी खरीददारी में 40 फीसदी हिस्सा और अकेले तमिलनाडु में यह औसत 28 फीसदी है।

सोना खरीदने में चीन के बाद भारत दूसरे नंबर की श्रेणी में आता है। सोने की डिमांड पीछे भारतीयों का बड़ा हाथ है। भारत की बड़ी आवादी सोना किसी न किसी बहाने पहनती है। सोना पुराना हो या फिर नया बहुमूल्यता के मामले में यह लोगों की पहली पसंद सदियों से रहा है। सोना कितना ही खरा क्यों न हो, वह 100 प्रतिशत शुद्ध नहीं हो सकता है। दरअसल सोना इतना साफ्ट मेटल है कि बिना मिलावट के उसके गहने बन ही नहीं सकते हैं। यही वजह की सोने की शुद्धता मापने की यूनिट कैरेट के हिसाब से तय होती है। 24 कैरेट का सोना भी 99.9 फीसदी ही शुद्ध माना जाता है। आम तौर पर गहने 22,18,14 कैरेट के बनवाए जाते हैं। आज सोने की शुद्धता जांच किए जाना बहुत जरूरी बन चुका है। आजकल हम कैरेट वाले सोने के आभूषणों में डिजाइन की वजह से ज्यादा टांके लगवाते हैं। तैयार गहने के वजन में कैरेट के हिसाब से कीमत वसूली जाती है।

आजकल आभूषणों के बढ़ते प्रचार-प्रसार के चलते खासकर महिलाएं अधिक दीवानी बन जाती हैं। महिलाएं अपने पुराने गहने बेचकर उनकी जगह नए डिजाइन के गहने बनाने को लेकर अधिक रुचि लेती हैं। दुकानदार नए बनाने वाले आभूषणों पर मनमर्जी का मेकिंग चार्ज वसूलकर पुराना सोना बहुत कम पैसों में खरीदकर जनता को दोनों हाथों से लूटते हैं। जनता को ज्वेलरी खरीदते समय कुछ खास बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। ज्वेलरी में हालमार्क और बीआईएस मार्क जरूर जांच करें, कैरेट मीटर में ज्वेलरी की शुद्धता, ज्वेलरी का वजन लें और उसे ज्वेलरी पर लिखे हुए वजन से मिलान, स्टोन की ज्वेलरी खरीदते समय सोने और स्टोन के वजन को अलग-अलग तोलें, बिल में सोने और डायमंड का कैरेट और रेट अलग अलग लिखवाएं, हालमार्क का सर्टीफिकेट लें, यह चेक करें कि जो गहना आप लें रहे हैं उसमें कैरेट वेल्यू कितनी है। यूनिक कोड और ज्वेलरी का नाम लिखा है या नहीं। ज्वेलरी का बिल यानी इनबाक्स जरूर लें, बिना बिल के ज्वेलरी लेना ग्राहक के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ज्वेलर के मेकिंग चार्ज पर ध्यान दें, हर ज्वेलरी ब्रांड अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी देता है।

कई ज्वेलर इसी बेस्ट चार्ज या डीडकशन चार्ज के नाम से भी बिल में शामिल करते हैं, इसलिए पैसे देने से पहले इस पर बात जरूर करें। ज्वेलर मेकिंग चार्ज के नाम पर एक्सट्रा गहना महंगा हो जाता है। सोना एक्सचेंज किए जाने पर भी कुछ खास बातों पर फोकस करना जरूरी है। कैरेट मशीन में ज्वेलरी की शुद्धता और वजन, गहना गलाने से पहले ग्राहक से डिकलेरेशन फार्म पर साइन कराना, गहने को गलाने के बाद उसकी शुद्धता और वजन की दोबारा जांच, ग्राहक की बैंक डिटेल जमा करना, गले हुए सोने की रसीद ग्राहक को देना। केंद्र सरकार ने सोने की धोखेबाजी रोकने के लिए हालमार्किंग शुरू की थी। बावजूद उसके देश में नकली सोने के गहनें धड़ल्ले से बेचें जा रहे हैं। दुबई, मस्कट, बैंकाक, शारजहां और सऊदी अरब में सोने की तस्करी करके भारत लाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी भक्त

मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी भक्त मानी जाती है। मीराबाई ने जीवनभर भगवान कृष्ण की भक्ति की और कहा जाता है कि उनकी मृत्यु भी भगवान की मूर्ति में समा कर हुई थी। मीराबाई की जयंती पर कोई ऐतिहासिक रिकॉर्ड तो नहीं हैं, लेकिन हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन को मीराबाई की जयंती के रूप में मनाया जाता है। मीरा बाई के जीवन से जुड़ी कई बातों को आज भी रहस्य माना जाता है। गीताप्रेस गोरखपुर की पुस्तक भक्त-चरितांक के अनुसार मीराबाई के जीवन और मृत्यु से जुड़ी कुछ बातें बताई गई हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मीराबाई जोधपुर, राजस्थान के मेड़वा राजकुल की राजकुमारी थीं। मीराबाई मेड़ता महाराज के छोटे भाई रतन सिंह की एकमात्र संतान थीं। मीरा जब केवल दो वर्ष की थीं, उनकी माता की मृत्यु हो गई। इसलिए इनके दादा राव दूदा उन्हें मेड़ता ले आए और अपनी देख-रेख में उनका पालन-पोषण किया। मीराबाई का जन्म 17 अक्टूबर को 1498 के लगभग हुआ था। इतिहास में कुछ जगह यह मिलता है कि मीराबाई ने तुलसीदास को गुरु बनाकर रामभक्ति भी की, लेकिन कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि मीराबाई और तुलसीदास के बीच पत्रों के जरिए संवाद हुआ था। माना जाता है मीराबाई ने तुलसीदास जी को पत्र लिखा था कि उनके घर वाले उन्हें कृष्ण की भक्ति नहीं करने देते।

श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीराबाई ने अपने गुरु तुलसीदास से उपाय मांगा। तुलसी दास के कहने पर मीरा ने कृष्ण के साथ ही रामभक्ति के भजन लिखे। जिसमें सबसे प्रसिद्ध भजन है पायो जी मैंने राम रतन धन पायो। जोधपुर के राठौड़ रतन सिंह की इकलौती पुत्री मीराबाई का मन बचपन से ही कृष्ण-भक्ति में रम गया था। मीराबाई के बालमन से ही कृष्ण की छवि बसी थी, इसलिए यौवन से लेकर मृत्यु तक उन्होंने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। उनका कृष्ण प्रेम बचपन की एक घटना की वजह से अपने चरम पर पहुंचा था। बाल्यकाल में एक दिन उनके पड़ोस में किसी धनवान व्यक्ति के यहां बारात आई थी। सभी स्त्रियां छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थीं।

मीराबाई भी बारात देखने के लिए छत पर आ गईं। बारात को देख मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है। इस पर मीराबाई की माता ने उपहास में ही भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की तरफ इशारा करते हुए कह दिया कि यही तुम्हारे दुल्हा हैं। यह बात मीराबाई के बालमन में एक गांठ की तरह समा गई और वे कृष्ण को ही अपना पति समझने लगीं। विवाह योग्य होने पर मीराबाई के घर वाले उनका विवाह करना चाहते थे, लेकिन मीराबाई श्रीकृष्ण को पति मानने के कारण किसी और से विवाह नहीं करना चाहती थी। मीराबाई की इच्छा के विरुद्ध जाकर उनका विवाह मेवाड़ के राजकुमार भोजराज के साथ कर दिया गया। पति की मृत्यु के बाद मीरा की भक्ति दिनों-दिन बढ़ती गई। मीरा मंदिरों में जाकर श्रीकृष्ण की मूर्ति के सामने घंटों तक नाचती रहती थीं। मान्यताओं के अनुसार वर्ष 1547 में द्वारका में वो कृष्ण भक्ति करते-करते श्रीकृष्ण की मूर्ति में समां गईं थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### सोलह श्रृंगार



**रक्षा कुमारी**

*चूड़ी बिंदिया और सिंदूर भरा श्रृंगार होगा।*
*मन की दुआओं से बरसता प्यार होगा।*
*मेहंदी से लिखूंगी जब हाथों पे नाम।*
*रंग हिना का फिर सजना पर निसार होगा।*
*अंधेरों को चीरकर, सबकी दुआओं की आबरू को समेटे।*
*चांद बदली पर सवार होगा।*
*दिल की महफिल में रौनक उनकी झलक भर से होगी।*
*महबूब की सलामती से ही दिल गुले बहार होगा।*
*श्रद्धा की रात विश्वास की सौगात लिए,*
*चांद के आने से ही तो सबको पिया का दीदार होगा।*
*हो मुबारक सबको करवाचौथ का पर्व हो*
*अखंड सौभाग्यवती।*
*इसलिए ए चांद अब तो चलो*
*आज हर दिल को तेरा इंतजार होगा।*

# लोहा भी भस्म हो जाता है, जब लगती हैं गरीब की बद्दुआएं

कहते हैं जब गरीब की बदुआएं लगती है, तो लोहा भी भस्म हो जाता है। यह अटल सत्य है। गरीबों को मत सताओ समय बलवान है पाई-पाई का हिसाब मांगेगा, तब तुम रहम की भीख मांगोगे, मगर तब तक देर हो चुकी होगी। वक्त की मार से ऐसे धूर्त लोग कब तक बचेंगें। वक्त ऐसे नीच प्रवृति के लोगों को धराशायी कर देता है जो दूसरों के पेट में लात देकर अपना पेट पालते हैं। यह तथाकथित सिफारसी अमीर जिनका जमीर मर चुका है, समाज के वातावरण को गंदा कर रहे हैं। भले ही इन लोगों ने अवैध धंधे करके आलिशान बंगले बना लिए है, मगर खुदा ऐसे लोगों को मिटटी में मिलाएगा। ऐसे बेईमान लोग एक दिन आलिशान बंगलों में जमीदोज हो जाएंगें। समय-समय पर भगवान इन लोगों को सजा देता रहता है, मगर यह अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। गरीब आदमी का एक स्वाभिमान होता है। गरीब आदमी कभी भी किसी का बुरा नहीं कर सकता, जबकि गरीब को दबाने के लिए हर आदमी फिराक में रहता है कि कैसे उसे यूज किया जाए।

आज गरीब आदमी आत्मनिर्भर हो गया है। मेहनत से कमाता है। किसी आगे हाथ नहीं फैलाता है। गरीब आदमी का एक स्तर होता है, मगर अमीरी का लबादा ओढ़े कुछ तथाकथित अमीर बने लोगों का कोई स्तर नहीं है कि कब किस के साथ विश्वासघात कर दे, जबकि गरीब आदमी कभी किसी क साथ विश्वासघात नहीं कर सकता। गरीब आदमी कभी दिखावा नहीं करता, वह अपनी मर्यादा से बाहर नहीं जाता, क्योंकि यह जालिम जमाना उसे बदनाम करने का मौका ढूंढता रहता है।

गरीबों के साथ ईश्वर हमेशा रहता है। कुछ लोग चंद पैसों की खातिर अपना ईमान बेचते हैं। अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए गरीबों का गला घोंटते हैं। अमीर लोग साम, दाम दंड, भेद जैसी नापाक नीतियां अपनाकर भले ही सफल है, मगर ऐसे सफल लोग विफल हो जाते हैं, जब समय अपना रौद्र रूप दिखाता है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। गरीबों का मजाक उड़ाने वालों एक दिन तुम्हें अपने कर्मों की सजा जरूर मिलेगी। जब वक्त तुम्हें आईना दिखाएगा इसलिए अभी वक्त है कि संभल जाओं वरना मिटटी भी नसीब नहीं होगी, अपनी गंदी फितरतों को छोड़ दो। ऐसे गिरगिट प्रजाति के लोगों के चिथड़े हो जाते हैं। ऐसे लोगों को सजा जरूर मिलती है, जो दूसरों को दुख देकर अपना सुख तलाश करते हैं।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

ऐसे लोग अपने दुख से इतने दुखी नहीं है, जितने दूसरों के सुख देखकर दुखी है। आत्मकेंद्रित व फितरती तथा गिरगिटों की तरह रंग बदलने वाले मानव को नीच कर्मों की सजा जरूर मिलती है। आधुनिक युग में कुछ नीच प्रवृति के तथाकथित अमीर लोग दूसरों को नीचा दिखाने का धिनौना कर्म करते हैं, क्योंकि भगवान की चक्की जब चलती है, तो पाप व पापी को पिस कर रख देती है। चरित्रहीनता की सारी हदे लांघने के बाद भी इतराते हैं। समाज में पैसे के बल पर हर आदमी को खरीदना चाहते हैं। दूसरों के खिलाफ षड़यत्र रचते हैं, मगर कहते हैं सांच को आंच नहीं आती। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है, बेईमान औधें मुंह गिरे है। कुछ तथाकथित अमीर शराब को ही जिंदगी मान बैठे हैं। जब तक शराब न मिले तब तक इन लालचियों को चैन नहीं आता। भले ही इन्हें जितना अच्छा खाना खिला दो, लेकिन शराब के बिना नहीं रह सकते। हर रोज शराब पीने का बहाना ढूंढ लेते हैं। अपने मजे के लिए गरीबों का इस्तेमाल करते है।

राक्षसों की तरह मांस-मदिरा का सेवन करते हैं। यह तथाकथित अमीर बने लोग कई जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त है। मगर शराब को ही सब कुछ मान बैठे है। बुराई की हमेशा हार हुई, अच्छाई सदा जीत ही हासिल करती है। इन तथाकथित अमीरों के चिराग हर प्रकार के नशा के आदि है, मगर इन्हें दूसरों के बच्चे तो नशा करते दिख जाते हैं, मगर अपने बिगड़ैल व नशेड़ियों की करतूते नजर नहीं आती, जो हर समय धुत रहते हैं। कहते हैं अपने चेहरे के दाग किसे नजर आते हैं, मगर वक्त सब को आईना दिखा देता है। आज के आधुनिक इंसानों में संवेदनाएं मरती जा रही है और संवेदनहीनताएं बढ़ती जा रही है। इंसान माया के जाल में इतना उलझा हुआ है कि उसके आगे इंसान को बौना समझता है। इस माया के तराजू पर रिस्ते तोले जा रहे हैं। माया के लिए न तो समाज की परवाह है और न भगवान का डर है। आज माया के कारण रिश्ते टूटते जा रहे हैं। मगर कहते हैं कि रिश्ते अगर एक बार टूट जाए और बाद में मिल भी जाए, तो दरारें कभी नहीं भरती।

माया के कारण इंसान अंधा होता जा रहा है और अपना विवेक खो चुका है। माया इकट्ठी करने के चक्कर में आज आदमी इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। यह घटिया किस्म के माया के भूखे लोग एक दिन भूखे ही मर जाएंगें। विडंबना देखिए कि आज मानव माया को ही सब कुछ मान बैठा है। कुछ तथाकथित अमीर आज मजदूरों की कमाई से महल बना रहे हैं, मगर जिस दिन यह मजदूरों का पसीना अपना रंग दिखाएगा महल धराशायी हो जाएंगें। मजदूरों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता है। धन्नासेठ बने लोग मजदूरों की गाढ़ी कमाई से ऐश कर रहे हैं, मगर कहते हैं जो मजदूरों का हक मारता है, ईश्वर उसे जरूर सजा देता है। मजदूरों की पसीने की कमाई से अपने बच्चों को हाई-फाई स्कूलों में पढ़ा रहे हैं और मजदूरों के बच्चे तरस रहे हैं। माता- पिता ने संसार दिखाया, आज उन्हीं के लिए समय नहीं है, ऐसे औलादें इंसान नहीं राक्षस हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विकास की गोद में खेलना चाहते हैं शिलाई के रमणीक स्थल

जिस प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है, जिस पर्यटन के कारण प्रदेश की आर्थिकी का एक बड़ा हिस्सा हिमाचल प्रदेश के विकास में अपनी एक अहम् भूमिका भी निभा रहा है और हिमाचल प्रदेश जैसे सुंदर और वातानुकूलित पहाड़ी प्रदेश में पर्यटनों का रुख हमेशा हिमाचल प्रदेश की ओर देखने एवं सुनने को मिलता है। जिस प्रदेश में अनेक ऐसे पर्यटन क्षेत्र शामिल हैं, जिन क्षेत्रों की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी है। जैसे शिमला, कुफरी, डलहौजी, रेणुका जी, डल झील, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, मनाली, कुल्लू, बीड़ बिलिंग मलाना, कसौली इत्यादि अनेक क्षेत्र पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आपको जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के बेहतरीन रमणीक स्थलों से रू-ब-रू करवाने का प्रयास करेंगे, जो रमणीक स्थल अपनी सुंदरता और प्राकृतिक धरोहर से सुसज्जित है, परंतु वर्तमान में ऐसे तमाम स्थल मानों विकसित होने के लिए बेताब हो रहे हैं, शिलाई विधानसभा क्षेत्र में चानदपुरधार एक ऐसा रमणीक एवं धार्मिक स्थल माना जाता है।

जहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिस क्षेत्र में घने देवदार के पेड़ हरी-भरी घास और सुंदर- सुंदर वादियां मानों अपनी प्राकृतिक छटाओं से एक ही आवाज दे रहा हो कि मुझे भी समय के साथ विकसित किया जाए, जिस क्षेत्र में एक प्रसिद्ध मंदिर भी विराजमान हैं जो चंद्रेश्वर महाराज के नाम से प्रसिद्ध है, जहां हर वर्ष एक विशाल मेला भी लगता है।

वहीं चानदपुरधार को अगर प्रदेश सरकार एवं पर्यटन विभाग ऐसे क्षेत्र को उभारने का प्रयास करतीं हैं, तो निश्चित तौर पर स्थानीय लोगों को रोजगार एवं प्रदेश सरकार को भविष्य में आर्थिकी का लाभ मिलता रहेगा, जिस क्षेत्र में उचित पानी की व्यवस्था, ठहरने के लिए उचित प्रावधान, पक्की सड़क मार्ग से जोड़ना, इत्यादि अगर विशेष व्यवस्था होती है, तो निसंदेह इस क्षेत्र में विकास की दृष्टि से चार चांद लग सकतें हैं। वहीं स्थानीय युवाओं एवं लोगों का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि ऐसे रमणीक क्षेत्रों के बारे में सोशल मीडिया और अन्य मंचों के माध्यम से जानकारी प्रदान की जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे रमणीय क्षेत्र की ओर पर्यटकों का रुख देखने को मिलता रहे, इस प्रकार के शिलाई विधानसभा में अनेक रमणीक स्थल पाएं जाते हैं। वहीं इस विशेष क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में उद्योग संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से भी निवेदन और सुझाव रहेगा कि वे शिलाई क्षेत्र के ऐसे तमाम रमणीक स्थलों को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का प्रयास करें, ताकि शिलाई क्षेत्र भविष्य में एक पर्यटन क्षेत्र के रूप विकसित हो सकें।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं आन्ज भोज का निगाली क्षेत्र भी अपनी प्राकृतिक धरोहर से सुसज्जित है, अगर इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो जातीं हैं, तो भविष्य में यह क्षेत्र अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। वहीं शिलाई क्षेत्र का गिरनौल क्षेत्र भी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध माना है जिस क्षेत्र में प्राचीन शिव मंदिर भी मौजूद हैं और श्रद्धालुओं का सालभर तांता लगा रहता है, परंतु पर्यटन के क्षेत्र में अगर विकसित किया जाता है तो गिरनौल क्षेत्र की पर्यटन एवं धार्मिक रूप से लोकप्रियता और भी अधिक बढ़ती जाएगी, ऐसी उम्मीद जरूर करते हैं, तो वहीं जुईनधार जैसे प्राकृतिक स्थल को भी कहीं न कहीं पर्यटन एवं विकास की दृष्टि से विकसित करने की परम् आवश्यकता है। जिस क्षेत्र में हरे भरे देवदार के पेड़ और सुंदर क्षेत्र माना जाता है। जिस क्षेत्र में अभी तक सड़क सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पाई है, अगर इस क्षेत्र में सड़क सुविधा उपलब्ध हो जाती है तो निश्चित तौर पर अन्य क्षेत्रों एवं प्रदेशों से भी पर्यटक ऐसे खास रमणीक स्थलों की और अपना रुख जरूर करेंगे। वहीं शिलाई क्षेत्र का खजियार जैसा क्षेत्र भी पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है जहां छोटे छोटे प्राकृतिक झरने से आते जाते राहगीरों और पर्यटकों को लुभाया जा सकता है और अगर प्रदेश सरकार इस और विशेष ध्यान केंद्रित करतीं हैं, तो जिन झरनों के विकसित होने पर स्थानीय लोगों को रोजगार और इन क्षेत्रों की लोकप्रियता भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाएगी।

वहीं शिलाई बाजार के साथ लगती ऊंची भुआने की चोटी जिस क्षेत्र की सुंदरता महाविद्यालय के साथ- साथ बर्फ के कारण और अधिक प्राकृतिक सुंदरता से लबालब रहतीं हैं। जिस क्षेत्र में लोग दूर-दूर से इस क्षेत्र को निहारने एवं देखने को आते हैं और प्राकृतिक सुंदरता का लुत्त उठाते हैं, शिलाई क्षेत्र में बहुत सारे क्षेत्र रमणीक स्थलों के रूप में विकसित हो सकते हैं, जिसमें से जैसे कफोटा, नैनिधार, ठोंठा जाखल की रानुई धार का सुंदर प्राकृतिक दृश्य,बायरग धार, रौनहाट, जामना, इत्यादि क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता एवं विभिन्न विशेषताओं के लिए जाना जाता है अगर सरकार इस ओर विशेष ध्यान आकर्षित करती है, तो संभवत: शिलाई क्षेत्र की संभवत: पर्यटन की दृष्टि से कहीं न कहीं कायाकल्प हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वाल्मीकि जयंती पर सरकाघाट में किया शस्त्र पूजन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा मेन बाजार सरकाघाट में महाऋषि वाल्मीकि जयंती और विजयदशमी पर शस्त्र पूजन व पथ संचलन का आयोजन किया, जिसमें रखोटा और गोपालपुर खंड के सभी स्वयंसेवक और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीकांत, जो धर्म जागरण के संयोजक हैं, ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पण का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक बलदेव ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और संगठन की सराहना की। इस अवसर पर शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने पूरे बाजार से डबरोग तक शांतिपूर्ण पथ संचलन किया, जो नगर वासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। नगरवासियों ने इस आयोजन का स्वागत किया और स्वयंसेवकों की एकता और अनुशासन की सराहना की।

### परिचालक राजेंद्र कुमार चौथी बार सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम धर्मपुर डिपो में कार्यरत परिचालक राजेंद्र कुमार को उनके सराहनीय कार्यों के लिए उनके छह वर्षों के छोटे से कार्यकाल में चार बार सम्मानित किया गया। राजेंद्र कुमार को हाल ही में आयोजित हिमाचल पथ परिवहन निगम के 50 वर्षों के पूर्ण होने के समारोह पर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री द्वारा शिमला में कैशलेस लेनदेन करने पर श्री प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। राजेंद्र कुमार अपने कुशल व्यवहार के कारण बस सफर करने वाली सवारी के दिल जीतने में भी कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

### महंगाई भत्ता देने पर चहका एचजीसीटीए



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल सरकार द्वारा कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जनवरी, 2023 से देने की अधिसूचना पर एचजीसीटीए ने खुशी का इजहार व्यक्त किया है। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्तूबर माह में मिलने वाले वेतन के साथ जुड़ कर आएगा। इस माह का वेतन और पेंशन भी 28 तारीख को ही कर्मचारियों व पेंशनरों के खाते में आ जाएगा। यह निर्णय त्योहारों को ध्यान कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए यह खुशी की बात है। हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की अध्यक्षा बनिता सकलानी ने अपनी टीम की ओर से मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार के कर्मचारी हितैषी होने के संकेत हैं जिससे कर्मचारियों और सरकार में विश्वास और भी ज्यादा बढ़ेगा।

### कटौला में लगाया ग्राहक जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्रामीण बैंक की कटौला शाखा में विजिलेंस अवेयरनेस ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मुंबई से आए अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय गंगाधर कडू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार सिंह, महा प्रबंधक सुधीर कुमार, कर्मवीर सिंह शेखावत, सतर्कता अधिकारी पोविंदर ठाकुर एवं क्षेत्रीय कार्यालय मंडी के मुख्य प्रबंधक अनूप और मार्केटिंग अधिकारी विमान पांडे तथा शाखा कटोला की सहायक प्रबंधक अर्चना कौशल व मृदुल शर्मा कार्यालय सहायक अंकित व कुमारी साक्षी ने भागीदारी दी।

### महासंघ के मोती राम बने मुख्य सलाहकार

**मंडी।** संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ जिला मंडी की बैठक बाबा भूतनाथ मंदिर सराय मंडी में प्रधान विशंभर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। विशंभर ठाकुर ने बताया कि जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। प्रधान विशंभर ठाकुर, उपप्रधान पंकज बल्द्वाड़ा, चंद्रे राम पधर, रणजीत सिंह जोगिंद्रनगर, स्टेट डेलीगेट सतीश जोगिंद्रनगर, अवतार सिंह, राज्य प्रतिनिधि धर्मेंद्र बल्ह, संगठन महामंत्री राजीव ठाकुर बल्ह, संगठन सहमहामंत्री राजीव कुमार भद्रोता, मुख्य सलाहकार मोती राम करसोग, सलाहकार जगदीश चंद डैहर, सहसचिव प्रकाश चंद सदर, सहसचिव संजीव कुमार उपायुक्त कार्यालय, कार्यालय सचिव निखिल ठाकुर उपायुक्त कार्यालय, मीडिया प्रभारी नितिन कुमार मकरीड़ी व विजय कुमार बगशाड़, कोषाध्यक्ष दलीप सिंह कोटली, सह कोषाध्यक्ष देशराज सदर, क्षेत्रीय सचिव गोपाल करसोग, नरेश थाची, संजीव कुमार व पंकज डैहर को बनाया गया। सदस्यों में शिल्पा करसोग, दीक्षा सदर, गीतांजली सदर, भारती कोटली, भाग सिंह कोटली, भारती कोटली, दिनेश कुमार पधर, टेक चंद पांगणा, शेर सिंह बागाचुनोगी, रेणू डोगरा बल्ह, अंजना बल्ह, किरण थुनाग, कशमीर सिंह औट व रोहित सदर को बनाया गया।

### समूह नृत्य में जालपा कालपा हरनोडा महिला मंडल प्रथम




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एनटीपीसी कोलडैम ने ग्रामीण महिला लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों की 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी पारंपरिक कला, लोक नृत्य और संगीत का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, संगिनी संघ की अध्यक्षा रेखा ठाकुर, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन उमेश कुमार, अपर महाप्रबंधक सुगता दासगुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर डॉ. अंजुला अग्रवाल और सहायक प्रबंधक सीएसआर पूरन सिंह की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन और परियोजना प्रमुख के उद्घाटन भाषण के साथ हुआ। प्रतियोगिता में बिलासपुर, मंडी, सोलन और कसोल के लगभग 13 महिला मंडलों ने भाग लिया, जिसमें चार प्रतियोगिताएं- समूह नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य और एकल गायन शामिल थीं। प्रतियोगिता के समूह नृत्य में पहला पुरस्कार जालपा कालपा हरनोडा महिला मंडल, दूसरा पुरस्कार नव जागृति महिला मंडल धानियारा और तीसरा पुरस्कार जागृति महिला मंडल हरनोडा को मिला।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने जोगिंद्रनगर में किए आठ परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास

# सीएम ने दी 76.31 करोड़ की सौगात

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को जिला मंडी के जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 76.31 करोड़ रुपए लागत की आठ परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 23.90 करोड़ रुपए की लागत से मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में नवनिर्मित भवन बी और डी ब्लॉक का लोकार्पण किया।

उन्होंने 10.50 करोड़ रुपए की लागत से राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में नवनिर्मित सभागार, 8 करोड़ रुपए की लागत से जोगिंद्रनगर-सरकाघाट-घुमारवीं सड़क पर रणा खड्ड पर बने पुल और ग्राम पंचायत पसल व सगनेहड़ में 3.70 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल योजना का उद्घाटन किया। सुक्खू ने जोगिंद्रनगर में 13.66 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम पंचायत ढेलू, निचला गरोडु, दारट बगला इत्यादि क्षेत्रों के लिए पुरानी पेयजल आपूर्ति योजना के सुधारीकरण व विस्तारीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने 7.10 करोड़ रुपए से गांव डोल में तथा 7.21 करोड़ रुपए की लागत से डोल नाला, छो नाला और गदयाड़ा नाला में तटीयकरण परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 2.24 करोड़ रुपए की लागत से सरोहली-सुक्कड खड्ड पर बनने वाले पुल का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने मंडी जिला की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए देई 2.0 कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सात बच्चियों को सम्मानित किया। उन्हें 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 32 सड़कों के निर्माण के लिए राज्य सरकार पूरी धनराशि प्रदान करेगी। जोगिंद्रनगर अस्पताल में सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। मकरेड़ी स्कूल का नया भवन बनाया जाएगा और जोगिंद्रनगर आईटीआई में नए ट्रेड शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने भरमेरा-बनोग में पुल के निर्माण और छम्ब कुठेहड़ा बड्डू सड़क के साथ-साथ बेली ब्रिज बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।




आठ परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री।

### सुरेंद्रपाल की गैर मौजूदगी रही चर्चा में

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस विधायक ठा. सुरेंद्रपाल की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। हालांकि इस पर मुख्यमंत्री या अन्य किसी ने कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनकी अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए। हालांकि मुख्यमंत्री को जोगिंद्रनगर 11 बजे पहुंचना था, लेकिन सभा स्थल पर करीब ढाई घंटे की देरी से पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### नशे के लिए पूर्व भाजपा सरकार जिम्मेदार: जीवन ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने नशे की समस्या (चिट्टा) के लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। वहीं कस पंचायत के प्रधान देवेंद्र चौहान ने समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही कृषि विकास संघ मझारनू मनोह के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मझारनू-स्यूरी, मनोह और भल्यांद्रा की क्षतिग्रस्त कूहल (नहर) के पुनर्निर्माण की मांग की। जोगिंद्रनगर बार एसो. ने तहसील परिसर की भूमि को न्यायालय भवन के निर्माण के लिए उपलब्ध कराने की मांग रखी।



सीएम व जीवन ठाकुर लोगों क अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंडी का दबदबा



मैदान में जीत के लिए जोर आजमाइश करते हुए खिलाड़ी।

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

धर्मपुर में आयोजित 14 वर्ष से कम आयु वर्ग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेजबान मंडी का दबदबा रहा। राज्य निदेशालय के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने बताया कि कबड्डी का पहला मुकाबला कल्लू और हमीरपुर के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर विजेता रहा। दूसरा मुकाबला सोलन और कल्लू के बीच खेला गया, जिसमें सोलन विजेता रहा। तीसरा मुकाबला लाहौल स्पीति और चंबा के बीच खेला गया जिसमें चंबा विजेता रहा।

चौथा मुकाबला मंडी और लाहौल स्पीति के बीच खेला गया, जिसमें मंडी विजेता रहा। पांचवां मुकाबला कांगड़ा और सिरमौर के बीच खेला गया, जिसमें सिरमौर विजेता रहा। छठा मुकाबला शिमला और बिलासपुर के बीच खेला गया, जिसमें शिमला विजेता रहा। खो खो का पहला मुकाबला कांगड़ा और बिलासपुर के बीच खेला गया, जिसमें बिलासपुर विजेता रहा। दूसरा मुकाबला सिरमौर और चंबा के बीच खेला गया, जिसमें चंबा विजेता रहा है। तीसरा मुकाबला सोलन और लाहौल स्पीति के बीच खेला गया, जिसमें सोलन विजेता रहा। चौथा मुकाबला शिमला और किन्नौर के बीच खेला गया, जिसमें शिमला विजेता रहा।

पांचवां मुकाबला मंडी और कांगड़ा के बीच खेला गया जिसमें मंडी विजेता रहा। छठा मुकाबला हमीरपुर और सिरमौर के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर विजेता रहा। सातवां मुकाबला उन्ना और किनौर के बीच खेला गया, जिसमें उन्ना विजेता रहा। आत्मा मुकाबला सोलन और कल्लू के बीच खेला गया, जिसमें सोलन विजेता रहा। वॉलीबॉल के पांचवें मुकाबले में मंडी विजेता रहा।

## मनरेगा के तहत घरबासड़ा गांव में बना अमृत सरोवर

**आदर्श यादव, नेरचौक**

मंडी जिला के विकास खंड धनोटू की बग्गी पंचायत के घरवासड़ा गांव में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। मनरेगा के तहत तैयार किए गए अमृत सरोवर का पंचायत के तीन गांवों को सीधा लाभ मिल रहा है। मनरेगा योजना के तहत बने अमृत सरोवर से गांव वासी अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। साथ ही इसमें स्टोर किए जाने वाले पानी का प्रयोग पेयजल के लिए भी कर सकते हैं।

गांववासी पंचायत द्वारा निर्मित किए गए अमृत सरोवर से बेहद प्रसन्न है। गांववासी प्रेम सिंह ने अमृत सरोवर का चयन बग्गी पंचायत के लिए किए जाने पर सरकार, प्रशासन तथा ग्राम पंचायत का आभार प्रकट किया है।



स्थानीय पंचायत के वार्ड सदस्य तीखू राम, लक्ष्मी चंद व कमला देवी ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर का जो निर्माण किया गया है। इसके साथ-साथ यहां एक बड़ा पार्क भी पंचायत बनाने जा रही है ।

## बागवानी मंत्री ने किया उद्यान केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कोटली**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी कोटली उपमंडल के समराहन में स्थित बागवानी विभाग के फल संतति एवं प्रदर्शन उद्यान केंद्र का निरीक्षण किया। समराहन प्रदर्शन उद्यान में उपयुक्त स्थान को देखते हुए यहां एचपी शिवा परियोजना का संस्थान खोलने पर विचार किया जा रहा है।



जानकारी देते उपनिदेशक बागवानी डॉ. संजय गुप्ता।

उन्होंने कहा कोटली क्षेत्र में लोगों के पास बागवानी के लिए काफी मात्रा में भूमि के साथ पानी उपलब्ध है। उन्होंने लोगों की मांग पर बताया कि धन्यारा की भांति समराहन गांव 200 बीघा भूमि को एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत कलक्स्टर विकसित किया जाएगा और कलस्टर में इस क्षेत्र के पर्यावरण के अनुकूल फल लगाए जाएंगे। हिमाचल के सब ट्रापिकल क्षेत्र में 1200 करोड़ की एचपी शिवा परियोजना की जा रही है। छह हजार हेक्टेयर भूमि को इसके अंतर्गत लाया जाएगा।

इस समराहन केन्द्र में यूएसए से आयातित उन्नत किस्म के स्टोन फ्रूट बादाम, आड़ू, प्लम, खुमानी, अखरोट और जापानी फल के पौधे लगाए जाएंगे और इन पौधों का रूट स्टॉक तैयार कर किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। यहां पर विदेशी किस्म के सेब के पौधे एम 9 टी-337 रूट स्टॉक तैयार की जा रहे हैं। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को फागला-समराहन और फागला-छानी सड़क को एक सप्ताह में दुरस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष चंपा ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश पटयाल, परियोजना निदेशक एचपी शिवा डॉ. देवेन्द्र ठाकुर, उप निदेशक बागवानी डॉ. संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ढेलू गांव में पराली में लगी आग

**जोगिंद्रनगर।** ढेलू गांव में वीरवार को एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई, जब गांव निवासी ज्ञान सिंह के घर के पास पराली में आग लग गई। समय रहते दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और ज्ञान सिंह के पिता राम सिंह का मकान सुरक्षित रहा।

घटना के संबंध में अग्निशमन विभाग के प्रभारी कर्म सिंह ने बताया कि ढेलू निवासी ज्ञान सिंह के घर के पास रखी पराली में किसी कारणवश अचानक आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने समय रहते मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस हादसे में लगभग पांच हजार रुपए की पराली जलकर राख हो गई।

### मारपीट करने पर मामला दर्ज

**नेरचौक।** बल्ह थाना में डंडे व कुदाली से मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कठयाल-कुम्मी निवासी विनय कुमार पुत्र डुमराम ने शिकायत दर्ज करवाई है कि इसके चाचा रामलाल ने मुसतीका जमीन पर दीवार लगाने का काम लगाया था और पूरा परिवार कार्य कर रहा था तो दूसरे चाचा अमर सिंह व पड़ोसी निकाराम और उसके परिवार के लोगों ने सरिया के पिलरों को उखाड़ दिया और डंडे व कुदाली से मारपीट की है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दिया है। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने की है।

## आरएसएस के स्वयंसेवकों ने शहर में किया पथ संचलन



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में स्वयंसेवक।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के नगर क्षेत्र का विजयदशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन का भव्य आयोजन गुरुवार को किया गया।

संघ के सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस को महर्षि वाल्मीकि जयंती को भी मनाया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में मंडी विभाग के संघचालक दुर्गा दत्त शर्मा, नगर संघ चालक गोविंद चौहान, जिला संघ चालक श्याम लाल कश्यप, नगर कार्यवाह प्रेम सिंह ठाकुर, विभाग कार्यवाह खुशाल, वरिष्ठ स्वयंसेवक कमल सिंह सेन सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में स्थानीय समाजसेवी एवं व्यापार मंडल सुंदरनगर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## मंडी में वाल्मीकि सभा ने मनाया वाल्मीकि प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान, मंडी**

छोटी काशी मंडी में वाल्मीकि सभा मंडी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व संध्या बुधवार को शहर में झांकी भी निकाली गई।

वहीं वीरवार सुबह साढ़े 11 बजे वाल्मीकि मंदिर में पूजा पाठ एवं भजन आदि कार्यक्रम शुरू हो गया और झंडा रस्म को पूरा करने पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा की यह दिन बहुत ही खुशी का दिन है जिस दौरान श्रद्धालु भजन कीर्तन करते है और बहुत अच्छा भी लगता है। वहीं वाल्मीकि सभा मंडी के प्रधान रोशन लाल ने बताया कि गुरु पर्व प्रक्टोत्सव पुरे देश भर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और मंडी में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान भजन करती महिलाएं।

उन्होंने बताया कि वाल्मीकि सभा मंडी द्वारा दो दिन इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें एक दिन शोभायात्रा और प्रक्टोत्सव के दौरान झंडा रस्म को किया जाता है और साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं दी।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ माकपा छेड़ेगी अभियान : कुशाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों में बैग के साथ सफर करने पर अलग से किराया अदा करने के फैसले का मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकाघाट मेंआयोजित सम्मेलन में विरोध किया है और इस फैसले को रद्द करने की मांग उठाई। सरकाघाट में दिवगंत पार्टी नेता सीता राम येचुरी हाल में आयोजित पार्टी के क्षेत्रीय सम्मेलन में इस बारे भूपेंद्र सिंह द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।



सम्मेलन के दौरान मौजूद सदस्य एवं कार्यकर्ता ।

सम्मेलन का उदघाटन जिला सचिव व राज्य सचिवमण्डल सदस्य कुशाल ने किया।

अध्यक्षता सुरेश शर्मा, करतार सिंह चौहान और प्रमीला ठाकुर ने की। जिला सचिव मंडल सदस्य राजेश शर्मा और सुरेश सरवाल भी इसमें शामिल हुए और पांच दर्जन सदस्यों ने भाग लिया। कुशाल भारद्वाज ने कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को दो साल पहले सत्ता सौंपी है लेकिन ये सरकार अपने चुनावी वायदों के विपरीत दिशा में काम कर रही है और आम जनता पर बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार के खिलाफ जनता की मांगों के लिए अभियान शुरू करने जा रही है। जिसके तहत 11 नवंबर को खंड स्तर, 14 नवंबर को जिला स्तरीय रैली और 28 नवंबर को शिमला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### मेडिकल कॉलेज की पार्किंग से बाइक चोरी

**नेरचौक।** मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पार्किंग में खड़ी की गई बाइक चोरी हो गई है। इस सबंध में पुलिस थाना बल्ह में अंकित पुत्र बालकराम गांव नौरू-भंगरोटू ने शिकायत दर्ज करवाई कि यह मेडिकल कॉलेज नेरचौक में नौकरी करता है। 14 अक्टूबर को अपनी बाइक नंबर एचपी 33 बी 9033 को मेडिकल कॉलेज के एडमिन ब्लॉक में पार्क किया था, जो शाम के समय वहां मौजूद न थी।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने की है।

## सुंदरनगर-गोभड़ता बस एक सप्ताह से नहीं पहुंच रही अपने निर्धारित स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की सुंदरनगर गोभड़ता चलने वाली बस पिछले एक सप्ताह से निर्धारित स्थान पर नही पहुंच रही है। इस बस सेवा को गोभड़ता से पांच किलोमीटर पीछे पटड़ीघाट में रोक दिया जाता है। गोभड़ता जाने वाले लोगों को पटड़ीघाट से निजी वाहन कर गोभड़ता जाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों में वार्ड पंच हेम राज पूर्व वार्ड पंच दिना नाथ महिला मंडल की प्रधान चंपा देवी, राजेंद्र कुमार, तुलसी राम, बिनु, गीता नद, राजेंद्र कुमार, हेमकांत, डिंपल आदि लोगों का कहना है सुंदरनगर डिपो की सुंदरनगर गोभड़ता बस पटड़ीघाट में रोक देते हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक अधिकारी सुंदरनगर अजेंद्र कुमार चौधरी से बात करने पर इन्होंने बताया कि मामला ध्यान में नही था सुंदरनगर गोभड़ता बस को उसके निर्धारित स्थान पर क्यों नहीं ले जाया जाता है इसके लिए चालक परिचालकों से जवाब तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही रूट पर बस भेज दी जाएगी।

**राहत** लंबे संघर्ष के बाद कपाही-लेदा सड़क को फोरलेन पर कनेक्टिविटी मिलने पर जनता हुई गदगद

# पुंग-नौलखा फोरलेन पर बनेंगे 2 बस स्टॉप व 2 फुटओवर ब्रिज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के पुंग-नौलखा फोरलेन पर कपाही लेदा सड़क को कनेक्टिविटी मिलने पर स्थानीय जनता ने स्थानीय विधायक राकेश जंवाल सहित केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं एनएचएआई प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि पिछले काफी समय से सुंदरनगर और बल्ह क्षेत्र की लगभग 30 पंचायतों के लोग कपाही-लेदा-रिवालसर सड़क की फोरलेन के साथ कनेक्टिविटी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी कर रहे थे। एनएचएआई प्रबंधन से इस मांग पर सहमति न बनने पर प्रभावित पंचायतों का एक प्रतिनिधिमंडल सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल से मिलकर मामले पर मांगपत्र भी सौंपा था। वहीं विधायक ने दिल्ली जाकर इस जनहित के मामले की पूरी जानकारी केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को दी थी। उसके बाद नितिन गडकरी के ध्यान में मामला आने पर उन्होंने एनएचएआई प्रबंधन को इस कनेक्टिविटी के लिए आदेश देने पर अब यह सौगात लोगों को मिली है। इस कनेक्टिविटी से ग्राम पंचायत कपाही, अरठी, लेदा, कठयाहूं, हल्यातर, दसेहड़ा, लोहारडी, कोठी, बरस्वान सहित तमाम रिवालसर क्षेत्र, जाहू क्षेत्र व ऊना तक की जनता लाभान्वित होगी।



कपाही-लेदा सड़क को फोरलेन पर कनेक्टिविटी मिलने पर एकत्रित हुए लोग

**30 पंचायतों के लोग फोरलेन से कनेक्टिविटी की मांग को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन**

विधायक राकेश जंवाल ने इस कनेक्टिविटी के लिए जनता को कहा कि इस कनेक्टिविटी के साथ-साथ जल्द ही जनता की मांग पर पुंग-नौलखा फोरलेन पर 2 बस स्टॉप व 2 फुटओवर ब्रिज भी जल्द बनने जा रहे हैं जिसके लिए वे केंद्र से साढ़े 6 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करवा कर लाए हैं। जनता एवं जनहित के कार्य सर्वोपरि हैं तथा जनता की सेवा करना ही उनका पहला कार्य एवं धर्म है।

### अब छह साल से छोटे बच्चों को पहली कक्षा में मिल सकेगा दाखिला

## उच्च न्यायालय ने हजारों छात्रों को दी राहत : नीरज

**अनंत ज्ञान, मंडी**



उच्च न्यायालय ने प्रदेश भर के हजारों छात्रों को राहत देते हुए इस शैक्षणिक वर्ष में छह साल से छोटे बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला देने से इंकार नहीं किए जाने का फैसला सुनाया है। यह बात याचिकाकर्ता अधिवक्ता नीरज कुमार शाश्वत ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करते हुए इस वर्ष से पहली कक्षा में प्रवेश की आयु छह साल निर्धारित की थी। ऐसे में प्रदेश भर के छह साल से कम आयु के हजारों छात्र पहली कक्षा में प्रवेश लेने से वंचित हो गए थे। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 6 साल से 14 साल तक के बच्चे को अनिवार्य और मुक्त शिक्षा का प्रावधान है। इन्हें लागू करने के लिए नई शिक्षा प्रणाली 2020 में नर्सरी बाल वाटिका-एक के लिए तीन वर्ष, एलकेजी बाल वाटिका-2 के लिए 4 वर्ष और यूकेजी बाल वाटिका-3 के लिए वर्ष 5 वर्ष की आयु होना निर्धारित किया है। इस शिक्षा नीति के तहत 6 वर्ष से छोटी आयु के बच्चे को पहली कक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है। यह स्वीकार्य तथ्य है कि प्रदेश सरकार नयी शिक्षा नीति को मान्यता प्राप्त स्कूलों में लागू कर रही है। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता की तरह के छात्रों को यूकेजी में दूसरी बार बैठाने से नयी शिक्षा नीति 2020 का कोई प्रयोजन हल नहीं होता।

ऐसे में न्यायालय ने याचिकाओं को स्वीकारते हुए प्रदेश सरकार को नयी शिक्षा नीति-2020 को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के जिन छात्रों की आयु छह साल से कम है और जिन्होंने प्री-स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा किया है उन्हें पहली कक्षा में प्रवेश लेने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# न्यूज ब्रीफ

## वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ साहिब में सृष्टि कर्ता प्रभु वाल्मीकि का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास की अध्यक्षता में संगत की मौजूदगी में श्रद्धासुमन के फूल भेंट किए । सुरिंद्र दास ने कहा महाऋषि वाल्मीकि एक कवि ही नहीं, बल्कि वह रामायण के रचयिता भी थे। हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए जिससे हमारा जीवन सफल भी सके। इस अवसर पर संत दयाल चंद बंगा, संत कर्म चंद भाटिया, मनजीत मूंगोंवालिया, काला, रजिंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, राम सिंह सहित अन्य संगत मौजूद रही।

## स्वयंसेवियों ने आग बुझाने के तरीके सीखे



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा हरोली में वीरवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान आग पर काबू कैसे किया जाता है, इसकी तकनीक की जानकारी ली। अग्निशमन विभाग के सुनील दत्त, रवींद्र कुमार और दर्शन ने स्वयंसेवियों को यह जानकारी प्रदान की। बीते रविवार को इस शिविर का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर ने किया था। पांच दिनों में स्वयंसेवियों ने जल स्वच्छता, पुलिस कार्यप्रणाली और आग पर नियंत्रण करने समेत कई विषयों पर जानकारी हासिल की। इस कार्यक्रम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभा कुमारी, प्रोग्राम ऑफिसर, राजेंद्र कुमार, रुचिका शर्मा, लेक्चर आशा देवी, कमलेश कुमारी, संजीव कुमार, विक्रम सिंह तथा एसएमसी प्रधान आदि शामिल रहे।

## स्वयंसेवियों ने सीखे डोने और पत्तल बनाने



**विनोद शर्मा, लठियानी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में राष्ट्रीय सेवा योजना के सुबह के समय स्वयंसेवियों ने मां सरस्वती का गुणगान करते हुए माहौल भक्तिमय कर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल ने स्वयंसेवियों को खेलकूद प्रतियोगिता करवाई ताकि वे सभी स्वस्थ रहें और समाज को भी व्यायाम के बारे में जानकारी दें। निर्मला देवी गांव गहरा कोठी जो कि किसी विशेष वृक्ष (टोर) के पत्तों से पत्तल और डोने बनाकर अपनी रोजी रोटी कमाती हैं, स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल ने बताया कि स्वयंसेवकों ने पतलें और डोने बनाकर दोपहर का भोजन उन्हीं पतलों में किया। लिपिक सुमन लता द्वारा स्वयंसेवियों को डाकघर और बैंक में खाता खोलने के लिए फॉर्म भरने एवं पैसे निकलवाने व जमा करवाने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। रामकली के द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण को ही बढ़ावा देते हुए ऊन के स्वेटर, दस्ताने, टोपी इत्यादि कई प्रकार के ऊन का प्रयोग के करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## भगवती जागरण में श्रद्धालुओं ने मांगी मनोकामनाएं



**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्थानीय नगर के वार्ड एक स्थित शनिदेव मंदिर के पास बीती रात बुधवार को मां भगवती का जागरण आयोजित किया गया। इस मौके पर शहरवासियों ने यहां सजाए गए मां के खूबसूरत भवन में सुशोभित मां की मूर्ति को माथा टेक मनोकामनाएं मांगीं और आशीर्वाद लिया। इस दौरान जय दुर्गा जागरण मंडली के तत्वावधान में हिमाचल की प्रसिद्ध गायक सीता ठाकुर ने कई प्रस्तुतियां देकर मौजूद श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। सीता ठाकुर ने लाल चुनरी की छांव मेरी मैय्या, मेरी मैय्या का भक्तों को आशीर्वाद जबकि गायक सुनील शहजादा ने मां मेरी शेरावाली अब आजा व भगत बलवीर सिंह बबलू ने तारा रानी कथा कर जागरण संपूर्ण करने की भूमिका निभाई। मां भगवती जागरण के आयोजकों में डॉ. जगदीश बालाजी, नीलम, हर्ष ने बताया कि इस दौरान माता रानी की झांकियां भी निकाली गईं। इसमें श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया है। इस मौके पर एंकर नरेश सिंघा, राजन सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि को गगरेट में किया नमन

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा में सामाजिक जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों से जुड़ी दिव्यांशी शिक्षा सोसायटी महर्षि वाल्मीकि जी की जंयती मनाई। इस दौरान सदस्यों आशीष, दीपक, राजेंद्र, संजीव, मुकेश ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव को ही वाल्मीकि जयंती के रूप में मनाया जाता है। उधर, शहीद भगत सिंह कलव गगरेट के सदस्यों ने गगरेट में महर्षि वाल्मीकि की जंयती मनाई ओर



मिठाई बांटी। क्लब सदस्य उपप्रधान रजिंद्र बंसल, लखवीर बंसल, दीपक,सतीश कुमार, रणबीर राणा, शम्मी सिंह, मनजीत सिंह और बच्चों ने जयंती मनाई।

## कड़ी मेहनत करके मिलती है सफलता : डॉ. शर्मा



**विवेक शर्मा, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्वार में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुमार शर्मा व उनकी पत्नी डॉ. देवकला विशेष अतिथि के रूप में पधारे। विद्यालय पधारने पर सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश पटियाल ने आए हुए विशेष अतिथियों का अभिनंदन किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय में बिताए अपने पुराने विद्यालय काल के अनुभवों को विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के साथ साझा किया।

## चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा का स्वागत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए चार प्रतिशत मंहगाई भत्ते की अदायगी की घोषणा का हिमाचल प्रदेश पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने स्वागत किया है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दिवाली से पहले कर्मचारियों को वेतन व महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की घोषणा करके कर्मचारियों का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि महासंघ इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करता है। सतीश चौधरी ने कहा कि प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के साथ सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कर्मचारी अहम भूमिका निभाते हैं। दिवाली सभी धर्मों के लोगों का सबसे बड़ा त्योहार है। इस त्योहार से पहले जिस प्रकार प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को वेतन व मंहगाई भत्ते की किस्त जारी करने का ऐलान किया है उससे हर कर्मचारी के घर में दिवाली से पहले ही खुशियां छा गई हैं।

### ऊना में राज्य स्तरीय पुरुष वर्ग की अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के आज हुए अहम मुकाबले

# हैंडबाल प्रतियोगिता का खिताब ऊना के नाम

**राजेश शर्मा, ऊना**



ऊना की फुटबॉल टीम ने अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में फाइनल में स्थान पाया है।

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना में चल रही चार दिवसीय राज्य स्तरीय पुरुष वर्ग की अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को प्रदेश की टीमों के मध्य विभिन्न प्रकार की स्पर्धाओं के मुकाबले हुए। इनमें हैंडबाल, हॉकी, बास्केटबाल तथा फुटबाल शामिल हैं।

जानकारी देते हुए जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल, खेलकूद प्रतियोगिता आयोजक प्रिंसिपल सुरेंद्र कौंडल एवं सेकेंडरी एडीपीओ जगजीत सिंह ने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला जिला सोलन की टीम एवं जिला ऊना की टीम के बीच खेला गया।

इस सेमीफाइनल मुकाबले में सोलन की टीम ने 1-0 स्कोर के अंतर से ऊना की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरा हॉकी का सेमीफाइनल मुकाबला जिला सिरमौर की टीम तथा जिला हमीरपुर की टीम के मध्य हुआ, जिसमें सिरमौर जिला की टीम ने शानदार पारी खेलते हुए 4-0 के अंतर से हमीरपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब हॉकी का फाइनल सिरमौर एवं सोलन के बीच खेला जाएगा। फुटबाल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जिला ऊना एवं जिला सिरमौर की टीमें आपस में भिड़ीं। इस सेमीफाइनल मुकाबले में ऊना जिला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-1 स्कोर के अंतर से सिरमौर की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

वहीं, फुटबाल का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कांगड़ा एवं सोलन जिला की टीम के बीच हुआ। इसमें सोलन की टीम ने 2-1 स्कोर के अंतर से कांगड़ा जिला की टीम को पराजित कर फाइनल में स्थान पाया। अब फुटबाल के फाइनल मुकाबले में जिला ऊना तथा जिला सोलन की टीमें आपस में भिड़ेंगी।

हैंडबॉल प्रतियोगिता के समन्यव्यक भीषमपाल एवं कोच मुनीश राणा ने बताया कि हैंडबाल का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिलासपुर एवं सिरमौर जिला की टीम के मध्य खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम ने शानदार पारी खेलते हुए 14-1 स्कोर के अंतर से सिरमौर जिले की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश पाया। हैंडबाल के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जिला ऊना की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 18-12 के अंतर से कांगड़ा की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। हैंडबाल प्रतियोगिता का खिताब ऊना की टीम के नाम रहा। ऊना ने फाइनल में बिलासपुर की टीम को 27-22 के अंतर से पराजित किया।

बास्केटबाल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कांगड़ा जिला की टीम ने 68-61 के अंतर से हमीरपुर जिला की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश पाया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मंडी जिला की टीम ने 73-55 के अंतर से ऊना जिले की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब बास्केटबाल का फाइनल मुकाबला मंडी जिला एवं कांगड़ा जिला के मध्य खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# राज्य स्तर पर जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थी

### देहलां में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव का समापन

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान देहलां में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से लगभग 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय कला उत्सव के आयोजन में जिला उपनिदेशक (उच्चतर) एवं जिला परियोजना अधिकारी राजेंद्र कौशल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों द्वारा संगीत (गायन, वादन), नृत्य, थिएटर, दृश्य कला तथा पारंपरिक कहानी वाचन जैसी स्पर्धाओं में बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संगीत गायन में प्रथम वंश (कुठारकलां), नितिन द्वितीय (धुंदला) एवं निशा (अंब) तृतीय स्थान पर रहे। संगीत वादन में इशांत (रपोह मिसरा) प्रथम, सक्षम (बसाल) द्वितीय एवं पूजा (धर्मपुर) तृतीय रहे। नृत्य (एकल) में कोमल ठाकुर (टक्का) प्रथम, जानवी (टकारला) द्वितीय रही। दृश्य कला में नेहा (त्यूडी), समीक्षा (जटेहरी) और आदित्य (अंब) तृतीय रहा। जिला परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

डाइट प्रधानाचार्य राजेश अरोड़ा ने जिला भर से विद्यार्थियों के साथ आए सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया। जिन प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वह राज्य स्तर पर जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर समस्त डाइट स्टाफ उपस्थित रहा ।



मुख्य अतिथि के साथ प्रतिभागी।

## कोटला कलां के पुनीत सैनी रणजी ट्रॉफी टीम में साइड आर्म थ्रोअर नियुक्त



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के कोटला कलां के पुनीत सैनी को बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के स्टाफ में नियुक्ति किया है। पुनीत को मिले संदेश में बीसीसीआई ने उनकी मेहनत और लग्न को देखते हुए रणजी टीम के लिए बतौर साइड आराम थ्रोअर नियुक्त किया है। पुनीत ने कहा कि वह लगातार 15 वर्षों तक जिला स्तर से लेकर हिमाचल क्रिकेट टीम में बतौर तेज गेंदबाज खेलते रहे हैं और पिछले पांच वर्षों से लगातार जूनियर क्रिकेट टीम के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पुनीत ने अपनी नियुक्ति के लिए बीसीसीआई पदाधिकारियों का धन्यवाद किया है। पुनीत के पिता सतपाल सैनी और माता संतोष सैनी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनका बेटा क्रिकेट की ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुनीत इससे भी आगे बढ़कर क्रिकेट में अपना योगदान देता रहेगा।

# कामगार कल्याण बोर्ड ने लाभार्थियों को किया लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बांटे उपहार।

हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर के द्वारा जोगीपंगा में प्रदेश सरकार की नीतियों का प्रचार किया। उन्होंने बताया कि पंजीकृत कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के लिए विवाह सहायता राशि 2 बच्चों तक एक लाख रुपए बोर्ड प्रदान करता है। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान यह जानकारी साझा की। यह शिविर ऊना जिले की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत जोगीपंगा में आयोजित किया गया।

कंवर ने बताया कि पंजीकृत कामगारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी सरकार द्वारा समुचित वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस दौरान कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा उन्होंने सभी श्रमिकों को श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाने का आह्वान किया।

श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत मजदूरों को जोगीपंगा में आयोजित शिविर में मजदूरों को 150 इंडक्शन चूल्हे और 8 वॉशिंग मशीनें प्रदान की गईं। वहीं, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश का विकास राज्य के गरीब लोगों के उत्थान से होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब लोगों के कल्याणार्थ संचालित की गई अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से अमलीजामा पहना रही है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का संपूर्ण विकास उनका ध्येय है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास कार्यों को नए आयाम दिए जा रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि साढ़े चार माह के कार्यकाल में हमने एक करोड़ से ज्यादा की धनराशि पंचायतों के विकास कार्यों पर खर्च की है और हमारी प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति पर खड़े उस परिवार तक राज्य सरकार की विकासात्मक योजनाओं को पहुंचाकर लाभ देना है।

**ये रहे उपस्थित :** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मदन मोहन सैनी, ब्लॉक महिला युवा अध्यक्ष कंचन, श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा अनेक पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आर्य स्कूल बंगाणा में थ्रो बॉल टीम का ट्रायल

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**




थ्रो बॉल हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से किया जा रहा ट्रायल का आयोजन।

आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में जिला स्तरीय थ्रो बॉल हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से जिला स्तरीय हिमाचल टीम का ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा और कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा समन्वयक प्रदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस थ्रो बॉल ट्रायल में जिला के 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बंगाणा तहसीलदार अमित शर्मा ने प्रदेश थ्रो बॉल चेरिटेबल ट्रस्ट के महासचिव जोगेंद्र देव आर्य की तारीफ की। अमित शर्मा ने कहा कि युवाओं को खेल प्रतिभा से जोड़कर नशे से दूर रखना ओर पढ़ाई के साथ खेलों में अपनी प्रतिभागिता देना अच्छा निर्णय है, क्योंकि खेलों से मानसिकता दूर होकर बच्चे एकाग्रता से पढ़ाई और जीवन को सार्थक बना सकते हैं। अमित शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता जरूरी है, ताकि युवा नशे से दूर रहकर जीवन को सार्थक बना सकें।

जोगेंद्र देव आर्य ने जहां मुख्यातिथि तहसीलदार अमित शर्मा का कार्यक्रम में पहुंचने पर भव्य स्वागत और आभार प्रकट किया, वहीं आर्य ने बताया कि हिमाचल के 12 जिलों के जिला स्तरीय थ्रो बॉल का ट्रायल चला हुआ है और हर जिले से एक थ्रो बॉल की टीम निर्धारित होगी। हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगता होगी और उसके बाद हिमाचल प्रदेश की एक थ्रो बॉल की टीम चयनित होगी, जो मध्य प्रदेश के इंदौरा में आठ से ग्यारह दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगता में हिस्सा लेगी।

हिमाचल में थ्रो बॉल हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम से रजिस्ट्रेशन हो चुकी है और राज्य सरकार से मान्यता मिल चुकी है। आर्य ने कहा कि राज्य के मुख्यमत्री सुक्खू द्वारा विधिवत थ्रो बॉल खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आश्वासन दिया है। इस मौके पर थ्रो बॉल हिमाचल के अध्यक्ष अमन शर्मा, महासचिब जोगेंद्र देव आर्य, अक्षय शर्मा, राकेश राणा नरेश कुमार, जिला उन्ना की सचिव इंदूवाला प्रवीण कुमार, सुमित अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### थ्रो बॉल खिलाड़ियों को भी मिलेगा बराबर का सम्मान : सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिस प्रकार अन्य खेलों के खिलाड़ियों को राज्य सरकार की तरफ से मान-सम्मान मिलता है। अब उसी प्रकार थ्रो बॉल खिलाड़ियों को भी पूरा मान सम्मान मिलेगा और बहुत जल्द थ्रो बॉल प्रतियोगता को राज्य स्तर का दर्जा दिया जा रहा है। सीएम सुक्खू ने जोगेंद्र देव आर्य को बधाई देते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दूर रखने के लिए जो प्रयास किए जा रहे है, यह सच में सराहनीय हैं।

## नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दड़ूही गांव के एक युवक की मई माह में नशीले पदार्थ के सेवन से मृत्यु हो गई थी। मृतक के भाई ने पुलिस थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके भाई की मृत्यु नशीले पदार्थों के सेवन से हुई है और यह नशीले पदार्थ एक व्यक्ति निवासी दड़ूही व दूसरा व्यक्ति निवासी गांव खतवीं डाखा धनेड़ तहसील द्वारा उसके भाई को उपलब्ध करवाए गए थे। शिकायत के आधार पर थाना सदर हमीरपुर की एक टीम के द्वारा उक्त दोनों व्यक्तियों का चिकित्सा परीक्षण जून माह में करवाया गया था तथा उनके पेशाब व खून के नमूनों को प्रिजर्व करवाकर रासायनिक परीक्षण हेतु फॉरेंसिक लैब मंडी को भेजा गया था। अब आरएफएसएल मंडी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि उपरोक्त दोनों व्यक्तियों ने भी नशीली दवाओं का सेवन किया हुआ था। थाना प्रभारी ललित महंत ने बताया कि पुलिस थाना हमीरपुर में नशीले पदार्थ के बेचने और सेवन करने वाले दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बागवानी विभाग ने सीखे आग बुझाने के गुर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बागवानी विभाग के स्टाफ ऊना ने समर्थ कार्यक्रम के तहत आग से लड़ने के गुर सीखे। अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल में फायरमैन मुकेश कुमार व चंद्रमोहन टीम ने बागवानी विभाग में आग को लेकर स्टाफ को जागरूक किया गया। आग व आपदा के समय आगे आकर अपना बचाव करते हुए अनमोल जानों को बचाने में भूमिका निभाने के टिप्स दिए । जागरूकता मुहिम में फायरमैन मुकेश कुमार ने कहा कि मानवीय सेवा के लिय हम सब को हर वक्त तैयार रहना चाहिए । उन्होंने आग के प्रकार व प्रयोग होने वाले अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने के तरीके बताए । बताया गया की आग की घटना घटित होने पर टोल फ्री नंबर 101 डायल करें। इस मौके पर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. केके भारद्वाज समेत स्टाफ उपस्थित रहा ।

**राहत** दविंद्र कुमार भुट्टो ने केंद्र सरकार का जताया आभार, बोले-

# कुटलैहड़ को नाबार्ड के तहत मिले 67,58 करोड़

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विस क्षेत्र को नाबार्ड के तहत पैसा मिलने पर खुशी व्यक्त करते भुट्टो।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बीते डेढ़ वर्ष पूर्व मैंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की कुछ सड़कों और जल शक्ति विभाग की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार को धन मुहैया करवाने की डीपीआर बनाकर भेजी थी और आज उसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

भुट्टो ने कहा कि बंगाणा के खरुनी से राजपुरा बाया चपलाह सड़क के निर्माण के लिए हमें धनराशि स्वीकृत हुई है। आजादी के बाद चपलाह, खेरिया, राजपुरा को पहली बार सड़क सुविधा मिलेगी और बंगाणा का सीधा संपर्क तलमेहड़ा से होगा। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ के झबर से बॉल सड़क के निर्माण के लिए 10.20 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस सड़क के निर्माण होने से आधा दर्जन गांवों को सीधी सड़क सुविधा मिलेगी। मैंने विधायक कार्यकाल के समय विधायक इच्छुक निधि जो नाबार्ड के तहत मिलती है, उसमें से 15 करोड़ की धनराशि तर्कवाल से डोहगी तक पानी की योजना के लिए स्वीकृत किया था और आज केंद्र सरकार ने उसकी भी स्वीकृति देकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र के मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड में पानी की समस्या को दूर करने का काम किया हैं। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ के सोलहसिंगी धार की जनता की मांग पर भयांबी से बड़सर तक सड़क के सौंदर्य और चौड़ाई करने पर नाबार्ड के तहत 37 करोड़ की धनराशि केंद्र सरकार से मांगी थी और उसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क राज्य मार्ग, लोनिवि मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र को वर्तमान में 67.58 करोड़ सड़क निर्माण एवं जल शक्ति विभाग की योजना के लिए धन स्वीकृत हुआ है। इस मौके पर मनोहर लाल शर्मा, सुशील कालिया, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, जिला भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव सुषमा ठाकुर, संतोष सैनी, जिला पार्षद सदस्य निशा भुल्लर मौजूद रहे।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ के बहुचर्चित लठियानी मंदली पुल जो हर बार राजनीति की भेंट चढ़ता आया है, लेकिन केंद्र सरकार और खास कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जगत प्रकाश नड्डा और अनुराग सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों से 970 करोड़ से बनने वाले लठियानी मंदली पुल को बनाने की कवायत शुरू हो चुकी है। भुट्टो ने कहा कि लठियानी मंदली पुल पर कांग्रेस ने केवल राजनीति की है, लेकिन जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी और हमीरपुर लोकसभा के भाजपा सांसद केंद्र में मंत्री बने तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और संसद अनुराग ठाकुर के अथक प्रयासों से 970 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई।







अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान रथ मैदान में सजे मंच पर दिन के समय आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते लोग (दाएं) कुल्लू दशहरे में विदेशी राजदूतों के दल का भुंतर एयरपोर्ट में कुल्लवी परंपरानुसार स्वागत करते हुए। पांचवें दिन भगवान रघुनाथ के दरबार में हाजिरी लगाते हुए देवता।

# कार्तिक स्वामी ने दी आगामी समय में आपदा की चेतावनी

## भगवान शिव के अस्थायी शिविर में हुआ पूरे परिवार का मिलन, संकट मिटाने के लिए हुआ मंथन, हजारों श्रद्धालु देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए पहुंच रहे शिविरों में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में रोजाना हजारों लोग भाग ले रहे हैं। खरीददारी के साथ ही लोग उत्सव में अस्थायी शिविरों में विराजमान सैकड़ों देवी-देवता के दर्शन करना नहीं भूल रहे। रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए यहां पहुंच रहे हैं। वीरवार को उत्सव के पांचवे दिन लोगों को एक साथ शिव भगवान के पूरे परिवार के दर्शन हुए। सनद रहे कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भगवान शिव का पूरा परिवार हर साल की तरह इस बार भी पहुंचा है।

एक ओर खराहल घाटी से बिजली महादेव, वहीं मणिकर्ण घाटी से माता पार्वती यहां विराजमान हैं। इसके अलावा उझी घाटी से भगवान गणपति व मनाली के सिमसा से कार्तिक स्वामी मैदान में अपने-अपने शिविर में विराजमान हैं। वीरवार को भगवान शिव के अस्थायी शिविर में पूरे परिवार का मिलन हुआ। इस दौरान देवता कार्तिक स्वामी ने अपने गुर के माध्यम से आगामी समय में आपदा की चेतावनी दी और कहा कि लोग भी इस बात पर ध्यान दें।

उसके बाद शिव परिवार आपदा से निपटने के लिए मंथन में जुट गए। भगवान बिजली महादेव का मंदिर खराहल घाटी में स्थित हैं, जबकि माता पार्वती का मंदिर मणिकर्ण घाटी के चौंग गांव में। वहीं, भगवान गणपति उझी घाटी के घुड़दौड़ गांव और कार्तिक भगवान मनाली के सिमसा गांव में विराजमान रहते हैं। इन देवताओं के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को अलग-अलग इलाकों का रुख करना पड़ता है, लेकिन दशहरा उत्सव में 7 दिनों तक भगवान बिजली महादेव, माता पार्वती, भगवान गणेश एक जगह पर श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। श्रद्धालुओं को दशहरा उत्सव में ही शिव भगवान के पूरे परिवार के दर्शन एक साथ होते हैं और जब उत्सव के समापन पर यह परिवार अपने-अपने क्षेत्र को रवाना होने लगते हैं, तो इस परिवार के विरह का पल सभी को भाव-विभोर कर देता है।



भगवान शिव का अस्थायी शिविर।

### छह देशों के राजदूतों के पहली बार शामिल होने से बढ़ेगी समारोह की महत्ता

**कुल्लू।** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के अवसर पर कुल्लू में 'एंबेसडर मीट' आयोजित करने की राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के इतिहास में यह पहली बार है कि छह देशों के राजदूत इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। इनमें इंडोनेशिया, उज्बेकिस्तान, म्यांमार, रूस, अमरीका और किर्गिस्तान के राजदूत शामिल हैं। इस आयोजन से कुल्लू दशहरा को नए आयाम मिलेंगे और विश्वभर में इसकी ख्याति और बढ़ेगी। इस आयोजन से हिमाचल प्रदेश के रीति-रिवाजों और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर लोगों को और अधिक जानने व समझने का अवसर प्राप्त होगा। थाइलैंड और उज्बेकिस्तान के कारीगरों को भी प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा उत्सव के धार्मिक और सांस्कृतिक समागम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे उत्सव के बहुआयामी पहलुओं से सभी को रू-ब-रू होने का मौका मिलेगा। कुल्लू दशहरे का इतिहास 17वीं शताब्दी से भी पूर्व का है। इसमें कुल्लू घाटी के मुख्य देवता भगवान श्री रघुनाथ जी का रथ विजय दशमी के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं द्वारा सुल्तानपुर के ऐतिहासिक मंदिर से बाहर निकाला जाता है। इस भव्य आयोजन में 332 स्थानीय देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया है। विभिन्न देशों के राजदूत निश्चित रूप से इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की सुनहरी यादें अपने साथ ले जाएंगे और 'पहाड़ी' व्यंजनों का आनंद लेने के अलावा हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों की मनमोहक झलक भी देखेंगे।



### वॉकथॉन को लेकर दिखा काफी उत्साह

**कुल्लू।** कुल्लू में आयोजित हो रहे दशहरा उत्सव के साथ ही कुल्लू में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को वॉकथान का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वॉकथान लोट से काईसधार और काईसधार से दरपोइण तक करीब सात किलोमीटर तक हुई। प्रतिभागियों में इसको लेकर काफी अधिक उत्साह देखने को मिला। ईको टूरिज्म काईसधार के उपाध्यक्ष सुखराम ने कहा कि आईटी एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वॉकथान का शुभारंभ किया। काईसधार क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन इस क्षेत्र को आने वाले समय में शुद्ध रूप से ईको पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिलेगी। ईको ट्रेल पहले ही यहां पर पर्यटकों की पसंद बनी हुई है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



रथ मैदान में आयोजित खेल उत्सव में वॉलीबाल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

### रावण का खात्मा करने के लिए प्रकट होगी शक्ति

**कुल्लू।** देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन शुक्रवार को मोहल्ला के दिन देवी-देवता भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में देवरथों के माध्यम से अपनी-अपनी हाजिरी देंगे। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में इस बार भाग लेने वाले सभी देवी-देवताओं की भगवान रघुनाथ जी के रजिस्टर में एंट्री होगी। हर साल उत्सव के छठे दिन देवी-देवताओं का रघुनाथ जी के दरबार में महामिलन होता है, जिसे मोहल्ला कहते हैं। मोहल्ला के दिन सभी देवी-देवताओं का महामिलन होगा और रघुनाथ के दरबार में शक्ति का आह्वान होगा। हर साल की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव में इस शक्ति आह्वान को विधिवत रूप से किया जाएगा। देवी हिडिंबा माता के फूलों का गुच्छा जिसे शेश कहा जाता है, उसके मिलने पर ही मोहल्ला पर्व शुरू होगा। मोहल्ला पर्व में देवी-देवता रघुनाथ जी के रथ पर हाजिरी भरेगें और रघुनाथ के पुजारी रथ पर बैठकर बाकायदा देवताओं के नाम रजिस्टर में दर्ज करेगें, जिसमें सबसे पहले हिडिंबा देवी का नाम दर्ज होगा। बहरहाल, छठे दिन कुल्लू के समस्त देवी-देवता रावण का सफाया करने के लिए मोहल्ला में एकत्र होंगे और शक्ति का आह्वान कर सातवें दिन लंका पर चढ़ाई करेंगे।

# श्रद्धा के गानों पर खूब झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या स्टार कलाकार श्रद्धा पंडित के नाम रही। वहीं, स्थानीय कलाकारों ने भी खूब धमाल मचाया।

इस संध्या में बतौर स्टार कलाकार के रूप में पार्श्व गायिका श्रद्धा पंडित ने एक से बढ़कर एक फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को खूब झुमाया। उन्होंने मंच पर आते ही सबसे पहले कमर मटकाए, तो लाखों गिर जाए गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद ससुराल गैंदा फूल सहित फिल्मी गीतों की एक झड़ी लगाकर दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं, इस सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकार तारा शर्मा ने हिमाचली गीत पर नृत्य किया, जबकि निशा जंबाल ने मेरे ढोलना फिल्मी गीत पर नृत्य किया। उसके बाद लोक गायक बीएस भारद्वाज ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी। इसके बाद लोक गायिका नीरू चंदनी ने लाहौली लोकगीत पेश किए। इस दौरान कुल्लवी नाटी, होम गार्ड बैंड की प्रस्तुति हुई। वहीं, कनिका ने डांस पेश किया, जबकि सुरेश कुमार ने गीत गाए। कृतिका और मन्नत ने भी डांस पेश किया। इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि तकनीकी शिक्षा एवं उद्योग मंत्री राजेश धर्माणी शामिल हुए।







# परंपरागत तरीके से निकली भगवान नरसिंह की भव्य जलेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में पांच दिनों तक निकलने वाली भगवान नरसिंह की शाही जलेब चौथे दिन भी परंपरागत तरीके से निकली।

जलेब में आउटर सिराज के देवी-देवताओं ने लाव-लश्कर के साथ जलेब की शोभा बढ़ाई। भगवान नरसिंह की जलेब शाम साढ़े चार बजे भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर से शुरू हुई। इस परंपरागत जलेब में पालकी पर सवार भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के दोनों और देवी-देवता ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए राजा की चनणी से आगे बढ़े और क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से होते हुए कॉलेज गेट, फूड कोर्ट, रथ मैदान से ढालपुर और वहां पर माता हिडिंबा के अस्थायी शिविर से होते हुए वापस ढालपुर मैदान स्थित राजा की चनणी पहुंची। ढोल-नगाड़ों और शहनाई की मधुर स्वरलहरियों के बीच ढालपुर की परिक्रमा कर जलेब चनणी पहुंची।

इस दौरान भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह देव परंपरा का निर्वहन करते हुए पालकी में सवार रहे। जलेब में आउटर सिराज के चोतरु नाग, खुड़ीजल, कोटबजारी, शेषनाग, टकरासी नाग ने भगवान नरसिंह की जलेब में लाव-लश्कर के साथ भाग लिया। दशहरा उत्सव के दूसरे दिन से शुरू हुई भगवान नरसिंह की जलेब उत्सव के छठे दिन तक निकलेगी और जलेब में आगे चलने वाली घोड़ी और पीछे भगवान नरसिंह की पालकी सहित सोने-चांदी व अन्य आभूषणों से सुसज्जित देवरथ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में पहुंचे सैंज घाटी के देवता के अस्थायी शिविर में आशीर्वाद लेने पहुंची जिला परिषद सदस्य विभा सिंह।

# 3 वर्ष तक शिविर में नहीं आने वाले देवता का उस पर नहीं रहेगा अधिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देवसदन कुल्लू के सभागार में देवी-देवता कारदार संघ कुल्लू का जनरल हाउस जिला अध्यक्ष दोत राम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

संघ के जिला महासचिव टीसी मंहत ने बताया कि कारदार संघ का लेखा-जोखा रखा और उसके बाद समाज से जुड़े छह एजेंडो पर चर्चा की गई। जनरल हाउस में उपस्थित सैकड़ों देवी-देवताओं के कारदारों ने कुल्लू दशहरा के इतिहास में पहली बार देवी-देवताओं को समर्पित किए गए आधुनिक टेंट के लिए दशहरा कमेटी कुल्लू के अध्यक्ष एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर का देव समाज कुल्लू की ओर से आभार प्रस्ताव पारित किया। इसके पश्चात कुल्लू दशहरा में देवभूमि कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्रों से देव संस्कृति की प्राचीनतम देव परम का निर्वहन करने पहुंचे सैकड़ों देवी-देवताओं के नजराने में 20 फीसदी की बढ़ोतरी का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान 95 फीसदी कारदारों ने अगले वर्ष से दशहरा के दौरान आधुनिक टेंटो में देवी-देवताओं को विराजमान करने पर सहमति जताई। दोत राम ने बताया कि 1983 से अस्तित्व में आए देव समाज के प्रमुख संगठन देवी-देवता कारदार संघ जिला कुल्लू का अपना आपदा राहत कोष स्थापित करने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कुल्लू दशहरा में आने वाले हर देवी-देवता अपने नजराने से 500 रुपए प्रति देवी-देवता जिला कारदार संघ कुल्लू के राहत कोष में प्रतिवर्ष दशहरे के नजराने से देते रहेंगे।



देवी-देवता कारदार संघ कुल्लू के जनरल हाउस को संबोधित करते दोत राम ठाकुर।

जनरल हाउस में नजराना राशि आवंटन में उत्पन्न हो रही विसंगति को दूर करने के लिए वरिष्ठता का आधार तय करने पर प्रस्ताव पारित किया गया। जनरल हाउस में उपस्थित कारदारों ने दशहरा समिति की ओर से दिए गए आधुनिक टेंट का साइज बढ़ाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर कुछ कारदारों ने देव शिविरों के स्थलों को समतल करने कुछ ने पानी के अतिरिक्त नलके लगाने कुछ ने देव शिवरों से छेड़छाड़ न करने आदि के सुझाव रखे। लंबे अंतराल के बाद निमंत्रण पर दशहरे में शामिल होने वाले देवी-देवताओं के कारण दशहरे में लगातार आने वाले देवी-देवताओं के देव शिविरों में उथल-पुथल न करने बारे प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि जो देवी-देवता 3 वर्ष तक लगातार अपने देव शिविर में नहीं पहुंचेंगे, उन देवी-देवताओं का उस देव शिविर पर अधिकार नहीं रहेगा।

### कारदार संघ पांच लाख की आपदा राहत राशि देगा

**दोत** राम ने स्पष्ट किया कि दशहरे में बिना निमंत्रण के आने वाले देवी-देवताओं बारे 2023 के दशहरे में आयोजित जनरल हाउस प्रस्ताव पारित कर चुका है तथा भविष्य में कोई खंड प्रधान अपने खंडों में नए देवी-देवताओं को पंजीकृत नहीं करेगा। जनरल हाउस में निर्णय लिया कि जल्द कारदारों की पात्रता जांच की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। वहीं, बैठक में यह भी निर्णय लिया कि जिला कारदार संघ दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर सीएम राहत कोष पांच लाख की आपदा राहत राशि देगा। इसमें 13 खंड इकाइयों में पंजीकृत 200 कारदारों ने भाग लिया।

# मानव जीवन का लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति : महात्मा

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के लुहरी में विशाल निरंकारी संत द्वारा समागम का आयोजन किया गया। दिल्ली से आए केंद्रीय ज्ञानप्रचारक महात्मा इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य है मोक्ष की प्राप्ति।

यह जीवन रहते ही हासिल किया जा सकता है। संतों ने युगों से मानव को जगाने का प्रयास किया कि 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि को कहा गया है क्योंकि इसमें ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। जीवन मुक्ति का आनंद जीवन रहते ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए परमात्मा को ढूंढने की जरूरत नहीं, बल्कि परमात्मा के जानकार सद्गुरु की आवश्यकता रहती है। परमात्मा तो अनंत काल से एक रस सर्व व्यापक हैं। इसको देखने की निगाह सद्गुरु देते हैं, जो निगाह ठाकुर राम कृष्ण परमहंस ने नरेंद्र नाथ दत्त को दी और स्वंय भी वहीं निगाह संत तोता पुरी से हासिल की थी। इस संत समागम में बागीपुल च्वाई लुहरी कोट निथर घोरला कुमारसैन और रामपुर बुशहर के सैकड़ों संतों ने भाग लिया।



आनी के लुहरी में निरंकारी संत समागम में भाग लेते लोग।

# शंकर ने 50 हजार रुपए से भरा बैग लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

शिमला जिले के शगिन गांव के निवासी शंकर लाल भारद्वाज को नग्गर के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के पास एक बैग मिला। बैग में 50 हजार रुपए और निकॉन कंपनी का चार्जर था। शंकर लाल भारद्वाज ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ मंदिर गए थे, जहां उन्हें यह बैग मिला।

उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन बैग का कोई मालिक नहीं मिला। उसके उपरांत उन्होंने बैग पतलीकूहल थाना में जमा करवा दिया। बहरहाल, शंकर लाल भारद्वाज ने पचास हजार रुपए पुलिस को सौंपकर ईमानदारी का परिचय दिया। वहीं, पतलीकूहल थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति ने बैग पुलिस को सौंप दिया है और जांच करने के बाद यह बैग उसके मालिक गोपाल कृष्ण पलचान मनाली वासी को लौटा दिया गया है। गोपाल कृष्ण ने शंकर लाल भारद्वाज का धन्यवाद किया और आभार जताया।



# विदेशों में अवैध तरीके से नौकरी दिलवाना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार सऊदी अरब में अवैध तरीके से नौकरी दिलवाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने राज्य के पांच युवाओं रोजगार के लिए भेजने के दौरान प्रवासन अधिनियम, 1983 का उल्लंघन किया है। प्रदेश सरकार ने बिना आवश्यक कानूनी अनुमतियों के इन पांच युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने की प्रक्रिया को पूरा किया है, जो न केवल कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है, बल्कि इससे उन युवाओं की सुरक्षा और अधिकारों पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। यह बात उन्होंने मनाली में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही विदेशों में भारतीय श्रमिकों के लिए असुरक्षा और अनिश्चितता की स्थिति पैदा कर सकती है। इस मुद्दे की गहन जांच करने की मांग उठाई और दोषी अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।



## स्पोर्ट्स विंडो

### दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल और डब्ल्यूपीएल टीमों के क्रिकेट संचालन का होगा रोटेशन

**नई दिल्ली।** आईपीएल और डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष और महिला टीमों के मालिकों जीएमआर समूह और जेएसडब्ल्यू समूह के बीच दो साल की रोटेशन नीति लागू की जाएगी। जीएमआर समूह आईपीएल में अगले दो साल तक दिल्ली कैपिटल्स का संचालन करेगा जबकि जेएसडब्ल्यू महिला प्रीमियर लीग में यह भूमिका निभाएगा। इसके बाद 2027 में जेएसडब्ल्यू पुरुष टीम का प्रबंधन देखेगा। टीम के मालिकों ने यहां जारी विज्ञप्ति में यह घोषणा की। विज्ञप्ति में कहा गया,''टीम के व्यावसायिक संचालन का जिम्मा दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन टीम पर होगा। नीलामी, कप्तानी, खिलाड़ी को रिलीज करना या रिटेंशन जैसे फैसले दिल्ली कैपिटल्स बोर्ड लेगा जो दोनों समूहों के सीनियर नेतृत्व की सहमति से होंगे।'' जीएमआर समूह दिल्ली कैपिटल्स के संस्थापक में से है जबकि जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ 2018 में 50-50 साझेदारी की गई जब टीम का नाम दिल्ली कैपिटल्स रखा गया।

### सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच का पद छोड़ेंगे डेल स्टेन

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पुष्टि की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं होंगे। वह एसए 20 लीग में सनराइजर्स की दूसरी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ बने रहेंगे जिसने पहले दोनों सत्र में खिताब जीता है। स्टेन ने एक्स पर लिखा,''क्रिकेट से जुड़ी एक घोषणा। सनराइजर्स हैदराबाद को धन्यवाद जिसके साथ मैं आईपीएल में गेंदबाजी कोच रहा। दुर्भाग्य की बात है कि अब मैं आईपीएल 2025 के लिये नहीं लौटूंगा।'' उन्होंने लिखा,''लेकिन मैं सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ एसए20 में बना रहूंगा । हमारी कोशिश लगातार तीसरा खिताब जीतने की रहेगी।'' स्टेनपिछले साल सनराइजर्स के साथ नहीं थे। सनराइजर्स ने 2016 में खिताब जीता और 2018 फाइनल खेला था। न्यूजीलैंड के पूर्व गेंदबाज जेम्स फ्रेंकलिन उनकी जगह लेंगे।



### वेणुगोपाल राव को दिल्ली कैपिटल्स का क्रिकेट निदेशक किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने वीरवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की, जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। वर्ष 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। दिल्ली कैपिटल्स के अध्यक्ष और सह मालिक किरण कुमार ग्रांधी ने राव और बदानी का टीम में स्वागत किया।



### मौनी रॉय ने खूबसूरती से बढ़ाई फैंस की धड़कनें

टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से फैंस की धड़कनों को बढ़ाने वाली मौनी रॉय स्पोर्ट्स एंकरिंग में भी जलवे बिखेर रही हैं। हाल ही में उन्होंने कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देखने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



**भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट** न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन तीन विकेट पर बनाए 180 रन

# भारत को 46 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड की दमदार शुरुआत



शॉट खेलता न्यूजीलैंड का डेवोन कॉन्वे।

**एजेंसी, बेंगलुरु**

तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कॉन्वे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वीरवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बना लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है।

इससे पहले मैट हेनरी (15 रन देकर पांच विकेट) और विलियम ओ राउरकी (22 रन देकर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखियां उधेड़ दीं। एडीलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया के 2020-21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बायें घुटने से जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरूआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम (15 ) के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े । इसके बाद उन्होंने विल यंग (33) के साथ 75 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने भारत को सफलता दिलाई जब लाथम उनकी गेंद पर पगबाधा आउट हुए। कॉन्वे ने अपना अर्द्धशतक 54 गेंद में रविचंद्रन अश्विन को सिर के ऊपर से छक्का लगाकर पूरा किया। इस तरह की पिच पर सौ से अधिक गेंद तक एकाग्रता बनाये रखकर खेलना काबिले तारीफ था। अश्विन की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में वह बोल्ड हो गए।

कॉन्वे की पारी से पहले कीवी गेंदबाजों के नाम दूसरे दिन का खेल रहा। पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश रुकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान समेत भारत का कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया। रोहित आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो 15 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। टिम साउदी की सीम लेती गेंद पर वह चूके और गेंद सीधी स्टम्प पर जा लगी। मैट हेनरी ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को काफी परेशान किया । वहीं तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली नौ गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल पाए।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने ओ राउरकी को गेंद सौंपी और उन्होंने तुरंत कोहली का कीमती विकेट लिया। कोहली ने उछाल लेती गेंद को खेलना चाहा, लेकिन उसकी लैंग्थ पकड़ नहीं पाये और उनके दस्तानों से टकराकर गेंद लेग गली में ग्लेन फिलिप्स के हाथ में गई। शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण अंतिम एकादश में जगह पाने वाले सरफराज खान घरेलू क्रिकेट वाला फॉर्म दोहरा नहीं सके। वह तीसरी ही गेंद पर हेनरी को मिड आफ पर खेलने के प्रयास में डेवोन कोंवे को कैच दे बैठे। इस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था । इस बीच 10.27 से 11.05 बजे के बीच बारिश के कारण खेल फिर रुक गया। खेल बहाल होने पर 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पंत ने पारी का पहला चौका लगाया। उन्हें सात के स्कोर पर ओ राउरकी की गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने जीवनदान दिया था। जायसवाल (13) को ओ राउरकी ने ऐजाज पटेल के हाथों प्वाइंट पर लपकवाया। केएल राहुल (0) इसी गेंदबाज की गेंद पर टिम ब्लंडेल को कैच दे बैठे। रविंद्र जडेजा को हेनरी ने आउट किया। भारत का स्कोर लंच तक छह विकेट पर 34 रन था। लंच के बाद 20 मिनट और 12 रन के भीतर भारत ने चार विकेट गंवाए।

### टेस्ट क्रिकेट में भारत के न्यूनतम स्कोर

| भारत में | विदेश में |
|---|---|
| न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन, **बेंगलुरु 2024** | आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन, **एडीलेड 2020** |
| वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन, **दिल्ली 1987** | इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन, **लॉर्ड्स 1974** |
| दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन, **अहमदाबाद 2008** | आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन, **ब्रिसबेन 1947** |
| न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन, **मोहाली 1999** | इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन, **मैनचेस्टर 1952** |
| न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन, **मुंबई 1965** | दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन, **डरबन 1996** |

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. पटेल ब. राउरकी | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा ब. साउदी | 00 | 09 | 0/0 |
| विराट क. फिलिप्स ब. राउरकी | 00 | 09 | 0/0 |
| सरफराज क. कॉन्वे ब. हेनरी | 00 | 03 | 0/0 |
| पंत क. लैथम ब. हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| राहुल का. ब्लंडेल ब. राउरकी | 00 | 06 | 0/0 |
| जडेजा क. पटेल ब. हेनरी | 00 | 06 | 0/0 |
| अश्विन क. फिलिप्स ब. हेनरी | 00 | 01 | 0/0 |
| कुलदीप क. ब्रासवेल ब. हेनरी | 02 | 17 | 0/0 |
| बुमराह क. हेनरी ब. राउरकी | 01 | 03 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज (नाबाद) | 04 | 16 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (31.2 ओवर)** | **46/10** | | |

**विकेट पतन :** 1-9, 2-9, 3-10, 4-31, 5-33, 6-34, 7-34, 8-39, 9-40, 10-46.
**गेंदबाजी :** साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, राउरकी 12-6-22-4.

| न्यूजीलैंड (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम एलबीडब्ल्यू ब. यादव | 15 | 49 | 3/0 |
| कॉन्वे ब. अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| यंग क. यादव ब. जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रविंद्र (नाबाद) | 22 | 34 | 2/0 |
| मिचल (नाबाद) | 14 | 39 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **180/3** | | |

**विकेट पतन :** 67-1, 2-142, 3-154.
**गेंदबाजी :** बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्विन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1.

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के क्रिकेट निदेशक बने सौरव गांगुली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्ल्यू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने।



गांगुली ने अपनी नयी भूमिका के बारे में यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,''मैं जेएसडब्ल्यू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं।'' जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा,''दादा के जैसी क्रिकेट की समझ बिरलों में होती है और हमें खुशी है कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन का हमें फायदा मिलेगा। अब वह निदेशक के तौर पर जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स में क्रिकेट से जुड़ी हर चीज के प्रमुख होंगे।''

जेएसडब्ल्यू की आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम है।

## अनंतजीत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता कांस्य



विवान कपूर



अनंतजीत सिंह नरूका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप फाइनल्स में अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता, जिससे वीरवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई। विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। नरूका ने छह खिलाड़ियों के फाइनल में 43 स्कोर किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला, जिन्होंने क्रमश: 57 और 56 स्कोर किया। नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## देश के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, मडगांव**

भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था।



वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को शानदार प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट में अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15 और अंडर-13 की स्पर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी।

## खेल मंत्री ने खेल विधेयक के मसौदे पर संबंधित हितधारकों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वीरवार को यहां राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2024 के मसौदे पर हितधारकों के साथ परामर्श बैठक की अध्यक्षता की जिसमें प्रशासन में सुधार, खिलाड़ी कल्याण उपायों और प्रशासन में पारदर्शिता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के प्रतिनिधि और राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठन (एनएसपीओ) मौजूद थे। मांडविया ने कहा, ''मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024 भारत में एक मजबूत और पारदर्शी खेल प्रशासन संरचना बनाने के हमारे मिशन में एक मील का पत्थर है जो ओलंपिक और पैरालंपिक चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। हमारे खेल समुदाय की आकांक्षाओं हमारे खेल को प्रतिबिंबित करने वाली नीतियों को आकार देने के लिए विभिन्न हितधारकों और जनता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।''



## महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देखकर हो रही खुशी : नीतू डेविड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने 'फ्लैशबैक' की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनी। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं ।

डेविड ने कहा,''मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हाफ ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। लोगों के संदेश मिलने के बाद ही मुझे पता चला।'' उन्होंने कहा,''मुझे अपने कैरियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे।''



**डायना एडुल्जी के बाद नीतू यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनी**

भारत के लिए 100 वनडे विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज ने कहा,''जब मैने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधायें नहीं थी। मुझे जिला और प्रदेश स्तर पर अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।'' उन्होंने कहा,''जब मैंने रेलवे के लिए खेलना शुरू किया तो डायना दीदी ने मेरी काफी मदद की। मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ खड़ा था। अब महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर की ओर जाता देख मुझे बहुत खुशी होती है कि मौजूदा क्रिकेटीं को उनका दर्जा मिल रहा है जिसकी वे हकदार हैं।'' डेविड ने कहा,'' बीसीसीआई ने देश में महिला क्रिकेट का चेहरा बदल दिया है।''

**मुकाबला** न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका को हराकर ग्रुप-ए से अंतिम चार में बनाई जगह

**महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल**

## न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

**एजेंसी, शारजाह**

न्यूजीलैंड टीम महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में शुक्रवार को जब आत्मविश्वास से ओतप्रोत वेस्टइंडीज से खेलेगी तो उसका इरादा अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखने का होगा। न्यूजीलैंड ने इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका जैसी टीमों को हराकर ग्रुप-ए से अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट से पहले दस मुकाबले हारी टीम ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया।

सोफी डेवाइन ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया है। इसके अलावा जॉर्जिया प्लिमर और अनुभवी सूजी बेट्स शानदार फॉर्म में हैं, जबकि एमेलिया केर ने निचले क्रम में उपयोगी रन बनाए हैं। केर ने 10 विकेट लेने के साथ 85 रन का योगदान दिया है। रोसमेरी मायर ने भी यूएई की धीमी पिचों पर सात विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ एडेन कारसन ने प्रभावी प्रदर्शन किया और इस स्पिनर से वेस्टइंडीज के खिलाफ भी उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पिछले मैच में हराया था। ग्रुप-बी में शीर्ष पर रही कैरेबियाई टीम ने एक ही मैच गंवाया।



फाइल फोटो

वेस्टइंडीज ने 2018 में अपनी मेजबानी में हुए टूर्नामेंट के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। उसने आखिरी ग्रुप मैच में इंग्लैंड को हराया जिससे वह पिछले 13 मैच हार चुकी थी। हेली मैथ्यूज ने युवा कियाना जोसेफ के साथ 102 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को मैच से बाहर कर दिया। मैथ्यूज टूर्नामेंट में 100 रन पार करने वाली एकमात्र कैरेबियाई बल्लेबाज रहीं। सारा टेलर और डिएंड्रा डोटिन पर भी काफी दारोमदार होगा। स्पिनर एफी फ्लेचर ने आठ और करिश्मा रामहरक ने पांच विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक खेले गए 23 में से 15 मैच जीते, जबकि दो मैच टाई और एक बेनतीजा रहा। इस मैच के विजेता का सामना दुबई में रविवार को होने वाले फाइनल में छह बार की विजेता गत चैंपियन आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।